e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 56
बुधवार
26.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
लम्बी छलांग से कही बेहतर है निरंतर बढ़ते कदम, जो एक दिन आपको मंजिल तक ले जाएगी!

### मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक मामले का कोडरमा पुलिस की जांच में हुआ खुलासा

## लेबर निकला पेपर लीक का मास्टर माइंड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा/गिरिडीह** : जैक 10वीं परीक्षा के दो प्रश्न पत्र लिक के मामले में अब तक की बड़ी कार्रवाई हुई है. कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह से छह लोगों को गिरफ्तार किया है. जिन्हें गिरफ्तार किया गया है उनमें से एक मास्टरमाइंड है. सभी की गिरफ्तारी नगर थाना इलाके के बरगंडा से की गई है.आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोडरमा की पुलिस शहर के शहरी अजीविका केंद्र नगर निगम गिरिडीह पहुंची. गिरफ्तार किए गए सभी 6 लोगों को पुलिस यहां लेकर आयी. इस स्थान पर सदर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी पहुंचे. यहां पर गिरफ्तार सभी लोगों को भवन के अंदर ले जाया गया. बताया जाता है कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों द्वारा ट्रक से पेपर को उतार कर भवन के अंदर रखने के दरमियान ही पेपर की चोरी कर ली थी, जिसे बाद में वायरल किया गया. एसडीपीओ कोडरमा ने कहा कि छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इधर मामले का खुलासा होते ही जिला के अधिकारियों के कान खड़े हो गए. जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद के साथ-साथ डीएसपी नीरज कुमार सिंह, डीएसपी कौशर अली, डीएसपी आबिद खान, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद भी गिरिडीह नगर निगम भवन पहुंचे. इसके साथ ही पूरी छानबीन शुरू की. तब जाकर मामला प्रकाश में आया.

## बिटकॉइन घोटाले में सीबीआई ने देशभर में 60 से ज्यादा ठिकानों पर की छापेमारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बिटकॉइन घोटाले के सिलसिले में देशभर में 60 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की है. ये छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चंडीगढ़, पुणे, कोल्हापुर सहित कई राज्यों में की गई. इस कार्रवाई का उद्देश्य उन लोगों को पकड़ना है, जो बिटकॉइन के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर रहे हैं. सीबीआई ने पाया कि कुछ लोग बिटकॉइन में निवेश पर अधिक लाभ का वादा करके लोगों को फंसा रहे थे.

## महाकुंभ का अंतिम स्नान आज, तैयारियां चाक-चौबंद



**एजेंसी**

**प्रयागराज** : प्रयागराज के डीएम रविंद्र कुमार मांदड ने बताया कि आज महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान है. यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान सुनिश्चित कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. उन्होंने बताया कि श्रद्धालु हवाई मार्ग, रेलवे और निजी वाहन से यहां पहुंच रहे हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश पर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है. यहां पर पार्किंग व्यवस्था को एक्टिव किया गया है. ट्रैफिक डायवर्जन स्कीम लागू रहेगी. ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सभी अधिकारी ड्यूटी पर रहेंगे. महाशिवरात्रि पर संगम तट के अलावा शिव मंदिरों में भी भारी भीड़ रहेगी. श्रद्धालु सकुशल मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सके, इसके लिए पूरी व्यवस्था कर दी गई है.उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा,महाशिवरात्रि पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करने का पूरा इंतजाम किया गया है. उन सभी परिसरों को पूरी तरह स्वच्छ करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां महाशिवरात्रि का पवित्र पर्व बाबा भोलेनाथ के सम्मान में धूमधाम से मनाया जाएगा. प्रदेश के कई क्षेत्रों में शिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात भी निकाली जाएगी. सरकार ने सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं, ताकि हर स्थिति में बेहतर से बेहतर और सुंदर तरीके से महाशिवरात्रि का यह पर्व पूरे प्रदेश में जनता के साथ मिलकर धूमधाम से मनाया जा सके.प्रदेश के दूसरे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा,महाशिवरात्रि और महाकुंभ, दोनों एक-दूसरे के पूरक बन गए हैं. प्रयागराज के रास्ते पर श्रद्धालुओं का महासागर उमड़ रहा है.सरकार की ओर से विशेष ध्यान दिया गया है ताकि आवागमन में किसी को असुविधा न हो, आस्था की डुबकी लगाने में कोई परेशानी न आए, और खासकर बुजुर्गों को घाटों तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो. इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, महाशिवरात्रि के अवसर पर 2025 का यह आखिरी अमृत स्नान, जो बेहद महत्वपूर्ण है, इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराना सरकार का दृढ़ संकल्प है. मुझे पूरा विश्वास है कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से सब कुछ शुभ होगा.

## सीएम रेखा ने विधानसभा में पेश की कैग रिपोर्ट, 2000 करोड़ का घाटा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : दिल्ली विधानसभा सत्र का आज दूसरा दिन है। सबसे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने कैग रिपोर्ट को पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में शराब नीति से जुड़ी कैग रिपोर्ट को विधानसभा में रखा। 14 कैग रिपोर्ट में से आज पहली कैग रिपोर्ट रखी गई है। नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को करीब 2000 हजार करोड़ का घाटा लगा। नई शराब नीति में पहले के एक व्यक्ति को एक लाइसेंस मिलता था।

लेकिन नई नीति में एक शख्स को दो दर्जन से ज्यादा लाइसेंस ले सकता था। पहले दिल्ली में 60 फीसदी शराब की बिक्री 4 सरकारी कॉर्पोरेशन से होती थी। लेकिन नई शराब नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। शराब बिक्री का कमीशन 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किया गया। कैग रिपोर्ट में बताया गया है कि थोक का लाइसेंस शराब वितरक और शराब निर्माता कंपनियों को भी दे दिया गया, जो कि उल्लंघन था। नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। लाइसेंस देने से पहले आर्थिक या आपराधिक कोई जांच नहीं की गई। लिक्कर जाइन के लिए 100 करोड़ के निवेश की जरूरत होती थी। लेकिन नई पॉलिसी में इसे खत्म कर दिया गया।

कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि शराब लाइसेंस देने में राजनीतिक दखल और भाई भतीजा वाद हुआ। कैग रिपोर्ट में बताया गया है कि थोक का लाइसेंस शराब वितरक और शराब निर्माता कंपनियों को भी दे दिया गया, जो कि उल्लंघन था।



# पुलिस ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने गैंग बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस ने अपराधियों के पास से लूट कांड में उपयोग किए गए 7.65 एएम के दो देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, तीन गोली, एक मिसफायर गोली, ब्लू रंग का अपाचे बाइक, टीवीएस मोटरसाइकिल, 5 एंड्राइड फोन, एक आईफोन सहित 6330 रूपए बरामद किया है। अपने कार्यालय कक्ष में उक्त मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि सदर थाना के पोखराहा गांव निवासी 20 वर्षीय नीरज राम, हैदरनगर थाना के मोकहर कला का अंकु कुमार सिंह, चैनपुर थाना के सेमाटांड निवासी 18 वर्षीय विशाल चंद्रवंशी, पाटन थाना के करर कला निवासी 18 वर्षीय सूरज कुमार उर्फ सरोज कुमार, पाटन थाना के सिक्की कला निवासी राजन कुमार पासवान पहले बाल सुधार गृह में रहते थे।पांचों की दोस्ती बाल सुधार गृह में ही हुई थी। वहां से निकलने के बाद पांचों मिलकर एक गैंग बनाया व कई घटनाओं को अंजाम दिया है। कहा कि इसमें दो पुलिस व संबंधित लूट की जगह की रेकी करते थे। जबकि तीन घटना को अंजाम देने का काम करते थे। उन्होंने बताया कि नीरज के विरुद्ध सदर थाना में 17 फरवरी 22, अंकु कुमार सिंह पर हैदरनगर थाना में 9 जून 22 व हुसैनाबाद थाना में 8 जून 22 को आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया था। विशाल चंद्रवंशी के विरुद्ध चैनपुर थाना में 11 मई 21 व 28 मार्च 24 को विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किए गए थे। राजन कुमार पासवान के विरुद्ध सतबरवा थाना में 17 अगस्त 23 व सूरज कुमार उर्फ सरोज कुमार के विरुद्ध पाटन थाना में 2 फरवरी 23 को विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हैदर नगर थाना व मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में एक ब्लू रंग का अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति मुंह बांधकर हथियार के बल पर हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक रोड, हैदरनगर बाजार से सद्दाम हुसैन के सीएसपी से एक आईफोन मोबाइल व मोहम्मदगंज थाना के कादल के समीप रास्ते में जा रहे एक व्यक्ति को हथियार का भय दिखाकर टीवीएस कंपनी का बाइक पर को लूटा था। इस संबंध में हैदरनगर थाना में कांड संख्या 13/2025 व मोहम्मदगंज थाना कांड संख्या 19/2025 पंजीकृत किया गया था। कांड के त्वरित उद्भेदन के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। 24 फरवरी को संध्या में गुप्त सूचना मिली कि मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के रेलवे टनल के पास भीम चूल्हा की विपरीत 5 अपराधकर्मी किसी बड़े घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। सूचना मिलते ही संबंधित जगह पर छापेमारी की गई। इसमें उक्त पांचों अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। कई कांडों में लूट किए गए मोबाइल फोन व बाइक समेत अआग्नेआस्त्रों की बरामदगी की गई।

# कौशल विकास के लिये कार्य योजना तैयार कर रोजगार मुहैया कराएं : डीडीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में आज समाहारणालय सभागार में जिला कौशल विकास एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। उप विकास आयुक्त ने सभी विभाग को अपने स्तर पर कौशल विकास के लिए कार्य योजना तैयार करने एवं इससे युवक-युवतियों को जोड़कर रोजगार मुहैया कराने की दिशा में अभियान चलाने का निदेश दिया।उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर जिले के अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पलामू में उद्योग, होटल, व्यवसाय, मॉल, साहित्य, रोजगार के अन्य साधन हैं। इसे ध्यान में रखकर कौशल विकास केंद्र में लोगों को प्रशिक्षण करवाये।श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी एतवारी महतो द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत झारखण्ड कौशल विकास विभाग, रॉची द्वारा पलामू जिले में संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में दो(2) दीन दयाल उपध्याय कौशल केंद्र (आवासीय), दस (10) सक्षम कौशल केंद्र(आवासीय) तथा दो(2) बिरसा कौशल केंद्र(गैर-आवासीय) पलामू जिले में संचालित है। योजना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं उद्यमशीलता कौशल विकसित करना युवाओं को रोजगार क्षमता में वृद्धि करना और उन्हें झारखंड और भारत के आर्थिक विकास में भागीदार बनाने के लिए सशक्त बनाना, समाज के वंचित वर्ग के युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाले कुशल कर्मी बनाना योजना का मुख्य उद्देश्य है। यूएनडीपी के परियोजना सहायक ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत् दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना तथा प्रखंड स्तर पर 14 केंद्र संचालित है। प्रशिक्षण केंद्रो में डाटा एंट्री ऑपरेटर, वेयरहाउस एसोसिएट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट तथा अन्य ट्रेडो का प्रशिक्षण दिया जाता है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थ केयर, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एवं अन्य तरह के कोर्स का संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ.अनिल सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी एवं कौशल विकास केन्द्र के संचालक उपस्थित थे।

# माता शबरी मंदिर का मनाया गया प्रथम वर्षगांठ, संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नप के वार्ड 16 में सोमवार को माता शबरी मंदिर का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर को फूलों व डिजिटल लाइट से सजाया गया था. वर्षगांठ पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुआ. जिसमे काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये. सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, गांधी विचार मंच के संस्थाप अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि व भाजपा नेत्री किरण देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सामाजिक नेत्री सोना देवी व संचालन सुरेंद्र भारती ने किया. इस दौरान आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया.भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम में गढ़वा के प्रसिद्ध गायक उदय हलचल व पलामू के पिंटू ब्यास ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी भक्ति व होली गीत गाकर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया. मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, मणि राम, धनंजय पांडेय, सुदामा यादव, दामोदर यादव, विजय बवाली, सामाजिक कार्यकर्ता मोज़ सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, संजय महतो, बबन बैठा, चंदन राम, देवांश राम, यदुनि राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# ग्राम टंडवा में भगवान भोले बाबा के प्राण प्रतिष्ठा के साथ निकला भव्य कलश यात्रा संग्राम सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन के ग्राम टंडवा मे शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आचार्य गोविंदाचार्य जी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा का भव्य शोभा यात्रा निकला गया भोले बाबा के जयकारा से भक्तिमय हुआ गांव, टंडवा महुलिया तिलकुडीह के साथ आस पास के हजारों भक्तगण शोभा यात्रा में शामिल हुए। मंदिर का निर्माण का सपना संजोए हुए टंडवा ग्राम के ब्रजेश सिंह और उनके पुत्र त्रिपुरारी सिंह के द्वारा निर्माण कराया गया है मंदिर निर्माण में सहयोगी दल में सरजू नारायण सिंह शिवनाथ सिंह धर्मदेव सिंह उदय सिंह जमुना सिंह मनोज राम,पूर्व मुखिया अखिलेश पाण्डेय,गिरेन्द्र सिंह, बिंदेश्वरी सिंह अजय सिंह अनुज कुमार सिंह, के सहयोग से कलश यात्रा निकाला गया,और जिंजोई नदी से कलश भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे कल दिनांक 25/2/25 पूजा के साथ प्रवचन एवं नगर भ्रमण, दिनांक 26/2/25 को भगवान शिव का प्राणप्रतिष्ठा और दिनांक 27/2/25 को प्रसाद वितरण के साथ समाप्ति होगी। कलश यात्रा के दौरान पाटन पश्चिमी जिला परिषद संग्राम सिंह ने सभी भक्तों को कलश देकर यात्रा प्रारंभ किए, संग्राम सिंह ने कहा कि सनातन धर्मावलंबी अपने धर्म को पूरी तरह से तत्पर होकर निभाने में लगे हुए हैं मंदिर निर्माण से पूरे गांव के साथ आस पास के ग्रामीण भी प्रसन्न हैं।

## फूड इंस्पेक्टर ने प्रतिबंधित सिगरेट गुटखा व पान मसाला के खिलाफ की छापेमारी



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फूड इंसपेक्टर गुलाब लकड़ा ने अपनी टीम के साथ विश्रामपुर नप मुख्यालय में मंगलवार को सिगरेट, गुटखा व पान मसाला के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया.छापामारी के दौरान तीन दुकानों में रखे गुटका व सिगरेट को जब्त किया. इसके अलावा चालान काट कर जुर्माना वसूला.वही कई दुकानदारों को प्रतिबंधित सिगरेट, गुटखा व पान मसाला विक्री नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया.बताते चले कि झारखंड सरकार द्वारा सिगरेट, गुटखा व पान मसाला पर एक वर्ष के लिये प्रतिबंध लगा दिया गया है. फूड इंसपेक्टर गुलाब लकड़ा ने बताया कि छापामारी के दौरान तीनो दुकानदारों का चालान काटते हुये उनपर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद कोटपा अधिनियम 2003 के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये कार्रवाई की गयी है. उन्होंने कहा कि छापेमारी अभियान अभी लगातर जारी रहेगा. इधर इस कार्रवाई से दुकानदारों में दहशत है. छापेमारी टीम में इबरार हसन सहित कई लोग शामिल थे।

# माइंस संचालको ने मृतक के परिजन को दिया मुआवजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में बीते दिनों हुई सड़क दुर्घटना मे मृतक हिमांशु गुप्ता के परिजनों को पिपरा पुलिस प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन की उपस्थिति में क्रेशर प्लांट संचालको ने स्थानीय संचालक प्रिंस प्रताप सिंह के हाथों मुआवजा राशि मृतक के परिजनों को सौपा. प्रिंस प्रताप सिंह ने कहा कि घटना काफी दुखदाई है जिसका भरपाई तो नहीं किया जा सकता है. लेकिन मृतक के परिजनों के साथ वह हमेशा खड़े रहेंगे हम सभी एक ही गाँव के हैं इस घटना से मैं व्यक्तिगत काफी दुखी हूं. साथ ही दुर्घटना में घायल सरोज गुप्ता की पुत्री आदिती गुप्ता के इलाज मे हो रहे खर्च का भी वहन करने का भी आश्वासन दिया. इस मौके पर पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार मृतक के चाचा सरोज गुप्ता स्थानीय ग्रामीण अरुण मिश्रा भीम प्रजापति काशी प्रजापति बाला प्रजापति सुनील सोनी वीरेंद्र प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।

# सतबरवा में दूसरे के बदले मैट्रिक परीक्षा देते पकड़ाया मुन्नाभाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** प्रखंड क्षेत्र के बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में दसवीं की बोर्ड परीक्षा में छात्र की जगह पर दूसरे व्यक्ति को परीक्षा देना भारी पड़ गया। सीओ सह बिडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने निरीक्षण के दौरान छात्र के बदले दूसरे फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहे युवक को पकड़ा। कॉलेज के प्राचार्य अजय प्रसाद ने बताया कि नवलेज यादव पिता प्रेमचंद यादव रोल नंबर 59 की जगह पर पिंडरा निवासी ललेंद्र यादव पिता प्रेमचंद यादव को सामाजिक विज्ञान की प्रथम पाली में परीक्षा देते हुए को सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने निरीक्षण के दौरान पकड़ा है। उन्होंने बताया कि दोनों छात्र का चेहरा एक जैसा था। हस्ताक्षर से मैच हुआ तब जाकर मामले का खुलासा हुआ। फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहे छात्र को पड़कर सीओ अपने साथ ले गए। वहीं बीडीओ सह सीओ कृष्णमुरारी तिर्की ने बताया कि छात्रा को सस्पेंड करते हुए फर्जी युवक पर प्राथमिकी दर्ज करने की करवाई की जा रही है। इस घटना से छात्रों में हड़कंप मच गया है।

# चार एकड़ में लगाये गये अफीम कि खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना अंतर्गत कवल पंचयात में पहाड़ी इलाके मे लगभग 4 एकड़ में लगाए गए अफिम की खेती को पुलिस ने नष्ट किया। छतरपुर थाना के अंतर्गत विभिन्न गांव में पोस्ट की खेती की जा रही है जो जिसमें पुलिस की सक्रियता से सभी खेती को लगातार नष्ट किया जा रहा है साथी लोगों को ऐसी खेती न करने की नसीहत दी जा रही है ताकि गांव मे नशीली उत्पादन पदार्थो का केंद्र ना बन जाए। फिर भी नसे के सौदागर अफिम कि खेती करने से बाज नहीं आ रहे हैं मांगलवार को कवल में लगाए गए चार एकड़ में पोस्ता की खेती को छतरपुर सीईओ उपेंद्र कुमार की अगुवाई में पुलिस के द्वारा ट्रैक्टर से हल चलवा कर खेती को नष्ट किया गया पोस्ता की खेती तैयार था और पोस्ता में चीरा लगाकर लाखों कमाई के व्यापार में लगे थे। पोस्ट की खेती करने वाले शुद्धवर्ती इलाका पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है और पोस्ता कि खेती को नष्ट किया जा रहा है साथी चिन्हित कर लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## मुगल जान वासियों ने शिव जी के प्रतिमा के साथ किया नगर भ्रमण



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकही टोला मुगल जान के ग्राम वासियों ने प्राण प्रतिष्ठा के दुसरे दिन इलाके के सभी शिव भक्तों के साथ श्री श्री शिव जी के प्रतिमा लेकर आचार्य दिनेश पाठक जी अवधेश पाठक अमरेंद्र पाठक और चितरंजन पाठक सभी आचार्यो के वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मुख्य यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं पत्नी आरती देवी से पुजा अर्चना की शुरुआत कराते हुए नगर भ्रमण आरंभ किया गया। भक्तों ने शिव जी के पार्वती जी के महावीर जी की एवं हर हर महादेव की नारा लगाते हुए भ्रमण को आरंभ किया सबसे पहले ग्राम मूगल जान वासियों ने प्रतिमाओं पर धूप अगरबत्ती फुल चढ़कर पूजा अर्चना कर भ्रमण केलिए निकले। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने जानकारी देते हुए कहा कि भैसना गांव होते हुए ,कुकही श्री बीघा, एवं मीर बीघा गांवों का भ्रमण किया गया। सभी गांव के भक्तों ने अपनी श्रद्धा को दिखाते हुए शिवजी के प्रतिमा पर फूल अर्पण धूप अगरबत्ती से पूजन हवन किया ।सभी गांव के चौक चौराहे पर श्रद्धालु जनों ने शिव जी के प्रति एवं सनातन धर्म का परिचय देते हुए अपनी हौसला एवं श्रद्धा दिखाते हुए पुजा अर्चना किया।आज के नगर भवन में मुख्य रूप से मुगल ज्ञान वासी लेफ्टीनेंट प्रेमतोष प्रसाद पूर्व सैनिक महेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, वेदांत कुमार, उज्जवल प्रसाद, सोनू कुमार, अभिमन्यु प्रसाद, राजा राम मेहता, अमित कुमार, महिलाएं बच्चे के अलावे भैसना गांव के विनोद मेहता, बनारसी मेहता, राजेंद्र प्रसाद, प्रभु मेहता नरेश मेहता उमेश मेहता, कुकही निवासी राजेश मेहता, जोनी सिंह, शिवकुमार सिंह, मंटू सिंह ललन मेहता, पंचायत समिति राजू शर्मा, सरजू पासी, सुदामा ठाकुर एवं काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं भक्त भी शामिल हुए। कल प्रातः श्री शिव जी को महा स्नान कराते हुए पुनः पुजा पाठ की शुरुआत होगी एवं सुबह 10,00 बजे से 24 घंटे के लिए अखंड कीर्तन की शुरुआत की जाएगी।


# शिव मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा, नगर भ्रमण में उमड़े श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के लोहरा पोखरी शिवमंदिर प्राणप्रतिष्ठा सह यज्ञ के दौरान प्रतिमा और शिवलिंग के साथ नगर भ्रमण शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शिव भक्तों ने भाग लिया। यात्रा शिव मंदिर लोहरा पोखरी से शुरू होकर लोहड़ी, जोगिया पोखरी, नौरंगा, सतबरवा बस्ती, मेलाटांड होते हुए शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय होते हुए पुनः नवनिर्मित मंदिर पहुंची जहां पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा अधिवास संपन्न किया गया। मुख्य यजमान संतोष साव सपत्नीक, रोहित गुप्ता सपत्नीक यात्रा की अगुआई कर रहे थे। यात्रा गाजेबाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई जिसमे शिवभक्त जयकारा लगाकर झूमते नजर आए जिससे पूरा वातावरण भक्ति भाव से सराबोर हो गया। अज्ञाचार्य अखिलेश पाठक ने बताया कि नवनिर्मित शिव मंदिर में प्रतिमा और शिवलिंग स्थापित की जाएगी।प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ, प्रवचन आदि धार्मिक कार्य संपन्न किए जायेंगे।मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, उप मुखिया मुधिर साहू, समाजसेवी आशीष सिन्हा, अशोक यादव, सुधीर मिश्रा, सत्यप्रकाश साव, करमचंद साव, सुनील गांधी, राजेंद्र शर्मा, दिनेश साव, सुधीर साव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बाल श्रम उन्मुलन एवं पुर्नवास हेतु जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त शशि रंजन आज अपने कार्यालय वेश्म में श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मुलन एवं पुर्नवास हेतू जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक की। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जो नियोजक अपने प्रतिष्ठान में 14 वर्ष के कम उम्र के बाल श्रमिक को नियोजित करते है, उनके विरूद्ध बाल एवं अल्प व्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए 20,000-20,000 रूपये प्रति बाल श्रमिक जुर्माना के रूप वसूली किया जाय। वहीं विमुक्त बाल श्रमिक की ट्रैकिंग तथा पुर्नवासन के लिये मानक कार्य पद्धति के अनुसार कार्य कये जाने का निदेश दिया।उपायुक्त ने श्रम अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को विमूक्त बाल श्रमिकों को कस्तुरबा गॉधी बालिका आवासीय विघालय एवं अनुसूचित जाति एवं जनजातीय आवासीय विद्यालयों में नामांकन करवाया जाय एवं उनके माता-पिता को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाय। उन्होंने समय-समय पर जिले में बाल श्रमिक के उन्मूलन हेतू गठित धावा दल द्वारा छापेमारी अभियान चलाने का सख्त निदेश दिया।श्रम अधीक्षक एतवारी महतो द्वारा बताया गया कि अल्पव्यस्क बाल श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम लेना कानूनी अपराध है। अगर कोई नियोजक 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम लेते हैं, तो उनको 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या 20000 रुपए से लेकर 50000 रुपया तक जुर्माना या दोनों हो सकता है।बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## गैरमजरूआ आम बकाश्त जमीन अतिक्रमण मुक्त नही हो सका



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन के लोइंगा गांव में गैरमजरूआ आम जमीन रास्ता पर हुई अवैध कब्जा को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त नही किया जा सका। लोइंगा गांव में गैरमजरूआ आम रास्ता में कुछ वर्षो से उसी गांव के रोजन मिया ने अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। जिससे ग्रामीण को आवागमन बाधित होने से आम जनता परेशान है। ग्रामीणों के शिकायत पर सीओ न्यायालय में पारित आदेश एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर के निर्देश एवं अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये सीआई को मजिस्ट्रेट बतौर प्रतिनियुक्त कर 25 फरवरी को अतिक्रमण मुक्त करने को तिथि निर्धारित की गई थी। अतिक्रमण मुक्त कराने के दौरान विवाद एवं हंगामा करने के कारण पूर्णतः अवैध कब्जा नही हटाया जा सका। सीओ ने विवाद एवं हंगामा करने वालो पर सरकारी कार्यो में बाधा डालने के आरोप में सीआई बतौर मजिस्ट्रेट प्रकाश राम को प्राथमिकी दर्ज कराने को निर्देश दिया है। सीओ राकेश श्रीवास्तव ने बताया है अपने उपस्थिति में पक्का बाथरूम एवं बाहरी झाला दीवार आदि जेसीबी लगवाकर गिरवा दिया गया है। मैट्रिक की परीक्षा के कारण मुझे परीक्षा केंद्र में कॉपी संग्रहन कर बैंक पहुचाना था। इस लिए सीआई बतौर प्रतिनियुक्त मजिस्टेट प्रकाश राम एवं पुलिस बल को कब्जा हटवाने को निर्देश देकर परीक्षा केंद्र आये गये थे। रोजन मिया , ईद मोहम्मद अंसारी कुछ लोगो के साथ हंगामा कर जेसीबी को हटवा दिया जिससे ढाबा आदि पक्का अवैध मुक्त नही हो सका है। जल्द ही पूर्णतः अवैध कब्जा हटाया जाएगा।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### नवीन ने बालू पर पूछा सवाल तो मंत्री योगेन्द्र ने दिया जमकर जवाब

रांची। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन बालू पर सदन में गहमा गहमी रही। हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने सवाल पूछा कि कितने लाभुकों को अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बालू मिला है। एक हाइवा बालू कितने में मिल रहा है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि आमजनों को बालू देने के लिए झारखंड सरकार गंभीर है। टैक्स के दायरे में नहीं आने वालों को फ्री में बालू मिल रहा है। 444 बालू घाटों में से 261 घाटों का एन्‌ ओ आई निर्गत हो चुका है। 159 बालूघाटों का एकरारनामा निष्पादित हो चुका है। 64 बालू घाटों को पर्यावरण स्वीकृति मिल चुकी है। लाभुक खुद सुविधानुसार बालू घाटों से बालू ले जाते हैं। 21 लाख सीएफटी बालू उपलब्ध है। 573 लाभुकों को एक लाख 63 हजार सीएफटी बालू दिया गया है।

### संदेश परक फिल्म लांछना का मुहूर्त संपन्न

रांची। मिली फिल्म्स एंड टी वी इंटरनेशनल के बैनर तले बनने वाली संदेशपरक फिल्म लांछना का मुहूर्त रांची (झारखंड) स्थित बागपुर में संपन्न हुआ। मुहूर्त शॉट के बाद अभिनेता शेखर वत्स, मनोज कुमार व अन्य कलाकारों पर फिल्म के कई महत्वपूर्ण दृश्यों को फिल्माया गया। संदेशपरक फिल्म के निर्माता मनोज कुमार हैं। कुल पांच कर्णप्रिय गीतों से सजी फिल्म %लांछना% के गीतकार प्रशांत गैलवार व सचेत्रा कुमार सुमन, संगीतकार श्रीकांत इंदवार, डीओपी सुमित सचदेवा, कथा-पटकथा व संवाद लेखक प्रशांत गैलवार, सेट डिजाइनर मनोज वर्मा, प्रचारक काली दास पाण्डेय और प्रोडक्शन टीम हेड शंकर पाठक है। फिल्म निर्देशक प्रशांत गैलवार के निर्देशन में बन रही है। मुख्य कलाकार रिया मेकडूवलम, सुजीत सिंह राजपूत, मनोज सहाय, शंकर पाठक, स्मृति भदानी, शेखर वत्स, मनोज वर्मा, विनय सिंह, दीपक चौधरी, पंकज सिन्हा, अंजली वर्मा, प्रीति भास्कर और गोपाल आदि हैं।

# कांग्रेस करेगी जय बापू, जय भीम जय संविधान अभियान शुरू: राजू

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बापू को नमन करते हुए उनके विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

के. राजू ने घोषणा की कि कांग्रेस पार्टी जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू करेगी, जिसके तहत संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी सदैव भारतीय संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करेगी और इसके मूल्यों को पूर्ण निष्ठा से स्वीकारेगी।उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश की



आत्मा है, जिसे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से आकार मिला। कांग्रेस पार्टी इस संविधान की रक्षक रही है और इसके सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, राजीव रंजन प्रसाद,डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, सुल्तान अहमद,अशोक चौधरी, प्रदेश सचिव नरेश वर्मा,अभिलाष साहू, केदार पासवान, सतीश पॉल मुंजिनी,लाल किशोर नाथ शाहदेव, आलोक कुमार दूबे, अमूल नीरज खालखो, शाहबाज अहमद, रश्मि पिंगुवा, राजन वर्मा ,रशीद राजा अंसारी,राजू राम, बबलू दास, अमित कुमार चौरसिया सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं गण मौजूद थे।

# क्या दिल्ली की तर्ज पर हेमंत सोरेन झारखंड में भी शीश महल बनाने जा रहे हैं? : प्रतुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि झारखंड सरकार पूर्व के अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार से बहुत ज्यादा प्रेरित रहती है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संबंध भी अति मधुर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में अपने लिए शीश महल बनाना शुरू किया था। अब सूचनाओं आ रही है कि झारखंड में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी का अनुसरण करने जा रहे है। आधिकारिक मुख्यमंत्री आवास जिसमें पिछले ढाई दशकों में अनेक मुख्यमंत्री ने निवास किया,उसको भवन निर्माण प्रमंडल - 1 ने टेंडर निकालकर जमींदोज कर दिया। पूरे तरीके से भवन को ढाहने का काम जारी है। प्रतुल ने कहा यह ऐतिहासिक धरोहर थी क्योंकि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री से लेकर अनेक मुख्यमंत्री ने यहां निवास किया था। प्रतुल ने कहा अब विभाग की लगातार उच्च स्तरीय बैठकें हो रही है ताकि नए



भवन का डीपीआर बन सके। जो जानकारियां मिल रही है उस के अनुसार दिल्ली के शीश महल के तर्ज पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए एक सभी आधुनिक सुख सुविधा से लैस शीश महल बनाने पर चर्चा चल रही है। प्रतुल ने कहा कि दिल्ली की तर्ज में अनेक भवनों को हेमंत सोरेन जी ने मिलाकर मुख्यमंत्री आवास बना दिया है।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी। हनुमान मंदिर की भव्यता पर जरा सभी आंच नहीं आना चाहिए।सरकार को यह बात सुनिश्चित करनी चाहिए क्योंकि यह सनातनियों के आस्था से जुड़ा प्रश्न है।प्रतुल ने कहा जिस प्रदेश में डेढ़ वर्षों में एक भी अबुआ आवास का गृह प्रवेश नहीं हुआ। जहां आज भी बड़ी संख्या में लोगों के सर पर छत नहीं है।ऐसे राज्य में इस तरह की अगर फिजूल खर्ची करने की सोची जा रही है तो यह प्रदेश के आदिवासी मूल निवासी जनता के साथ क्रूर मजाक होगा। प्रतुल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सत्ताधारी गठबंधन से मांग की कि वो रांची में बनने वाले शीश महल को लेकर स्थिति स्पष्ट करें।

# अखंड कीर्तन के साथ शुरू हुआ शिवरात्रि महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : साउथ रेलवे कॉलोनी स्थित श्री श्री माँ काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ अखंड कीर्तन के साथ हुआ।

पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है, और श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शिवभक्ति में लीन हैं। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि कल संध्या 5 बजे भव्य शिव बारात सह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बाबा भोलेनाथ की सजीव झांकी, बैंड बाजा रथ और श्रद्धालुओं की विशाल टोली शामिल होगी। यात्रा पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष अनुष्ठान, रुद्राभिषेक, महाआरती और रात्रि में भगवान शिव और माता पार्वती का भी आयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से सम्मिलित होने की अपील की गई है। शिवरात्रि महोत्सव को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं सेवादार पूरी तत्परता से तैयारियों में जुटे हुए हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को भव्य बनाएं।

# रिम्स के सीटीवीएस विभाग में 35 वर्षीय महिला का किया गया सफल ओपन हार्ट सर्जरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रिम्स रांची के सीटीवीएस विभाग में हाल ही में एक 35 वर्षीय महिला का सफल ओपन हार्ट सर्जरी किया गया। मरीज के हृदय में जन्म से छेद था, जिसे चिकित्सकीय भाषा में Atrioventricular septal defect (AVSD) कहा जाता है। इसमें दिल में दो तरह के छेद होते हैं। एक एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट और दूसरा वेंट्रिक्युलर सेप्टल डिफेक्ट, साथ ही mitral और tricuspid वाल्व की बनावट में भी खराबी होती है। ऐसी बीमारी का इलाज बचपन में ही हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी कारणवश वह इसका इलाज अभी तक नहीं करा पाई थी।पलामू जिले से आयी इस मरीज को पिछले कुछ सालों से साँस फूलने, शरीर में सूजन और धड़कन तेज होने की परेशानी हो रही थी। इनकी इकोकार्डियोग्राफी व कार्डियक सीटी करने पर इस बीमारी का पता चला। एवीएसडी एक गंभीर और जानलेवा दिल की बीमारी है। ऐसी बीमारी में फेफड़े का प्रेसर बढ़ जाता है और रोगी की जान को बचाना मुश्किल होता है। इस मरीज के दिल में दो छेद थे जिसे कॉमन एट्रियम और वी एस डी बोलते हैं। इनके फेफड़े की नस का प्रेसर भी काफी बढ़ गया था, दिल का आकार समान्य की तुलना में दो गुना बढ़ गया था और दिल के चारों ओर पानी भर गया था। पहले मरीज को स्थिति को दवाओं के माध्यम से स्थिर करने का प्रयास किया गया, लेकिन सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों द्वारा शीघ्र ऑपरेशन करने के निर्णय लिया गया। रिम्स के सीटीवीएस विभाग में मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया गया और अमृत फार्मेसी से ओपन हार्ट सर्जरी के लिए आवश्यक सामग्री मंगाई गयी। सीटीवीएस विभाग के चिकित्सको द्वारा मरीज का ओपन हार्ट सर्जरी करके उनके Mitral वाल्व और tricuspid वाल्व का रिपेयर करके ठीक कर दिया और दिल के दोनों छेदों को बंद कर दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति ठीक है और उनके लक्षणों में काफी सुधार है। आज इस मरीज को सीटीवीएस आईसीयू के रिकवरी वार्ड में शिफ्ट किया गया है। सीटीवीएस टीम का नेतृत्व डॉ. राकेश चौधरी ने किया।

# जेसीआरटी का महिलाओं ने संभाली कमान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। जेसीआई रांची के जे.सी.आर.टी. टीम ने 24 फरवरी को जेसीआई रांची के ऑफिस में शपथ ग्रहण कर संभाली अपनी कमान। इस साल की जे.सी.आर.टी. टीम की अध्यक्ष आशा मोदी ने अपने प्रोजेक्ट्स का विवरण देते हुए सावन सिंधारा और किड्स कैंप को वापस आगे लाने की बात की।

सभा में मुख्य अतिथि सी.ए. मनीषा बियानी ने विमेन एंपावरमेंट की बात की। साल 2025 की टीम इस प्रकार से है। अध्यक्ष आशा मोदी, तत्काल पूर्व अध्यक्ष रुचि झुनझुनवाला, सचिव शीतल लखोटिया, सह सचिव नेहा खेमका, कोषाध्यक्ष प्रिया जालान, उपाध्यक्ष भावना राठौड़, नीमा मस्कारा, पायल अग्रवाल, सुरभि टेकानी, रेनू गाड़ोदिया, रीटा मोदी, स्मिता खेतान। निदेशक आकांक्षा माहेश्वरी, अंकिता अग्रवाल, भाग्यश्री केजरीवाल, दीपिका माहेश्वरी, खुशबू सिंघानिया, निधि केडिया, पायल जैन, पूजा अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, रुचिका जैन, श्रुति जालान, स्वाति खोवाल, शालू अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल और सौम्या समोटा। जूनियर जेसी आव्या मोदी चुनी गई। कार्यक्रम का संचालन विभा मोदी ने कुशलता से किया।

# हिंदी सिनेमा की सुप्रसिद्ध अदाकारा दिव्या भारती की जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। हिंदी सिनेमा की सुप्रसिद्ध दिवंगत अभिनेत्री दिव्या भारती की हर साल की तरह इस साल भी क्षितीश मूक बधिर मध्य विद्यालय निवारणपुर डोरंडा में मूक बधिर छात्रों के साथ 51 वां जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर करीब पचास से अधिक छात्र छात्राओं ने दिव्या भारती के नाम पर केक काटा, एक दूसरे को खिलाया। वहीं छात्र-छात्राओं ने दिव्य भारती की जीवन और उनके अभिनय करियर से रु ब रु हुए। इस दौरान



1993 से दिव्या भारती का जन्म दिन मनाते चले आ रहे दिव्य भारती फैन क्लब के संस्थापक परवेज कुरैशी ने दिव्य भारती की फिल्मों को संवाद अदायगी के अंदाज में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अगर दिव्या भारती आज होती तो अपनी फिल्मों पर डायलॉग बोलती तो वे इस तरह से होता वो शोला और मैं शबनम थी, वो बलवान, क्षेत्रीय तो था , लेकिन मेरा दीवाना भी था, उसके होठों पर मेरे ही गीत हमेशा होते थे , क्योंकि वो हमेशा मुझे जान से प्यार था , इसलिए उसके लिए मेरा दिल आसना भी था, इसमें दिल का क्या कसूर, जिंदगी एक शतरंज की तरह थी, यहां हर रंग तो था, लेकिन अंधा इंसाफ के कारण कोई विश्वात्मा सामने नहीं आया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं , स्कूल के प्रिंसिपल अनिल एवं सभी शिक्षक शिक्षकों सहित पत्रकार आकाश सिंह मौजूद थे।

# रांची : जिफ्फा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव एक मार्च से

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड में एक बार फिर से छठे जिफ्फा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव लेकर आ रहा है। एक और दो मार्च को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के मॉडलों द्वारा रैंप वॉक और झारक्राफ्ट के उत्पादों, कपड़े, हस्तशिल्प का भी प्रदर्शन किया जाएगा। झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल को लेकर पूरी तरह से तैयार है। इसको लेकर जिफ्फा के अध्यक्ष ऋषि प्रकाश मिश्रा, कार्यकारी उपाध्यक्ष आकाश सिन्हा, सचिव खुशी काकन , उपाध्यक्ष सुनील बादल ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि कला संस्कृति मंत्रालय एवं झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन झारखंड सरकार के सहयोग से छठे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन एक और दो मार्च को झार क्राफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में मोराबादी मैदान रांची में होने जा रहा है। पिछले 5 वर्षों से झारखंड फिल्म नीति के अंतर्गत आयोजित होते आ रहे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जिफ्फा में झारखंड की कला संस्कृति एवं फिल्म उद्योग के साथ-साथ परंपरागत कलाकृति



पारंपरिक भोजन हैंडीक्राफ्ट एवं पेंटिंग्स के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इस बार आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन एक मार्च को झारखंड के कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे । पूरे प्रदेश से लगभग 200 क्षेत्रीय कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके पश्चात वैश्विक स्तर पर आई 16 देशों की 232 फिल्मों में से चयनित 56 लघु फिल्मों ,फीचर फिल्मों व डॉक्यूमेंट्री फिल्म आदि का निशुल्क प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही फिल्म महोत्सव निदेशालय भारत सरकार द्वारा में हूं कलम, भाग मिल्खा भाग और मैरी कॉम जैसी प्रेरक बाल उपयोगी फिल्मों का भी प्रदर्शन रांची के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के समक्ष किया जाएगा। इसके अलावा केरल से दो मोटिवेशनल फिल्में भी महोत्सव में चयनित की गई है, जिसका प्रदर्शन झारखंड मलयालम एसोसिएशन के बैनर तले कैराली स्कूल धुर्वा में एक मार्च को किया जाएगा।

### किसने क्या कहा

जिफ्फा अध्यक्ष ऋषि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि झारखंड के फिल्मों को प्रोत्साहित करने बढ़ावा देने और कलाकारों को एक प्लेटफार्म देने के लिए इस तरह का आयोजन कराया जाते हैं ,करीब 232 फिल्में चयनित की गई है , लेकिन दुख के साथ यह कहना पड़ता है कि झारखंड से एक नासूर फिल्म आई है और तीन एल्बम आए जो कहीं ना कहीं उदासीनता को बढ़ावा देती है , जबकि हमने अपील किया है कि अभी भी समय है झारखंड की जो कलाकार हैं वह अपनी फिल्मों को इसमें शामिल करें। वहीं उपाध्यक्ष सुनील बादल ने बताया कि कई बड़े फिल्मों के सेलिब्रिटीज को आमंत्रित किया गया है उम्मीद है कि वह सभी आएंगे और सभी अपने-अपने माध्यम से पत्रकारों को भी संबोधित करेंगे। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष आकाश सिन्हा ने कहा कि लगातार हम लोग झारखंड के फिल्मों को बढ़ावा दे रहे हैं, उद्देश्य यही है कि हमारे झारखंड के कला संस्कृति और यहां का पर्यटन को बढ़ावा मिले, यहां के कलाकारों को बेहतर मंच मिले। सचिव खुशी काकन ने बताया कि इस पूरे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फैशन को भी महत्व दिया जा रहा है , मॉडलों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है और हम लोग सभी चाहेंगे कि झारखंड की युवतियां अपने फैशन के जलवे को बिखरे ।

# झारखंड टीम ने सेमी फाइनल में बनाई जगह

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । 53वें सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। गुरु चरण सिंह गिल कोषाध्यक्ष हैंड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।एवं डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचु अध्यक्ष झारखंड हैंड बॉल एसोसिएशन उपस्थित रहे।

आज खेले गए मैचों के नतीजे इस प्रकार रहे- क्वाटर फाइनल में झारखंड ने हरियाणा को 30-23 से हराया। पंजाब ने उत्तराखंड को 20-22से मात दी। मध्यप्रदेश ने बिहार को 34-25से हराया। सर्विस ने दिल्ली को 34-28से हराया। खबर लिखे जाने तक का परिणाम ये रहा सिमी फाइनल देर रात तक होता रहा परिणाम आने पर कल फाइनल मैच 9:30 बजे होंगे।और समापन समारोह कल 26 फरवरी को सुबह 11:00 बजे स्थानीय हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेल गांव रांची में होगी जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं अति विशिष्ट अतिथि एन के सिंह, सी एम डी सीसीएल, विशिष्ट अतिथि राजेश कच्छप खिजरी विधायक,एवं केशव महतो कमलेश अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी उपस्थित रहेंगे।हैंड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडियन की एनुअल जेनरल मीटिंग रखी गई जिसमें 27 राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।2025 -26 के खेल कैलेंडर बनाया गया और हैंड बॉल खेल की विकाश पर विशेष बाते रखी गई।

# एमएसएमई एग्रिकल्चर एण्ड रिसोर्स कार्निवल का हुआ आयोजन

रांची : यूको बैंक अंचल कार्यालय राँची के तत्वाधान में मंगलवार को एमएसएमई एग्रिकल्चर एण्ड रिसोर्स कार्निवल का आयोजन राँची के होटल एवीएन ग्रैन्ड में किया गया। इस कार्निवल में यूको बैंक प्रधान कार्यालय कोलकाता से उपमहाप्रबंधक देवाशीष नायक, मुख्य अतिथि के रूप में फेडेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट परेश गटानी तथा सेक्रेटरी जनरल आदित्य मल्होत्रा शामिल हुए। इस श्रृंखला में यूको बैंक, दिनांक 10 तथा 11 मार्च को दूसरा और 24 तथा 25 मार्च को तीसरा कार्निवल आयोजित करने जा रहा है।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा 25 फरवरी 2025 को दुर्गा सोरेन चौक के समीप, लोवाडीह नामकुम रांची में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान मे मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो एवं बीरू साहू, कलाम आजाद, अफरोज आलम, मंटू लाला, विलयम रिचर्ड लकड़ा, आदिल इमाम, शांति तिर्की, सज्जाद अंसारी, अंशु लकड़ा, सीमा लकड़ा, अनिमा एक्का, सुनीता लिंडा, राजेश सिंह, सोहेल खान, नीतू लिंडा, संजय ठाकुर, विजय रविदास, लाडले खान, गोपाल पांडेय, मो गुड्डू, राजकुमारी टोपनो, अरविन्द ठाकुर, लक्ष्मण राम, कुलदीपक कुमार, हरीश महतो, राकेश, मंजीत कुमार एवं अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख, सदस्यों और रांची जिला व महानगर के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को पार्टी के विचारधारा से अवगत कराया गया साथ ही झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व मुख्यमंत्री,राज्यसभा सांसद और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यो की जानकारी दी गई एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सहायता की गई।सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली, जिसमें मुख्य रूप से निखिल टोपनो, संजू कच्छप, अरविन्द साहू, शुभम साहू, बीरा महतो, विश्वजीत माझी, जॉय अब्राहम कच्छप, हिमांशु गुर्जर, अंकित रिचर्ड लकड़ा, सूरज शर्मा, रजनीकांत साहू, अंकित सांगा, उज्ज्वल टोप्पो, शशि उरांव, जयचंद हांसदा, गणेश रुंडा, दीपक कुमार, अनील राज, दीपक खलखो, संजय खलखो, रोहित मिंज, नवीन तिग्गा, अंशु तिर्की एवं सैकड़ों युवा रहे। सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे मुख्य रूप से पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, मंटू लाला, विलयम रिचर्ड लकड़ा एवं अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

# खाली घर में हो गई लाखो की चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सदर थाना क्षेत्र के इलाही बक्स कॉलोनी एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित वसीम जावेद ने सदर थाना में लिखित शिकायत की है, जिसमें उन्होंने बताया है कि 32 से 33 लाख रुपए,जेवर वगैरह को लेकर चोरी की गई है। वहीं घर का सामान भी बिखरा हुआ मिला। वसीम जावेद ने बताया कि वह 12 फरवरी को परिवार के साथ दिल्ली इलाज के लिए गया था । जब वह 25 फरवरी को 2−30 बजे अपना मकान में लौटा तो देखा कि ताला



टूटा हुआ है और फिर घर के अंदर घुसा तो देखा सामान बिखरा हुआ है। इस दौरान उसने देखा कि सब कुछ देखा तो पता चला कि जेवर, पैसा सब चोरी हो गई है। लगभग 32 से 33 लाख रुपए चोरी हुई है। उन्होंने बताया की चाबी का तीन गुच्छा था एक गुच्छा कहीं गिर गया , उसी में मकान की चाबी थी, वह फेरी का काम करता है, और 2023 से किराए के मकान में रह रहा है। वहीं सदर थाना के प्रभारी कुलदीप ने बताया कि जांच चल रही है । जहां तक 32 लाख रुपए की बात है तो एक इतनी बड़ी रकम स्कूटी में रखना संदेह लगता है, साथ ही पूछताछ में उन्होंने कभी बताता है कि ऑटो में ही चाबी छूट गयी थी, फिर कभी जमीन बेचने की बातें कह रहा है, पूरी बातों का मिलान करने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# पिपरवार कोलाचल में आज निकाली जाएगी शिव बारात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में महाशिवरात्रि को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।क्षेत्र के बचरा, राय,बेंती सहित अन्य जगहों पर आज शिव बारात निकाली जाएगी,जिसको लेकर आयोजन समिति के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।वहीं मंदिर प्रांगण में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।आज संध्या शिव मंदिर से शिव जी की बारात निकाली जाएगी जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण करेगा।इधर महाशिवरात्रि को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।सभी मंदिरों और चौक चौराहों में सुरक्षा बल के जवानों को सुरक्षा मे तैनात किया गया है।शरारती एंव मनचलों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।इसके अलावा सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है।किसी भी प्रकार के गलत अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में महाशिवरात्रि मनाने की अपील की है।

# विनय खलखो एव रामलखन गंझू बने विधायक प्रतिनिधि, लोगो ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** करकट्टा विश्रामपुर निवासी विनय कुमार खलखो एव जी टाइप निवासी रामलखन गंझू को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है.विनय खलखो को सीसीएल एनके एरिया भू राजस्व विभाग का विधायक प्रतिनिधि एव रामलखन गंझु को प्रखंड अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग कल्याण का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है.विधायक सुरेश बैठा ने रांची में विनय खलखो एव रामलखन गंझू को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने को लेकर नियुक्ति पत्र दिया.सुरेश बैठा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में विनय खलखो एव रामलखन गंझू के कार्य को देखते हुए खलारी प्रखण्ड सीसीएल अधिग्रहित भू राजस्व विभाग एनके एरिया एव अनुसूचित जाति जनजाति



पिछड़ा वर्ग कल्याण का विधायक प्रतिनिधि बनाया है.उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि क्षेत्र में सरकारी तथा गैर सरकारी पदाधिकारीयों से समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्यों का पूरी लगन एवं निष्ठा से पालन करेंगें तथा विधानसभा क्षेत्र में जनता के प्रति अपने कार्यों से विश्वास बनाए रखेंगे.वही विनय खलखो एव रामलखन गंझू ने कहा कि जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरी ईमानदारी के साथ क्षेत्र की जनता के लिए कार्य करेंगे.दोनो के विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर रैयत विस्थापित मोर्चा एव खलारी के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.बधाई देने वाले लोगों में मोर्चा के केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव,एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,जगरनाथ महतो,जालिम सिंह,नरेश गंझु, अमृत भोगता,कन्हाई पासी,देवपाल मुंडा,दामोदर गंझु, सुनील यादव,प्रभाकर गंझु, शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, विनोद मुंडा,शिवनाथ भोगता,छोटन भोगता,ताहिर अंसारी,राजेंद्र उरांव, प्रभु गंझू,सुनीता देवी, सावित्री देवी सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है.

## उप प्रमुख के द्वारा 6 सूत्री मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड उप प्रमुख परवेज़ राजा के द्वारा कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग के मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की को छः सूत्री माँग सौंपा गया। मांग पत्र में प्रखंड को पूर्ण स्थापना से लेकर, कृषि क्षेत्र होते हुए भी किसानों को हो रहे परेशानी और नुकसान एवं प्रखंड का एक मात्र उप स्वास्थ्य केंद्र को सुदृढ़ बनाने और क्षेत्र में आए दिन अपराधिक घटनाओं से बेख़ौफ़ अपराधियों में लगाम लगाने सहित प्रखंड को खेल के क्षेत्र में विकसित करने का ज़िक्र किया गया है।

## रामकृष्णा अकादमी विदयालय बुढ़मू का वार्षिक उत्सव मनाया गया



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू प्रखंड के रामकृष्णा अकादमी विद्यालय बुढ़मू का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा, प्रखंड के जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू सहित कई अतिथी शामिल हुए। वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा स्कूल परिसर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। और बच्चों ने अपने नृत्य व कला का प्रदर्शन किया। और कार्यक्रम में आए अतिथियों का बच्चों ने मनोरंजन कराया। इस अवसर पर विद्यालय में आए अतिथियों ने लोगों को संबोधित किया। और स्कूल से संबंधित बातें कहीं। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मौके पर बाड़े पंचायत के मुखिया अनूपा उरांव, रामकृष्णा अकादमी विद्यालय बुढ़मू के चेयर मैन रामकृष्णा साहू ,पूर्व मुखिया हरिश्चंद्र पहान, अरविंद कुमार, लक्ष्मी नाथ महतो, दिनेश महतो, प्रीतम सिंह, राबर्ट महतो, पूर्व शिक्षक मनपुरन महतो, सीताराम साहू, मंजूर खान , सोहन यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार के अलावे विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## बेड़ो में चोरों ने दो घरों में दिनदहाड़े किया चोरी

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):**बेड़ो में दो अलग अलग जगहों पर में मंगलवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पहली घटना प्रखंड सह स्वास्थ्य विभाग में बने सरकारी क्वाटर में नर्स कांति देवी के घर से दिन दहाड़े चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना से कॉलोनी में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। जहां इस घटना को लेकर पीड़िता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्स कांति देवी ने बताया कि वह सुबह में 10 बजे के लगभग ताला बंद कर ड्यूटी गई थी। ड्यूटी समाप्त होने के बाद जब अपने क्वाटर पहुंची तो देखा कि उनका आलमीरा खुला हुआ था। जिसमें रखे दस से पंद्रह नगद और एक जोड़ा पायल नहीं थे। आलमीरा में रखा सामान बिखरा पड़ा था। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो पाया है। दूसरी घटना बेड़ो देवी टोली गांव निवासी दुलारी कच्छप पति स्व0 सुका कच्छप के बंद घर में लगभग दिन के एक बजे अज्ञात चोरों ने नगद व जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। इस संदर्भ में दुलारी कच्छप ने बेड़ो थाना में अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कराई है। दुलारी ने पुलिस को बतया कि एक बजे घर में ताला लगाकर अपने पुत्र को स्कुल से लाने के लिए गई। वापस डेढ़ बजे दोपहर में जब घर आई तो घर का सामान बिखरा पड़ा था, और गोदरेज का ताला टूटा हुआ था। चेक करने पर गोदरेज में रखा बीस हजार नगद और जेवरात सहित अन्य सामान नहीं मिला। सूचना मिलने पर एएसआई भानु प्रसाद रजक ने घटनास्थल पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस दोनो घटना स्थल के आस पास में लगी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इधर बेड़ो के थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने कहा कि छान बिन व छापा मारी की जा रही है। चोरों की गिरफ्तारी शीघ्र होगी।

# संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी डा अंबेडकर की जयंती, कमेटी का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डा अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में आगामी 14 अप्रैल को डा अंबेडकर की जयंती संविधान गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी. इसे लेकर मंच की एक बैठक चमन तूरी की अध्यक्षता में हुई. मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य सरस्वती देवी व विशिष्ट अतिथि यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार उपस्थित थे.संविधान गौरव दिवस मनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया. जिसमें संरक्षक सरस्वती देवी, राजनसिंह राजा, नीरज भोगता व मनोज भुइयां, अध्यक्ष अशोक राम, कार्यकारी अध्यक्ष रवि उरांव गांगुली, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र सिह, अरूण पासवान, बुधराम मुंडा, गणेश भुइयां, जीवन राजवार, सचिव इम्तियाज अंसारी, सह सचिव अनिता गंझू, रंजना गिरि, कोषाध्यक्ष श्यामजी महतो, सह कोषाध्यक्ष कुंदन चौहान, कार्यसमिति सदस्यों में विकेश सिंह, रतनलाल, कुलदीप लोहरा, असलम अंसारी, शंभूनाथ गंझू, बीरेन्द्र नायक, सुरेन्द्र चौहान, सुरेन्द्र यादव, भोला यादव, सरोज चौधरी, बेबी देवी, सुषमा देवी, राजेन्द्र रजक, मनोज तूरी, आनंद तूरी, निशा गोप, दिलीप तूरी, विजय गंझू, भोला राम, मनीष राम शामिल है.

# आज महाशिवरात्रि महोत्सव, तैयारी पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर खलारी कोयलांचल में तैयारी पूरी कर ली गयी है. क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों को विद्युत साज-सज्जा व फूलों से सजा दिया गया है. प्रसिद्ध खलारी पहाड़ी मंदिर, जानकी मंदिर सहित क्षेत्र के करकट्टा, धमधमिया, चुरी, डकरा, राय शिवमंदिर समेत अन्य सभी शिव मंदिरों में भगवान शिव की आराधना के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है. खाशकर प्रसिद्ध खलारी पहाड़ी मंदिर एवं जानकी मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचते हैं. वहीं कई शिव मंदिरों में शिव पार्वती की विवाह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है. मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन महादेव के नाम का ध्यान करने से साधक के जीवन में हमेशा सुख-शांति बनी रहती है. महादेव और मां पार्वती की



कृपा प्राप्त होती है.

**महाशिवरात्रि के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरीकृतन की शुरुआत :** खलारी के करकट्टा शिवमंदिर प्रांगण में शिवरात्रि के मौके पर 24 घंटे का अखंड हरीकृतन की शुरुआत की गयी है. इससे पूर्व शिवमंदिर में पुजारी बिनोद मिश्रा विधिवत पूजन कराकर आरती करवाए. यजमान के रूप में उमेश कुमार अनुष्ठान किए.शिव भक्तों ने जय शिव शंकर, जय श्रीराम के जयकारे लगाये. इस अखंड में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी भाग लिया. साथ ही क्षेत्र के धमधमिया नौ नंबर शिवमंदिर, चुरी शिवमंदिर सहित अन्य कई शिवमंदिरों में अखंड हरीकृतन शुरुआत हुई. इस अखंड कृतन में श्रीभगवान सिंह, सुधीर सिंह, रमेशर सिंह, संजीव सिंह, कामता सिंह, हरगोविंद पासवान, दिलीप कुमार चौधरी, मनोज यादव, गौरव सिंह, शियाराम सिंह, प्रिंस चौहान, सोनू कुमार, अमन कुमार, दीपिका चौहान, दिव्या कुमारी, मोहित कुमार, विनय खलखो, हरेश सिंह, सतेन्द्र चौहान, अभिषेक सिंह समेत करकट्टा-विश्रामपुर के सभी लोगों का सहयोग रहा

# साधारण परिवार की महिला इफ्फत आरा शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी की बनी मिसाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** यूजीसी नेट परीक्षा में अनगड़ा प्रखंड हेसल निवासी इफ्फत आरा, पति अंसार अंसारी की पत्नी ने नेट क्वालीफाई करके प्रोफेसर असिस्टेंट बनने का गौरव हासिल की है।आजसु पार्टी अनगड़ा प्रखंड कमिटी जगरनाथ महतो के नेतृत्व में आज उनके आवास में जाकर पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए और उनके भविष्य उज्जवल भविष्य की कामना किया किये। केंद्रीय सचिव राजेंद्र साहब मुंडा ने कहा की गांव की एक साधारण महिला जो पारिवारिक



गृहस्ती संभालते हुए यह उपलब्धि हासिल की है अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा दायक है अन्य महिलाओं को भी इनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं अन्य क्षेत्र में भी अवसर तलाशने की आवश्यकता है। जिला उपाध्यक्ष गुरुजी मंच के अध्यक्ष शहजाद आलम ने कहा कि 21वीं शताब्दी में ग्रामीण क्षेत्र की बहु बेटी घर गृहस्ती संभालते हुए समाज और क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है हम सबों के लिए गर्व की क्षण है। बधाई देने के लिए मौके पर केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र सिंह भोगता, जिला सहसचिव अजीत महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष सुनील करमाली, उपाध्यक्ष गोवर्धन महतो, एससी मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन राम, जनता सरकार मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सामानता, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार साहू, उपाध्यक्ष किशुन महतो, एवं अन्य ने बधाई दी ।

## 381 महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री शिव मंदिर भुसुर प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ को लेकर मंगलवार को 381महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई।कलश यात्रा भुसुर शिव मंदिर से निकालकर गेतलसूद डैम के इंटेक गेट के समीप पुरोहित के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जल भरकर ग्रामीण भ्रमण करते हुए पुजा स्थल पहुंचकर कलश स्थापना की गई।कलश शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू भाजपा ग्रामीण पूर्व जिलाध्यक्ष जलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस तरह का महायज्ञ अनुष्ठान से गांव के साथ क्षेत्र व लोगों का मन विचलित नहीं होता है। विशिष्ठ अतिथि ओरमांझी पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरिता देवी ने कही की समय समय पर इस तरह का यज्ञ होते रहना चाहिए।जिससे प्रत्येक व्यक्ति को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलता है। बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ कथा पुज्य दीदी सुनिता साध्वी जी श्री वृंदावन धाम मथुरा के द्वारा कथा सुनाया जाएगा।मौके पर आनंद महतो,शिवधर रजवार, मंगलदेव महतो, जगदीश रजवार,रामनंदन महतो,पुजा समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद महतो, सचिव कौशल किशोर महतो,मुकेश, वार्ड सदस्य धनेश्वर, कंचन, धनेश्वर, मंजीत, मुन्ना, तिलकधारी, बालेश्वर, डिप्टी, जयलाल, शकुंतला,आशा,सीता, सुनीता,तेजनाथ,मालती सहित ग्रामीण शामिल थे।

## बचरा दक्षिणी पंचायत के दो जगहो पर लगाया गया चापानल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के दो जगहो पर झारखण्ड सरकार के द्वारा चापानल लगाया गया है।जानकारी के अनुसार बचरा दक्षिणी पंचायत के अशोक विहार कालोनी एवं बचरा चार नम्बर बैंक ऑफ इण्डिया के पास चापानल लगाया गया है।गर्मी के दिनों में पानी भी किल्लत हो जाने के कारण लोगों को यहां काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।चापानल लगने के बाद लोगों मे काफी खुशी देखी गई।दोनो स्थान पर बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी के द्वारा विधिवत पुजा-अर्चना कर एवं भोला प्रसाद के द्वारा नारियल फोड़कर बोरिंग का शुरुआत किया गया।इसके पूर्व बचरा चार नम्बर चौक, पंचवटी पुल के पार चार नम्बर स्टेशन रोड में बोरिंग कराया जा चुका है।इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि यहां चापाकल लग जाने से यहां के स्थानीय लोगों के अलावा दुकानदारों को भी काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों को सुख सुविधा एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।इस अवसर पर मुखिया रीना देवी,भोला प्रसाद,विष्णु पाण्डेय,मंटु यादव,रविन्द्र सिंह,संजय सोनी,दिवानी प्रसाद,नरेश ठाकुर,गोलु कुमार,मोहम्मद नजीम, परिमल पात्रा,प्रदीप माजी, दीपक माजी,प्रेम बारा,जय शंकर प्रसाद,अशोक प्रसाद, संदीप भास्कर,सुरेश प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि की तैयारी पुरी



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र में महाशिवरात्रि की तैयारी पुरी हो गई है।इस दौरान सिल्ली थाना मंदिर, मुरी ओपी शिव मंदिर, राजकीय रेल बैरेक शिव मंदिर, आरपीएफ बैरेक शिव मंदिर, मुरी पंप हाउस, भेलवा टुंगरी पहाड़, कोचों पहाड़, सिल्ली शिव मंदिर, टुंगरी पहाड़, समेत सभी जगह शिवरात्रि की तैयारियां पुरी हो गई है। राजकीय रेल थाना के द्वारा भव्य शिव बरात निकाला जाएगा।एवं भंडारे का आयोजन किया गया है।साथ ही भजन कीर्तन भी शामिल है।

# ट्रस्ट ने सरकारी स्कूलो का निरीक्षण कर ली समस्याओं की जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पिपरवार व आस पास के इलाको मे संचालित सरकारी स्कुलो मे अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।साथ ही सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार द्वारा दिये जा रहे योजनाओं के लाभ के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व मे ट्रस्ट के सदस्यो ने पिपरवार के बहेरा व कल्याणपूर मे संचालित सरकारी स्कूलो का निरीक्षण किया और बच्चों के पढ़ाई सहित सरकार की




तरफ से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली।इस दौरान जाहिद अली ने स्कूल मे पढ़ने वाले बच्चों से मिलकर उनकी पढ़ाई के बारे मे जानकारी प्राप्त की,साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए बच्चों को कई जानकारी दी।

वहीं उन्होंने शिक्षकों से भी मुलाकात कर स्कूल की समस्याओं की जानकारी ली।इस संबंध में ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने बताया कि सरकारी स्कूलों में अधिक से अधिक बच्चों की संख्या बढ़ाने और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बच्चों को सरकारी स्कूलों से जोड़ने को लेकर ट्रस्ट के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कुछ प्राईवेट स्कूलों में मनमानी तरीके से पढ़ाई के नाम पर पैसे की वसूली की जा रही है,ऐसे में गरीब तबके के लोगों को काफी परेशानियों का सामना पड़ रहा है।

साथ ही पढ़ाई से अधिक प्राइवेट स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।इससे परेशान वैसे अभिभावक एवं बच्चों को सरकारी स्कूलों से जोड़ने के लिए ट्रस्ट के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने बच्चों से साफ सुथरा ड्रेस पहनकर स्कुल आने एंव स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की।उन्होने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए कई सुविधा मुहैया कराई गई है,जिसका लाभ सरकारी स्कूलों मे पढ़ने वाले बच्चों को मिल रहा है।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपने-अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में कराने की अपील की है।

## सैमसंग के सर्विस सेंटर्स में बड़ा बदलाव, ग्राहकों को मिलेगा प्रीमियम अनुभव




**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नए रूप में पेश किया है, जिससे स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं को पहले से बेहतर सेवा मिलेगी। नए डिज़ाइन किए गए सर्विस सेंटर्स में आरामदायक लाउंज-स्टाइल बैठने की सुविधा, इनबिल्ट वायरलेस चार्जिंग और अत्याधुनिक तकनीक से लैस डायग्नोस्टिक टूल्स शामिल किए गए हैं। सैमसंग ने सर्विस अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन को बढ़ावा दिया है। ग्राहकों को कतारों से बचाने के लिए ऑनलाइन प्री-बुकिंग और शेड्यूल चेक-इन की सुविधा भी दी गई है। सैमसंग इंडिया में कस्टमर सैटिस्फैक्शन के वाइस प्रेसिडेंट सुनील कुटिन्हा ने कहा कि हमने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सर्विस सेंटर्स का पुनर्गठन किया है, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाएं और एक प्रीमियम अनुभव मिल सके।

## बीआईटी मेसरा और एलएंडटी एडुटेक में समझौता

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक, बीआईटी मेसरा ने एलएंडटी एडुटेक के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। यह महत्वपूर्ण समझौता उद्योग और शिक्षा जगत के बीच कौशल अंतर को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे डिजिटल युग में नई पीढ़ी के पेशेवरों को तैयार किया जा सके। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत, एलएंडटी एडुटेक ने अपनी 'एजुकेट इंडिया (लर्नकनेक्ट)' पहल की शुरुआत की है, जिसके माध्यम से छात्रों को उद्योग से जुड़ी विभिन्न उपयोगी पाठ्य सामग्रियां प्रदान की जाएगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में बीआईटी मेसरा के रजिस्ट्रार, डीन और एसोसिएट डीन (एलुमनाई रिलेशन एवं प्लेसमेंट), यूजी एवं पीजी विभागों के डीन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। एलएंडटी की ओर से संजीव शर्मा (हेड, डोमेस्टिक मार्केटिंग नेटवर्क), राजेश सिन्हा (ब्रांच मैनेजर, पूर्वी सिंहभूम) सहित अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## केंद्रीय बजट 2025 पर सांसद राजीव प्रताप रूडी का विशेष व्याख्यान चैंबर भवन में आज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । झारखंड प्रदेश भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा केंद्रीय बजट 2025 के विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन हेतु जमशेदपुर महानगर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। यह आयोजन बुधवार को बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में संपन्न होगा, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, सांसद राजीव प्रताप रूडी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा, जहां शहर के प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि व भाजपा नेतागण मौजूद रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय बजट 2025 की नीतिगत पहल, कर सुधारों, आर्थिक विकास पर प्रभाव और व्यावसायिक संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने लौहनगरी के व्यवसायियों, प्रबुद्धजनों और उद्यमियों से इस महत्वपूर्ण व्याख्यान में भाग लेने की अपील की है।

## करीम सिटी कॉलेज में स्टैंड अप कॉमेडी कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करीम सिटी कॉलेज में वूमेंस सेल द्वारा आज स्टैंड-अप कॉमेडी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की सांस्कृतिक गतिविधियों का हिस्सा था, जो परिसर में जीवंत और आकर्षक माहौल को बढ़ावा देना था। आज के कार्यक्रम में राजकुमार भगत, विशाल कुमार साहू, त्रिलोक सिंह, अब्दुल फारूक, आकाश दास तथा रौनक रोशन ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वूमेंस सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ कौसर तसनीम ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अनुमंडल क्षेत्र का सबसे भव्य शिव रात्रि, ईचागढ थाना परिसर में तैयारी जोरों पर



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का सबसे भव्य शिव रात्रि ईचागढ थाना परिसर में मनाया जाता है। इसको लेकर तैयारी जोरों पर है। जहां क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों के पूजा समिति द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाता है। हजारों लोग शिव रात्रि में शरीक होते हैं। विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। बुधवार को महा शिव रात्रि का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। शिव बारात का भव्य जुलूस निकाला जाता है जहां गाजे बाजे के साथ पुरे टीकर बस्ती का भ्रमण करते हैं और लोगों के लिए भंडारा का आयोजन किया जाता है। मौके पर थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे, एएसआई धनंजय शर्मा, नारायण साह, समिति अध्यक्ष अरुण कुमार माझी, सचिव अनिल सिन्हा, कोषाध्यक्ष बासुदेव चटर्जी, विनोद वर्मा, लालू हजाम, अमित सिन्हा , ललित घोष सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षा दे घर वापस लौट रहे छात्र सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल, एमजीएम रेफर



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मैट्रिक की परीक्षा देकर वापस अपने घर लौट रहा एक छात्र सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया. गंभीर रुप से घायल सोमा मुंडा (16) कुचाई के रोलाहातु गांव के रुधन मुंडा का बेटा है. मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सोमा मुंडा मैट्रिक की परीक्षा दे कर अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ बाइक पर सवार हो कर वापस अपने घर लौट रहा था. इस दौरान सुरसी स्कूल के पास सामने से आ रही एक बाइक से साथ उसकी सीधी टक्कर हो गयी. इस दुर्घटना में सोमा मुंडा मुंडा को काफी गहरी चोट लगी. कुचाई सीएचसी में प्राथमिक उपचार कर सोमा मुंडा को बेहतर इलाज के लिये एमजीएम, जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है. दूसरे बाइक पर सवार कुचाई के गोमियाडीह गांव के शिवलाल पुरती व निर्मल नाग को भी हल्की चोट लगी है. उनका उपचार कुचाई सीएचसी में किया जा रहा है.

## बनकुंचिया मध्य विद्यालय में जिला पार्षद ने किया साइकिल वितरण



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा उत्तरी क्षेत्र के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने मंगलवार को पटमदा प्रखंड के बनकुंचिया मध्य विद्यालय में कल्याण विभाग से आवंटित उन्नति का पहिया योजना के तहत कक्षा आठवीं के 77 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान पार्षद ने स्कूल परिसर में जिला पार्षद निधि से एक साइकिल स्टैंड का निर्माण करवाने की घोषणा की। मौके पर मुखिया गुरुचरण हेंब्रम, प्रधानाध्यापक अजीत सिंह, डॉ ओम प्रकाश, बिंदु वाला महतो आदि उपस्थित थे।

# एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, चार डॉक्टर को शो-कॉज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार द्वारा सदर अस्पताल, जमशेदपुर का औचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होने विभिन्न वार्ड का निरीक्षण कर चिकित्सीय सुविधाओं एवं संसाधनों का अवलोकन किया । ओपीडी, स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग सहित अन्य विभागों के निरीक्षण के दौरान उन्होने मरीजों से भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली । ओपीडी के निरीक्षण में चार डॉक्टर अनुपस्थित पाये गए जिनमें ईएनटी की डॉ प्रीति पांडेय, स्कीन की डॉ निकिता गुप्ता, ग्यानोकोलॉजी की डॉ गीताली घोष और डेंटल के डॉ विमलेश कुमार हैं, चारों चिकित्सकों को कार्यस्थल से बिना पूर्वानुमति अनुपस्थित रहने पर सिविल सर्जन को शो-कॉज का निदेश दिया गया । साथ ही चिकित्सकों का रोस्टर उनके कक्ष में तथा कक्ष के बाहर भी चिपकाने हेतु निदेशित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम द्वारा सभी वार्ड, शौचालय आदि में बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने, पेयजल की उचित व्यवस्था, रजिस्टर अपडेट रखने का निदेश दिया गया । वार्ड निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, नियमित अंतराल पर बेडसीट बदलना, डॉक्टर की विजिट के संबंध में पूछताछ की। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा बेहतर किए जाने के उद्देश्य से अस्पताल का निरीक्षण आगे भी किया जाएगा ताकि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कैसे हो इसे सुनिश्चित कराया जा सके।

## विधायक मंगल कालिंदी ने सदन में उठाया मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय का मामला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** षष्ठम झारखंड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र के शून्यकाल के दौरान मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा प्रखंड के बामनी स्थित मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय का मामला उठाया। अपनी बात रखते हुए विधायक ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड के बामनी स्थित मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय का भवन विगत 10 वर्षों से बनकर तैयार रहने के बावजूद अब तक उक्त विद्यालय भवन का उपयोग नहीं किया जा सका है। जिस कारण छात्र-छात्राओं को काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने लोकहित एव छात्रहित को ध्यान में रखते हुए उल्लेखित विद्यालय को सुचारु रुप से शुरु करने हेतु सरकार से मांग की है।

## महेश्वर महतो ने सरायकेला-खरसावां आजसू जिलाध्यक्ष पद के लिए पेश की अपनी दावेदारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया** । आजसू के कार्यकारी जिला अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी महेश्वर महतो ने सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी किया है। उन्होंने अपनी दावेदारी के लिए आवेदन पार्टी के केंद्रीय महासचिव व जिला सह प्रभारी हरेलाल महतो को उनके चिलगू स्थित कार्यालय में मंगलवार को सौंपा। सौंपें गए पत्र में उन्होंने अपने राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के अलावा पार्टी में दिए गए महत्वपूर्ण योगदानों का उल्लेख किया है। साथ ही झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने का भी जिक्र किया है। इस संबंध में महेश्वर महतो ने बताया कि पिछले चार दशक से झारखंड के आंदोलन से लेकर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। समाज के अंतिम व्यक्ति और गरीब गुरुवा के सेवा में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। पिछले विधानसभा चुनाव में सरायकेला विधानसभा में गठबंधन के भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के समर्थन में पूरी निष्ठा के साथ गठबंधन धर्म को निभाते हुए तन मन धन से काम किया था।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी ने चलाया तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस के अवसर पर, अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जमशेदपुर के ओरल और मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी विभाग ने टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी (टीएसजेडएस) के सहयोग से एक जागरूकता अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) के डिप्टी डायरेक्टर (जीए) डॉ. नईम अख्तर और डिप्टी डायरेक्टर (वेट) डॉ. माणिक पालित के संबोधन से हुई। उन्होंने जू के कर्मचारियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। सत्र के बाद, अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सा विशेषज्ञों, डॉ. राजीव भूषण और डॉ. अभिजीत ने अभियान की कमान संभाली। उनके साथ कॉलेज के 12 बीडीएस छात्र भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। अभियान ने 200 से अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाकर जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जमशेदपुर शाखा के आतिथ्य में हुए इस आयोजन में रांची, धनबाद, देवघर, झरिया, जामताड़ा, भागा, केंदुआ, चाईबासा सहित कई क्षेत्रों से आए लगभग 80 खिलाड़ियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और चेस जैसी प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिकेट टूर्नामेंट कॉपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में, बैडमिंटन (सिंगल एवं डबल) मोहन आहुजा इनडोर स्टेडियम में, टेबल टेनिस, कैरम और चेस की प्रतियोगिताएं राजस्थान भवन, बिष्टुपुर में आयोजित की गई। खेल परिणामः- क्रिकेट में मंडल 1 विजेता, मंडल 3 उपविजेता रहा। बैडमिंटन में कीर्तन अग्रवाल (सिंगल विजेता), कीर्तन अग्रवाल एवं हेमंत अग्रवाल (डबल विजेता) रहे। टेबल टेनिस में हिमांशु चितलंगिया (सिंगल विजेता), हिमांशु एवं हर्षित चितलंगिया (डबल विजेता) बने। चेस में केशव चौखानी विजेता तथा कैरम में सनी जैन विजेता रहे। समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अश्विनी कुमार अग्रवाल सहित अनिल मोदी, मंटू अग्रवाल, उमेश खिरवाल, सुरेश शर्मा लिप्पू, परमेंद्र शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अरुण गुप्ता, सार्थक अग्रवाल, सुगम सरायवाला, विकास अग्रवाल, विशाल पाड़िया, विजय आनंद मूनका, मानव केडिया, विनोद शर्मा, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, दिलीप कांवटिया समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित होकर युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

## बकाया वेतन नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने ठीकेदार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला जिला के कांदरबेड़ा से लेकर कमारगोड़ा तक बन रहे फोरलेन चौड़ीकरण में काम किए 27 कर्मियों का बीते तीन महीने से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने लीडिंग कंट्रक्सेन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एनएच 33 सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। कांदरबेड़ा को सोनारी जमशेदपुर से जोड़ने वाली 10 किलोमीटर लंबी सड़क के रिनोवेशन कार्य में लगे मजदूरों को तीन महीने से मजदूरी नहीं मिलने के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता बाबूराम सोरेन सड़क पर उतर आए। मंगलवार को उन्होंने सभी पीड़ित मिस्त्री एवं मजदूरों के साथ सड़क पर प्रदर्शन किया और कार्यदायी संस्था लीडिंग कंस्ट्रक्शन के अभियंता के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराने की चेतावनी दी। वहीं बाबूराम सोरेन ने कहा कि यदि 5 दिनों के अंदर 27 मजदूरों की बकाया मजदूरी राशि 89,700 रुपये का भुगतान नहीं किया गया तो लीडिंग कंस्ट्रक्शन के अभियंता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस मामले को लेकर बुधवार को वे उपायुक्त एवं श्रम अधीक्षक से मुलाकात करेंगे और उन्हें स्थिति की पूरी जानकारी देंगे ताकि मजदूरों को जल्द से जल्द उनका मेहनताना मिल सके। मजदूरों का कहना है कि उनके ठेकेदार ने तीन महीने से काम करा कर अबतक वेतन का अब तक भुगतान नहीं किया है.

## एनआईटीजेएए छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह में सात मेधावी छात्र सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडस्ट्री एवं एलुमनाई रिलेशंस डिवीजन, एनआईटी जमशेदपुर द्वारा आयोजित एनआईटीजेएए छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह 2025 अकादमिक उत्कृष्टता और पूर्व छात्र संबंधों का उत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. गौतम सूत्रधार निदेशक, एनआईटी जमशेदपुर), जितेंद्र कुमार (अध्यक्ष, एनआईटीजेएए), चित्रंजन सहाय (विशिष्ट पूर्व छात्र), रियर एडमिरल ए.के. वर्मा, प्रो. के.बी. यादव (डीन, इंडस्ट्री एवं एलुमनाई रिलेशंस), डॉ. रामकृष्ण (एसोसिएट डीन, इंडस्ट्री एवं एलुमनाई अफेयर्स), तथा अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह की मुख्य अतिथि, डॉ. मीरा मुंडा ने शिक्षा की शक्ति और समाज में योगदान देने के महत्व पर अपने विचार साझा किए। जितेंद्र कुमार ने पूर्व छात्रों द्वारा अपने संस्थान को सहयोग देने के महत्व पर जोर दिया। चित्रंजन सहाय ने 1962 के अपने अनुभव साझा किए और नवाचार व प्रायोगिक कार्यों के महत्व को रेखांकित किया। रियर एडमिरल ए.के. वर्मा ने छात्रों को पारंपरिक करियर से आगे बढ़कर नवाचार, अनुसंधान और डिजाइन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया वहीं इंटरएक्टिव सत्र में शिक्षकों, छात्रों और पूर्व छात्रों के बीच चर्चा में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और एनआईटीजेएए पोर्टल का लाभ उठाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस समारोह का प्रमुख आकर्षण छात्रवृत्ति वितरण रहा, जिसमें सात मेधावी छात्रों; अमरजीत, रितिक, कृति, अनादी, शिवम, हेमन्विता और प्रियांशु को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व क्षमता और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही यह घोषणा की गई कि अगले वर्ष से छात्रवृत्ति राशि बढ़ाकर 51,000 प्रति छात्र कर दी जाएगी। इंडस्ट्री एवं एलुमनाई रिलेशंस डिवीजन ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज के कार्यक्रम में संस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र - छात्राओं के अलावा कई पूर्ववर्ति छात्र, डीन, प्रोफेसर्स के साथ साथ संस्थान के कुलसचिव कर्नल निशीथ कुमार राय एंव मिडिया प्रभारी सुनील कुमार भगत भी उपस्थित रहें।

## केयू में कुलपति की पदस्थापना जल्द किया जाए : गागराई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** विस में कोल्हान विश्व विद्यालय में कुलपति का पद लंबे समय से रिक्त होने का खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने मंगलवार को विधान सभा के बजट सत्र के दौरान मामला उठाया. तारांकित प्रश्न के जरिये इस मामले को उठाते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कुलपति का पद रिक्त होने से केयू में कार्य प्रभावित हो रही है. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय के ओर से लिखित उत्तर में कहा गया है कि राज्यपाल कुलाधिपति ने कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त को प्रभारी कुलपति नामित किया है. नीतिगत मामलों पर निर्णय राज्यपाल के अनुमोदन से लिये जाने का निर्देश है. राज्यपाल सचिवालय के द्वारा कोल्हान विश्व विद्यालय के कुलपति की नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है.

## शिवरात्रि पर स्वर्णरेखा घाट में होगा भव्य आरती का आयोजन, तैयारी जोरों पर : आयोजन समिति




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अगुवाई में स्वर्णरेखा आरती आयोजन समिति के द्वारा आस्था का संगम कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम के तैयारियों को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए आयोजन समिति के मनोज झा ने बताया कि कुंभ के इस विश्व विख्यात मुहूर्त पर शिवरात्रि के पावन अवसर पर जो लोग कुंभ नहीं जा सकें हैं वे स्वर्णरेखा घाट पर संध्या बेला में मनमोहक आरती का आनंद लें सकते हैं जिसमें बनारस के अस्सी घाट के प्रसिद्ध आचार्य मोहित जी के नेतृत्व में काशी के पंडित भव्य स्वर्णरेखा आरती करेंगे, इसके साथ ही नदी पूजन भी स्थानीय पुरोहितों के देख रेख में किया जायेगा, जिसमें संध्या 5 बजे पहले नदी पूजन उसके बाद भव्य आरती का आयोजन होगा, इस दौरान अलौकिक पुष्प वर्षा एवं सुन्दर आतिशबाजी भी की जाएगी! उन्होंने बताया कि इसको लेकर निमंत्रण पत्र बाँटे जा रहे हैं, इस बार एक लाख से ज्यादा लोगों का जुटान होगा एवं शिव जी से जुडी विभिन्न कलाकृति विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, साथ ही स्थानीय कलाकार भजनो की अमृत वर्षा करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के मनोज झा, बबुआ झा, सुरेंद्र गुप्ता, अजय मिश्रा, बबन शुक्ला, लखीन्द्र करुआ, अनिल सिंह, ईश्वर सिंह, प्रभात ठाकुर, संजय तिवारी, अश्वनी सिंह, सुनील गुप्ता, कैलाश रजक समेत आयोजन समिति के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में कुकड़ू प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में कोटपा अधिनियम (सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम) 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में तम्बाकू उत्पाद से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके रोकथाम के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधि और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनंत कुमार महतो, आरबीएसके के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बंकीम चंद्र पॉल, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रामेश्वर तिर्की, एएनएम बेबी महतो, एमपीडब्ल्यू हिरालाल मंडल समेत कई मुखिया ग्राम प्रधान एवं प्रखंड व अंचल कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

रांची, बुधवार, 26 फरवरी 2025 | पेज 6


## विचार प्रवाह

संपादकीय

## पर्यटन परिसर, महज होटल नहीं

**हिमाचल** पर्यटन विकास निगम को घाटे से उबारने तथा निजी होटलों की प्रतिस्पर्धा में निखारने के लिए तरुण श्रीधर कमेटी की रिपोर्ट पर गौर फरमाएं, तो अपनी क्षमता का सदुपयोग सार्वजनिक क्षेत्र कर सकता है। कमेटी निगम के बोझ को हल्का करने के लिए इसके ट्रांसपोर्ट व इंजीनियरिंग विंग को अलविदा कहने के अलावा आउटसोर्स भर्तियों की नालायकी को भी अव्यावसायिक मान रही है। मोटे तौर पर देखें तो यह 55 सरकारी होटलों के ढर्रे और ढांचे पर सवाल उठा रही है। बेशक कार्यप्रणाली में सुधार के पहले भी प्रयत्न हुए और अब भी श्रीधर कमेटी इस दिशा में अनेक उपायों की सिफारिश कर रही है। समझना यह होगा कि होटल चलाना साधारण व्यवसाय नहीं और न ही यह विभागीय तौर-तरीकों से चल सकते हैं, लिहाजा यहां प्रोफेशनल को विशेष अनुबंध पर नियुक्त करना होगा। सभी होटलों को जगह, सेवा, स्कोप और भविष्य की दृष्टि से वर्गीकृत करते हुए, सैलानियों, सामाजिक और घरेलू मांग के आधार पर विकसित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए जोगिंद्रनगर में पर्यटन निगम की संपत्ति को वेडिंग जोन की तरह इस्तेमाल करना चाहिए ताकि वहां वैवाहिक समारोह आयोजित किए जा सकें, लेकिन इसके साथ मार्केटिंग का वर्तमान ढर्रा भी बदलना होगा। एचपीटीडीसी को बड़े भोज में स्थानीय स्तर पर वेंडर्स से तालमेल बनाना होगा। राज्य स्तरीय दृष्टि से अगर प्रदेश के वेंडर्स व रसोइयों का पैनल बनाकर पर्यटन निगम अपनी शहरी संपत्तियां में बड़े आयोजनों की मेहमाननवाजी का सफल किरदार अख्तियार करे, तो कितने परिसर महज होटल नहीं रहेंगे। सरकारी होटलों को अपने काम, प्रदर्शन, व्यवहार और उपयोगिता की कतार बदलनी है। ऐसा क्यों नहीं होता कि प्रदेश के प्रमुख हाईवे या फोरलेन के मध्य एचपीटीडीसी के गार्डन रेस्तरां, फ्लोटिंग रेस्तरां, रिवाल्विंग रेस्तरां व ट्री टॉप रेस्तरां की एक श्रृंखला का विकास किया जाए। निगम अपने स्तर पर कृत्रिम झीलें, घाट व मनोरंजन स्थल विकसित करके रेस्तरां को पिकनिक स्पॉट बना दे। ऊना-चिंतपूर्णी के बीच 'बाम्बे पिकनिक स्पॉट' ने अपने चार दशक के वजूद को उस सडक़ से गुजरते हर सैलानी का डेस्टिनेशन बना दिया, लेकिन एचपीटीडीसी आज तक ऊना, हमीरपुर, मंडी या बैजनाथ से गुजरते पर्यटकों के ठहराव को अपने आतिथ्य में चिन्हित नहीं कर पाया। इस दौरान पर्यटन का सलीका और सैलानियों का वर्ग बदल गया। हिमाचल में युवा पर्यटक सबसे अधिक रुचि के साथ आ रहे हैं, तो उन्हें हॉस्टल या टैंट कालोनियों में जगह चाहिए। ऐसे में ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग व रिवर राफ्टिंग साइट्स के करीब इस तरह की सुविधाएं बढ़ानी चाहिएं। कई सरकारी होटलों को पर्यटक छात्रावास के रूप में पेश करने की जरूरत है। दूसरी ओर कुछ होटलों को व्यावसायिक जरूरतों के अनुरूप कारपोरेट गतिविधियों के अनुरूप स्तरोन्नत करना होगा। बीबीएन में इस तरह के होटल की जरूरत है, तो राजधानी समेत कुछ बड़े शहरों में भी इसी लक्ष्य से कुछ होटल चिन्हित करने पड़ेंगे। प्रदेश के पांच सबसे अहम पर्यटक स्थलों में स्थित निगम के होटलों को नए अवतार में पेश करने की जरूरत है, तथा हर शहर में बैंक्वेट हाल जोडऩा चाहिए।


मोटे तौर पर देखें तो यह 55 सरकारी होटलों के ढर्रे और ढांचे पर सवाल उठा रही है। बेशक कार्यप्रणाली में सुधार के पहले भी प्रयत्न हुए और अब भी श्रीधर कमेटी इस दिशा में अनेक उपायों की सिफारिश कर रही है। समझना यह होगा कि होटल चलाना साधारण व्यवसाय नहीं और न ही यह विभागीय तौर-तरीकों से चल सकते हैं, लिहाजा यहां प्रोफेशनल को विशेष अनुबंध पर नियुक्त करना होगा। सभी होटलों को जगह, सेवा, स्कोप और भविष्य की दृष्टि से वर्गीकृत करते हुए, सैलानियों, सामाजिक और घरेलू मांग के आधार पर विकसित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए जोगिंद्रनगर में पर्यटन निगम की संपत्ति को वेडिंग जोन की तरह इस्तेमाल करना चाहिए ताकि वहां वैवाहिक समारोह आयोजित किए जा सकें, लेकिन इसके साथ मार्केटिंग का वर्तमान ढर्रा भी बदलना होगा। एचपीटीडीसी को बड़े भोज में स्थानीय स्तर पर वेंडर्स से तालमेल बनाना होगा। राज्य स्तरीय दृष्टि से अगर प्रदेश के वेंडर्स व रसोइयों का पैनल बनाकर पर्यटन निगम अपनी शहरी संपत्तियां में बड़े आयोजनों की मेहमाननवाजी का सफल किरदार अख्तियार करे, तो कितने परिसर महज होटल नहीं रहेंगे।


### दुनिया में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए आज सामाजिक न्याय की जितनी जरूरत है उतनी पहले शायद पहले नहीं थी

## सामाजिक न्याय की पिच पर नई सोशल इंजीनियरिंग अपेक्षित

ललित गर्ग


अधिक न्यायसंगत, अधिक समान, अधिक मानवीय समाज बनाने की आवश्यकता की याद दिलाना। इसका उद्देश्य हमें यह पहचानने में मदद करना है कि मनुष्य के रूप में हमने जितनी भी प्रगति की है, उसके बावजूद कई बाधाएं अधिसंख्य लोगों को एक निष्पक्ष एवं समानतापूर्ण जीवन जीने से रोकती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'समावेश को सशक्त बनाना : सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटना'। थीम प्रणालीगत असमानता को दूर करने में समावेशी नीतियों, निरंतर सीखने और सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है


**विश्व** सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसमें गरीबी, लैंगिक असमानता, महंगाई, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयास शामिल हैं। अधिक न्यायसंगत, अधिक समान, अधिक मानवीय समाज बनाने की आवश्यकता की याद दिलाना। इसका उद्देश्य हमें यह पहचानने में मदद करना है कि मनुष्य के रूप में हमने जितनी भी प्रगति की है, उसके बावजूद कई बाधाएं अधिसंख्य लोगों को एक निष्पक्ष एवं समानतापूर्ण जीवन जीने से रोकती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है 'समावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटना'। थीम प्रणालीगत असमानता को दूर करने में समावेशी नीतियों, निरंतर सीखने और सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। इसे पहली बार साल 2009 में मनाया गया था। दुनिया में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए आज सामाजिक न्याय की जितनी जरूरत है उतनी पहले शायद पहले नहीं थी। दुनिया में राजनैतिक विभाजन पहले से अधिक हो रहा है एवं समुदायों में असुरक्षा ज्यादा बढ़ती दिख रही है। हम सब मिलकर जाति-धर्म, गरीबी- अमीरी, वंश-वर्ग आदि सारे भेदभाव को भुलाकर एक स्वस्थ एवं आदर्श समाज की स्थापना करें और मानव अधिकारों का सम्मान करें, यही इस दिवस का मूल उद्देश्य है। सामाजिक न्याय की पिच पर ही नई सोशल इंजीनियरिंग तैयार हो सकती है। यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो आज अधिक प्रासंगिक है। इस संदर्भ में निष्पक्षता का अर्थ है शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, न्याय और अन्य के समान मानकों तक समान पहुंच। सभी की इन चीजों के समान मानकों तक समान पहुंच होनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लैंगिकता, लिंग या वर्ग कुछ भी हो। विश्व सामाजिक न्याय का मतलब है, ऐसा समाज बनाना जहां सभी लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिलें। सामाजिक न्याय के ज़रिए समाज की आर्थिक और सामाजिक विषमताओं को कम करने की कोशिश की जाती है और सभी नागरिकों को सामाजिक समानता देने के प्रयास किये जाते हैं। समाज की सामान्य भलाई के लिए दूसरों की



देखभाल एवं सहायता करने की ज़िम्मेदारी और सभी को अपनी ज़िंदगी में सुधार करने के लिए समान अवसर मिले, इसके लिये यह दिवस एक आह्वान है। सामाजिक न्याय की आकांक्षा, यह सुनिश्चित करती है कि हर कामकाजी पुरुष और महिला को अपने योगदान के मुताबिक उचित हिस्सा मिले, जो सामाजिक न्याय, सामाजिक एकजुटता, आर्थिक विकास, और मानव प्रगति के लिए ज़रूरी है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस को सफल बनाने के लिए कई देश एक साथ मिलकर बेरोजगारी, गरीबी, जाति भेदभाव, लिंग और धर्म के नाम पर बंटे लोगों को एकजुट करने की कोशिश करते हैं। भारत में भी सदियों से लोगों को समान अधिकार देने का विधान रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए कई प्रावधान हैं। समाज में यह जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि सभी एक हैं और किसी में भी कोई भेदभाव नहीं देखना चाहिए। भारत सरकार भी कई योजनाएं चला रही हैं। एक विचार के रूप में सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। इसके मुताबिक किसी के साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। हर किसी के पास इतने न्यूनतम संसाधन होने चाहिए कि वे 'उत्तम जीवन' की अपनी संकल्पना को धरती पर उतार पाएँ। विकसित हों या विकासशील, दोनों ही तरह के देशों में राजनीतिक सिद्धांत के दायरे में सामाजिक न्याय की इस अवधारणा और उससे जुड़ी अभिव्यक्तियों का प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है। भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय का नारा वंचित समूहों की राजनीतिक गोलबंदी का एक प्रमुख आधार रहा है। उदारतावादी मानकीय राजनीतिक सिद्धांत में उदारतावादी-समतावाद से आगे बढ़ते हुए सामाजिक न्याय के सिद्धांतीकरण में कई आयाम जुड़ते गये हैं। मसलन, अल्पसंख्यक अधिकार, बहुसंस्कृतिवाद, मूल निवासियों के अधिकार आदि। इसी तरह, नारीवाद के दायरे में स्त्रियों के अधिकारों को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर सिद्धांतीकरण हुआ है और स्त्री-सशक्तीकरण के मुद्दों को उनके सामाजिक न्याय से जोड़ कर देखा जाने लगा है। अनेक असमानताओं, आग्रहों, समस्याओं के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सामाजिक न्याय के उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार का सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को समाज के वंचित एवं हाशिए पर पड़े वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों आदि के कल्याण, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण का दायित्व सौंपा गया है। मोदी ने कहा भी है कि सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं, संतुष्टिकरण से आता है। सरकार के द्वारा कई योजनाएं के अंतर्गत लोगों को समान अधिकार देने की कोशिश की जा रही है। साथ ही समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, ऊंचनीच को जड़ से समाप्त करते हुए इससे समस्त समाज का एकसाथ विकास का प्रयास हो रहा है। हम जिस लोकतंत्र में जी रहे हैं वह लोक-समानता का लोकतंत्र है या लोक-विभेद का? हम जो स्वतंत्रता भोग रहे हैं वह समानता की स्वतंत्रता है या अराजक एवं असमानता की? हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि 'यह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैं।' रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि 'मनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून है।' लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है।

दृष्टि कोण

## प्रदेश में वित्तीय अनुशासन की जरूरत

**वर्तमान** में हिमाचल प्रदेश एक छोटा सा पहाड़ी राज्य, जिसके पास आय के बहुत सीमित साधन हैं, देश के सबसे ज्यादा कर्ज लेने वाले राज्यों में शुमार हो चुका है। यह स्थिति राज्य के गंभीर आर्थिक संकट को उजागर करती है, जहां पिछले कुछ वर्षों में लिया गया कर्ज केवल प्रदेश के विकास के लिए नहीं, बल्कि चुनावी लाभ प्राप्त करने के लिए खर्च किया गया है। यह एक ऐसी समस्या बन चुकी है, जिसका समाधान न तो सत्ता और विपक्ष के राजनीतिक टकरावों में है, न ही कर्ज के आंकड़ों को बढ़ाकर राजनीतिक फायदा हासिल करने में। प्रदेश के वित्तीय असंतुलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हिमाचल अब एक कर्जदार राज्य नहीं, बल्कि कर्ज के जाल में फंसा हुआ राज्य बन चुका है। विधानसभा के बजट सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच हो रहे आरोप-प्रत्यारोप से कहीं अधिक महत्वपूर्ण यह सवाल है कि हम अपनी वित्तीय स्थिति को कैसे सुधारें और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए स्थायी उपाय क्या हो सकते हैं। वर्तमान में, राज्य का राजकोषीय उत्तरदायित्व और कर्ज की सीमा दोनों ही बढ़ रही हैं। अगर इस कर्ज को चुकाने की क्षमता में वृद्धि नहीं होती, तो यह स्थिति प्रदेश के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। इसके आलावा राज्य सरकारों को चुनावी राजनीति के लिए फ्रीबीज से बचना चाहिए। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के वक्त की जाने वाली मुफ्त की योजनाओं पर सख्त टिप्पणी की, जो कि कहीं न कहीं सरकारों के लिए एक चेतावनी है। हमारे मार्गदर्शक और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार भी कई बार सरकारों द्वारा फ्रीबीज और मुफ्त की रेवडियां बांटने की संस्कृति से होने वाले नुकसान पर अपनी चिंता व्यक्त कर चुके है। पिछले दो वर्षों में राज्य ने 25000 करोड़ का कर्ज लिया है और पुराने कर्ज को चुकाने के लिए लगभग 7000 करोड़ की अतिरिक्त उधारी उठानी पड़ी है। अब तक हिमाचल ने लगभग 98000 करोड़ का ऋण लिया है, और कर्ज लेने की प्रक्रिया में निरंतरता बनी हुई है। यह कर्ज न केवल एक भारी आर्थिक बोझ बन चुका है, बल्कि भविष्य में यह हमारे आर्थिक संतुलन को और भी बिगाड़ सकता है। कर्ज का बढऩा असमानता और आर्थिक असंतुलन को बढ़ावा देगा, जो प्रदेश के विकास में रुकावट पैदा करेगा। राज्य के बोर्ड और निगम घाटे में चल रहे हैं, और इसके बावजूद सरकार का ध्यान कर्ज जुटाने पर केंद्रित है। सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब कर्मचारियों के वेतन के लिए भी कर्ज लिया जा रहा है। यह स्थिति दर्शाती है कि क्या राज्य सरकार के पास खर्चों को नियंत्रित करने और वित्तीय अनुशासन लागू करने का कोई उपाय नहीं है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह केंद्र सरकार की विनिवेश नीति से कुछ सीखें और घाटे में चल रहे बोर्ड और निगमों से अपनी हिस्सेदारी खत्म करे। केंद्र सरकार कई सरकारी उपक्रमों की बिक्री करके अपने बजट घाटे को पूरा कर रही है, वहीं हिमाचल को भी अपने घाटे को कम करने के लिए ऐसे कदम उठाने चाहिए। लेकिन अफसोस, राज्य सरकार की प्राथमिकताएं फिजूलखर्ची और नए कार्यालयों के निर्माण पर केंद्रित हैं, जबकि प्रदेश की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं। हिमाचल के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वह अपनी आर्थिक नीति को निष्ठा और अनुशासन के साथ लागू करे। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना आवश्यक है। साथ ही, पर्यटन क्षेत्र में भी हमें अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सैलानियों की संख्या बढ़ाकर इस क्षेत्र से अधिक राजस्व जुटाया जा सकता है। हवाई सेवाओं को सुधारकर और पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की आय में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश को अपने प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग करना चाहिए, विशेषकर जलविद्युत क्षेत्र में। हिमाचल में जलविद्युत उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन उनका पूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है। यदि सरकार इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाए और निजी क्षेत्र को साथ लेकर चले, तो यह राज्य के लिए एक बड़ा राजस्व स्रोत बन सकता है। इसके साथ ही स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करना और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। यदि सरकार इन ठोस कदमों को उठाती है, तो आने वाले समय में राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। लेकिन यह तभी संभव है जब हम राजनीतिक गुटबंदी और आरोप-प्रत्यारोप की बजाय राज्य की समृद्धि के लिए ठोस और प्रभावी निर्णय लें। कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश को अपने वित्तीय संकट से उबारने के लिए एक ठोस, पारदर्शी और दीर्घकालिक वित्तीय नीति की आवश्यकता है। केवल कर्ज लेकर हम न तो प्रदेश का विकास कर सकते हैं और न ही आने वाली पीढियों के लिए एक स्थिर आर्थिक ढांचा बना सकते हैं।

कुछ अलग

## जादुई छड़ी कहां है...

**मसला** बहुत सीरियस है। आतंकवाद, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भी सीरियस। सरकार कह रही है कि 'मंहगाई रोकने के लिए उसके पास कोई जादुई छड़ी नहीं है।' विपक्ष कह रहा है कि जादुई छड़ी सरकार के पास ही है, लेकिन सरकार इस छड़ी को इस्तेमाल नहीं कर रही। सरकार और विपक्ष के बयानों में विरोधाभास से पूरे मुल्क में कन्फ्यूजन पैदा हो गई है। गली, मोहल्लों, कूचों से लेकर सरकारी दफ्तरों और दारू के ठेकों तक में अगर किसी करंट टापिक को लेकर चर्चा है तो बस यही कि जादुई छड़ी आखिर गई कहां? मुल्क में बाहर से कोई लुटेरा भी नहीं आया और न ही किसी थाने में जादुई छड़ी गुम होने की एफआईआर दर्ज है। फिर कहां गई जादुई छड़ी? क्या सरकार में बैठी किसी पुण्यात्मा ने इसे अपने लॉकर में छिपा दिया है या फिर आतंकवादियों ने जादुई छड़ी किडनैप कर ली है? चर्चाएं तरह-तरह की हैं। जितने मुंह, उतनी बातें। अब कहने वालों का कोई मुंह थोड़े ही पकड़ा जा सकता है? कोई कह रहा है कि जादुई छड़ी गायब या किडनैप नहीं हुई, बल्कि सरकार ने मल्टीनेशनल कंपनियों व देश के बड़े औद्योगिक घरानों के पास इसे गिरवी रखकर लोन लिया हुआ है ताकि सरकार चलाई जा सके। कोई कह रहा है कि सरकार ने जादुई छड़ी गिरवी नहीं रखी बल्कि मुनाफाखोरों और जमाखोरों को बेच दी है। बातों-बातों में कुछ लोग यह कहने से भी नहीं चूक रहे कि इस सरकार के पास ले-देकर एक जादुई छड़ी ही थी, जिसकी हिफाजत भी सरकार नहीं कर पाई। लिहाजा यह खेद का विषय है। इन तमाम चर्चाओं के बीच एक सज्जन सरकार का पक्ष लेते हुए कह रहे हैं कि 'सरकार का काम जादुई छड़ी की हिफाजत करना नहीं बल्कि सरकार में बैठे अपने लोगों के हितों की हिफाजत करना होता है।' सरकार के हिमायती एक और सजन फरमा रहे हैं कि 'सरकार बहुत बड़ी पावर होती है। वह अपने पास कोई छड़ी-वड़ी नहीं बल्कि लाठी रखती है जिससे गरीब आदमी को हांका जाता है।' एक अन्य सज्जन उसकी बात काटते हुए कहते हैं, 'लाठी सरकार के पास नहीं बल्कि गुंडों, लठैतों और बाहुबलियों के पास होती है जिससे वे मुल्क को हांकते हैं।' तीसरे सज्जन की दलील है कि लाठी सरकार और बाहुबलियों दोनों के पास होती है क्योंकि दोनों का काम हांकना है। एक चौथे सज्जन फरमाते हैं कि सरकार के पास छड़ी या लाठी नहीं बल्कि चाबुक होता है, जिसके दम पर वह लोकतंत्र के छकड़े को ठेलती है। विषय से विषयांतर कर रहे लोगों को हडक़ाते हुए पांचवें सज्जन ने कहा- 'बात जादुई छड़ी को लेकर हो रही थी, इसमें लाठी और चाबुक जैसी दो कौड़ी की आइटमें कहां से आ गई?' छठे सज्जन का कहना है कि महंगाई लाठी या चाबुक से नहीं बल्कि जादुई छड़ी से ही रुक सकती है और जादुई छड़ी चूंकि सरकार के पास है नहीं, इसलिए महंगाई पर हाय-तौबा मचाना फिजूल है। सातवें सज्जन ने सुझाव दिया कि मुल्कवासियों को अपने सारे धंधे छोडक़र जादुई छड़ी ढूंढने में लग जाना चाहिए। इस पर तैश में आकर आठवें सज्जन ने कहा कि लोग अपने धंधे क्यों छोड़ें? सरकार को अपने धंधे छोडक़र जादुई छड़ी ढूंढनी चाहिए। नौवें सज्जन का कहना है कि सरकार को यह काम सीबीआई को सौंप देना चाहिए।

देश दुनीया से

## भारत-अमरीका आर्थिक रिश्तों का नया दौर

**हाल** ही में 17 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा प्रकाशित की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक भले ही अमरीका भारत के उत्पादों पर 15 से 20 फीसदी का उच्च टैरिफ लगाए, लेकिन इसके बावजूद अमरीका को होने भारतीय निर्यात में कुल गिरावट केवल 3 से 3.5 फीसदी के आसपास ही रहने का अनुमान है। जबकि इसके दूसरी ओर भारत-अमरीका की द्विपक्षीय वार्ता से अब भारत-अमरीका के आर्थिक रिश्तों का जो नया दौर शुरू होगा, वह भारत के लिए कुल निर्यात बढ़ाने और अन्य वैश्विक कारोबार में भी लाभप्रद होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से लेने में अच्छी तरह से कामयाब दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रणनीतिक रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निष्पक्ष, मुक्त, पारस्परिक व्यापार के लिए एक योजना के तहत आगे बढ़े हैं और यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अमरीका अब भारत की ओर से बहुत ज्यादा टैरिफ वसूले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा तथा रेसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक समान टैरिफ से व्यापार असंतुलन की चिंताओं को कम करेगा। ट्रंप ने सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ यानी प्रतिस्पर्धात्मक शुल्क लगाने का ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि जो देश अमरीका पर जितना टैरिफ लगाता है, उस पर अमरीका भी उतना ही टैरिफ लगाएगा। गौरतलब है कि द्विपक्षीय वार्ता में भारत और अमरीका दोनों देशों ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने अमरीका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमरीकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की है।



दोनो देशों ने द्विपक्षीय बातचीत के दौरान भारत और अमरीका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डॉलर का लक्ष्य निर्धारित किया है। ट्रंप ने कहा कि अमरीका अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के तहत भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि भारत और अमरीका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच हुई अत्यधिक उत्साहजनक और सकारात्मक द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत और अमरीका के बीच टैरिफ संबंधी चुनौतियों के बावजूद कारोबार के नए ऐतिहासिक अध्यायों की डगर आगे बढऩे की संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। क्योंकि ट्रंप भारत की ओर से अमरीकी उत्पादों पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की शिकायत करते हुए भारत पर भी टैरिफ लगाने की बात लगातार कहते आए हैं, अब उनके द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति से भारत के भी अधिक टैरिफ वसूली की सीमा में आने की आशंका है। भारत ने पहले से ही इस बात को समझा है कि ट्रंप एक हाथ से लेने व दूसरे हाथ से देने में विश्वास करते हैं। यही कारण है कि भारत ने देखते ही देखते अपने यहां कुछ अमरीकी सामान पर टैरिफ कम करना शुरू कर दिया। एक फरवरी को पेश वर्ष 2025-26 के बजट में भारत ने अमरीका से आने वाली वस्तुओं जैसे महंगी मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही अब द्विपक्षीय वार्ता के आधारों पर दोनों देश एक-दूसरे के लिए उपयुक्त टैरिफ की डगर पर आगे बढ़ेंगे।

निसंदेह ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्वीकरण की जगह 'मेरा अमरीका प्रथम' की धारणा को उच्च प्राथमिकता देते हुए अमरीका की आत्मनिर्भरता की डगर पर बढऩा शुरू कर दिया है। यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जहां एक फरवरी को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन पर एक्स्ट्रा 10 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया, वहीं 4 फरवरी को चीन ने पलटवार करते हुए अमरीका पर 15 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। इससे अमरीका और चीन के बीच ट्रेड वार का नया दौर शुरू हो गया है। यह ट्रेड वार भारत के लिए नए अवसर खोल सकता है। ऐसी अनुकूलता के बावजूद भी भारत के सामने नई द्विपक्षीय वार्ता से निर्मित चुनौतियों से निपटने की चिंताएं हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि व्हाइट हाउस की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ पर जारी एक फैक्टस शीट में कहा गया है कि अमरीका जिन देशों को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा देता है, उनके कृषि उत्पादों पर औसतन 5 फीसदी टैरिफ लगाता है, लेकिन भारत जिन देशों को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा देता है, उनके कृषि उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाता है। ट्रंप दोनों तरफ से बराबर टैरिफ चाहते हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि अगर ट्रंप प्रोडक्ट के ऊपर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे, तो भारत पर अधिक असर नहीं पड़ेगा क्योंकि अमरीका जो प्रोडक्ट भारत निर्यात करता है भेजता है, वो कई प्रोडक्ट भारत अमरीका को नहीं भेजता है। लेकिन अगर अमरीका सेक्टर के तहत टैरिफ लगाता है, तो हो सकता है कि भारत को कुछ उत्पादों के निर्यात में मुश्किल का सामना करना पड़े और ऐसे में अमरीका के रेसिप्रोकल टैक्स से काफी असर पड़ सकता है। बहुत सारे उत्पाद जैसे टेक्सटाइल और कृषि उत्पादों में भारत का आयात शुल्क ज्यादा है, अगर अमरीका भी वैसे आयात शुल्क उन्हीं सेक्टर के अलग-अलग प्रोडक्ट में लगाने लगे, तो भारत के लिए काफी मुश्किल हो जाएगी। रेसिप्रोकल टैरिफ से भारत का निर्यात प्रभावित होगा। टैरिफ के अलावा अमरीका ने द्विपक्षीय वार्ता में कहा है कि भारत को अमरीका से ज्यादा तेल मंगाना होगा। ऐसे में इस समय सबसे अधिक तेल कम मूल्यों पर रूस से स्थानीय मुद्रा रूबल के भुगतान से प्राप्त हो रहा है, वह अधिक मात्रा में अमरीका से लेने पर डॉलर में भुगतान करना होगा।

आप का नजरीया

## एमएसपी की गारंटी या नहीं

**आखिर** केंद्र सरकार और आंदोलित किसानों के बीच सहमति कब बनेगी? केंद्र सरकार स्पष्ट कब करेगी कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देगी अथवा नहीं? सरकार और किसानों के बीच बीसियों बैठकें हो चुकी हैं। मौजूदा दौर की यह छठी वार्ता थी, जो बेनतीजा ही रही। अब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं। उनसे पहले नरेन्द्र तोमर इस संवैधानिक पद पर थे। उन्होंने भी किसानों के अलग प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की बेनतीजा बैठकें की थीं। अब संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की अगुआई में 13 फरवरी, 2024 से किसान आंदोलित हैं और शंभु बॉर्डर तथा हरियाणा में जींद से सटे खनौरी बॉर्डर पर धरना दिए हुए हैं। 70 साल के बुजुर्ग, कैंसर के मरीज, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल बीती 26 नवंबर से आमरण अनशन पर हैं। अन्न का दाना भी नहीं खा रहे, अलबत्ता मेडिकल ऐड जरूर ले रहे हैं, ताकि जिंदा रहकर आंदोलन जारी रख सकें। कृषि मंत्री समेत अन्य मंत्रियों ने भी अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया, लेकिन किसान नेता की एक ही बुनियादी मांग है कि सरकार फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी दे। पहले दिल्ली बॉर्डर पर भी किसान आंदोलन करीब 378 दिन चला था और अब भी 374 दिन बीत चुके हैं। दिल्लीवाला आंदोलन प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन के बाद वापस लिया गया था कि सरकार एमएसपी को प्रभावी बनाएगी। क्या प्रधानमंत्री के आश्वासन की कोई कीमत नहीं होती? एक कमेटी जरूर बनाई गई थी, जिसकी 6 बड़ी बैठकें हो चुकी हैं। छोटी बैठकें तो कई हुई हैं, लेकिन बैठकों के निष्कर्ष क्या रहे, आजतक उनका सार्वजनिक खुलासा नहीं किया गया। आखिर बातचीत के ढोंग कब तक किए जाते रहेंगे? एमएसपी का मुद्दा 1966 में पहली बार सामने आया था, जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। उनके बाद मोरारजी देसाई, चरण सिंह, फिर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, वीपी सिंह, चंद्रशेखर, पीवी नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, फिर वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहे। बेशक उनके कार्यकालों के दौरान एमएसपी का मुद्दा उठता रहा होगा। यदि सुलझ नहीं सकता, तो मुद्दे को दफना देना चाहिए था। आंदोलन तो होते रहते हैं। अब नरेन्द्र मोदी बीते 11 सालों से प्रधानमंत्री हैं। उनके दौर में ही एमएसपी की कानूनी गारंटी का मुद्दा पुरजोर उठाया जाता रहा है। आखिर यह मुद्दा कितना पेचीदा है, जो सुलझ ही नहीं पा रहा है और लटका हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का किसान की आय 2022 तक दोगुनी करने का वायदा भी खोखला साबित हुआ। किसानों पर 21 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। मनमोहन सरकार में कर्ज माफ करने के बावजूद आज भी कर्ज है। इसका जवाब भी सरकार को ही देना पड़ेगा। जाहिर है कि किसान की आमदनी पर्याप्त नहीं है, लिहाजा वह कर्ज लेने को विवश है। कृषि मंत्री मानते हैं कि खेती की आत्मा किसान ही हैं और कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि ने ही कोरोना महामारी के दौर में देश की अर्थव्यवस्था को बचाए रखा और विकास दर करीब 3.5 फीसदी रही। कृषि मंत्री की मान्यता के बावजूद किसानों को उनकी मेहनत, फसलों की माकूल कीमत क्यों नहीं मिल पा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार कुन्दन पासवान की पहल पर चलाया गया सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर, चुंदरु धाम, उड़सू, टंडवा के प्रागण में पत्रकार कुंदन पासवान की सार्थक पहल व विक्रम कुमार ठाकुर की सहियोग से मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पूजन में व धर्म प्रेमियों की हित में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया है। मौजूद धीरेद्र ने कहा कि साफ सफाई पर मंदिर परिसर में सभी की भूमिका व सराहनीय योगदान होने पर हीं संभव हो सकता है। मौके पर उपस्थित धीरेंद्र प्रजापति, हिंदू प्रसारक अजय मौर्या व अन्य लोग मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की सुनी समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, मईया सम्मान योजना, सामाजिक सुरक्षा विभाग से संबंधित मामले, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजन, अबुआ आवास से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा और सिमरिया थाना के सीमाने पर स्थित गैंडवा व भुराई नदी से रात्रि में अवैध बालू का उत्खनन कर परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर को पत्थलगड़ा अंचलधिकारी उदल राम एवं थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने किया जब्त। सीओ उदल राम ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से रात्रि में अवैध बालू का उत्खनन कर परिवहन करने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद छापामारी टीम का गठन कर रात्रि में छापामारी अभियान चलाई गई। जिसमें अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर को ज़ब्त कर पत्थलगड़ा थाने सुपुर्द कर दी गई है। साथ ही वाहन मालिक पर अग्रसर कार्रवाई के लिए प्राथमिक की दर्ज की गई है।

## स्वर्गीय रामदेव यादव प्रतिमा आवरण कार्यक्रम में कई नेता हुए शामिल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी पंचायत भवन के पास स्वर्गीय रामदेव यादव का प्रथम पुण्यतिथि सह प्रतिमा आवरण कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वीरेंद्र यादव ने किया। जहां मुख्य अतिथि बरही विधानसभा पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव लोकसभा पूर्व प्रत्याशी अरुण यादव मनिका विधानसभा का राजद नेता बलिया यादव गिद्धौर जिला परिषद प्रतिनिधि बलेसर यादव मुनेश्वर यादव ने पिता काटकर किया। मौके पर उप मुखिया बिकास कुमार पांडेय प्रसादी पासवान परमेश्वर रविदास मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ग्राम सभा का हुआ आयोजन, योजनाओं पर हुई चर्चा



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बारिसाखी पंचायत भवन परिसर में ग्राम विकास योजना के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया।ग्राम सभा में महत्वपूर्व योजनाओं का चयन करने की चर्चा की गई। विशेष ग्राम सभा में पीसीसी, कूप, डोभा, नाली, चबूतरा समेत अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, विकास कुमार विकू, प्रसादी पासवान समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# सिंघम सीओ गौरव कुमार ने 2 एकड़ भूमि पर किया गया अतिक्रमण को किया ध्वस्त

**➲ खाता 23 प्लॉट 65 वगैरह रकबा 2 एकड़ भूमि मौजा आरायातु में किया गया था कब्जा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अंचल क्षेत्र के बेलगड़ा गांव के मौजा आरायातु के दहागढ़ा में खाता नंबर 23 प्लॉट नम्बर 65 वगैरह रकबा 2 एकड़ भूमि पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर घर मकान बनाए हुए था। मामले को लेकर भुक्तभोगी द्वारा लिखित शिकायत के आलोक में त्वरित कारवाई करते हुए सिंघम सीओ गौरव कुमार राय ने जेसीबी लगा कर उक्त खाता प्लॉट पर बने अवैध रूप से मकान को ध्वस्त कर दिया है। इस तरह कारवाई से अवैध रूप से कब्जा जमाए भूमाफियाओं में दहशत व्याप्त है। मामले को लेकर अंचलाधिकारी सह सिंघम सीओ गौरव कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रशासन न्याय के लिए हीं पद पर आसीन है। ग्रामीणों की शिकायत आते हीं त्वरित कारवाई किया जा रहा है। इसके पीछे लोगों को कई तरह का अफवाह फैला रहे हैं मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्षेत्र में जितने भी गैरमजूरुआ भूमि पर लोग अवैध रूप से कब्जा जमा कर रखे हैं। उन्हें अविलंब कब्जा मुक्त किया जाएगा। अब तक 300 सौ एकड़ गैरमजूरुआ भूमि को कब्जा मुक्त किया जा चुका है बाकी 300 सौ और गैरमजूरुआ भूमि को कब्जामुक्त किया जाएगा। जो क्षेत्र के लिए सरकारी कामकाज के लिए उपयुक्त होगा। सरकारी भवन या योजनाओं के लिए अब अंचल या ग्रामीणों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। मौजा बाकचौमा के खाता 2 प्लॉट 76/77/02 लगभग 52 एकड़ गैरमुरुआ भूमि को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चौथी बार नोटिस दी जा चुकी है लोग अब तक अंचल को मूल कागजात प्रस्तुत कर दावा नहीं कर पा रहे हैं। अंत में प्रशासन अपनी कारवाई जेसीबी लगा कर उक्त खाता प्लॉट के भूमि पर बना घर मकान को ध्वस्त कर करेगी। और पूरे 52 एकड़ पर अंचल का बोर्ड लगाया जाएगा साथ हीं घेराबंदी की जाएगी। जहां बस स्टैंड से लेकर उपकारा जेल का निर्माण कराया जाएगा।

## गुटखा पान मसाला को लेकर बीडीओ और सीओ ने चलाया छापामारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी चतरा के निर्देश पर पत्थलगड़ा बीडीओ कलीन्द्र साहू और सीओ उदल ने प्रखंड क्षेत्र के सुभाष चौक, गांधी चौक, पंचमुखी चौक सिंघानी के अलावे कई स्थानों में सिगरेट, गुटका एंव तंबाकू को लेकर छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान मंटू पान दुकान सुभाष चौक, आयुष किराना दुकान सिंघानी, अजय राम दानापुर, शंकर तिवारी दानापुर के दोनों गुमटी से सिगरेट और गुटका मिले। जिसे लेकर बीडीओ और सीओ सभी दुकानदारों को सिगरेट, गुटका और तंबाकू नहीं बचने का निर्देश दिया है। बताते चले कि सिगरेट गुटखा और तम्बाकू से झारखंड में कैंसर के मरीज दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसे रोकथाम के लिए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने झारखंड में सिगरेट गुटका और तंबाकू पर बैंन लगा दी है।

## खलिहान में लगी आग, हजारों का पुआल जलकर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के गोवा ग्राम में सोमवार की देर रात लखन साव के खलिहान में रखे पुआल में आग लग गयी। लोगों ने आग की लपटें देखने के साथ हो हल्ला किया। स्थानीय लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए अगल-बगल के घरों से पानी लाकर आग पर काबू पाने का कोशिश किया परंतु असफल रहे तब चतरा से दमकल आने के बाद आग पर काबू किया गया। जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। किरन देवी एवं बबिता देवी ने बताया की पुआल जल जाने के कारण उनके समक्ष पशुओं के लिए चारा का संकट उत्पन्न हो गया है।

## आत्मा सहाय अनुदान के तहत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सबानों पंचायत में संबंधित पंचायत के मुखिया नरेश साहू की अध्यक्षता में आत्मा राज्य सहाय अनुदान के तहत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के माध्यम से बीटीएम एवं एटीएम के द्वारा प्राकृतिक खेती, किसान समृद्धि योजना ,गरमा फसल तथा विभाग से संबंधित अन्य योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई एवं सिमरिया में लगने वाले कृषि मेला के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीटीएम राजेश कुमार एटीएम सुधीर कुमार जेएसएलपीएस समूह की महिलाएं और किसान तथा कृषक मित्र उपस्थित थे।

## भवन निर्माण विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों कार्यपालक अभियंता व कनीय अभियंता पर सख्त कार्रवाई किया जाये : रवि डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झाविस नेता और समाजसेवी रवि कुमार डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी विकास कार्यो में 6 प्रतिशत कमीशन की मांग कर संवेदकों को परेशान कर रहे हैं, जिससे न केवल लातेहार जिला बल्कि पूरे प्रदेश में यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है।श्री डे ने बताया कि जनवरी माह में दिशा की बैठक के दौरान भी इस मामले को उठाया गया था, लेकिन लातेहार के उपायुक्त ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्ट अधिकारियों का मनोबल और बढ़ गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डीएमएफटी की राशि में पूरे लातेहार जिले में भारी लूट मची हुई है, जहां जिसे मौका मिल रहा है, वह इस राशि का बंदरबांट करने में लगा हुआ है। रवि कुमार डे ने झारखंड सरकार से आग्रह किया है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए ऐसे लुटेरे अधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त कर एक मिसाल कायम करें। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहती है, तो उसे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। समाजसेवी डे ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो वे व्यापक जन आंदोलन करेंगे और इस मुद्दे को उच्च स्तर तक ले जाएंगे।

## आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण पत्र का किया गया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में वंदना सभा में आचार्य संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने मां सरस्वती, ओउम्, भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किए। अतिथि परिचय कराते हुए प्रधानाचार्य ने भैया /बहनों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के बारे उन्होंने कहा कि यह परीक्षा अपने भारतीय संस्कृति एवं महान कवियों, महान महापुरुषों, ऐतिहासिक धर्मस्थल, ज्ञान विज्ञान अपने भारत की पुरातन व्यवस्था अपने देश के गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था महान खगोलशास्त्री। महान दार्शनिक। प्राचीन आयुर्वेदाचार्य, महान इतिहासकार से रूबरू होने के लिए आयोजित कराया जाता है। आचार्य जी एवं दीदी जी के लिए चार स्तर की परीक्षा होती है प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तमा, प्रज्ञा जिसमें अपने विद्यालय से प्रवेशिका में पांच आचार्य जी एवं दीदी जी एवं मध्यमा में पांच आचार्य जी/ दीदी जी सम्मिलित हुए थे। सभी को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह ने कहा कि भैया/ बहनें कल के भविष्य हैं। कार्यक्रम के मंच संचालन लक्ष्मण राम एवं धन्यवाद ज्ञापन वीणा दीदी के द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आचार्य शशि कुमार सिंह, नीतीश कुमार ठाकुर, खुशबू कुमारी, मधुबाला कुमारी, लक्ष्मी मंडल वंदना सिन्हा, सोनाली कुमारी किरण दी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरवाडीह में बालू घाटों से प्राप्त राजस्व के लिए संधारण राशि कोष में जमा नहीं होना दूर्भाग्यपूर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड में बालू घाटों का संचालन सेंड माइनिंग पॉलिसी 2017 का प्रावधान के अनुसार नहीं हो रहा है। जहां बालू घाटों के पहुंचपथ, प्रबंधन पर्यवेक्षण आदि के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत स्थानीय स्वायत्त शासन द्वारा मनमाने तरीके से 150 से 200 रुपए तक लिया जा रहा है जबकि 100 रुपए प्रति 100 घनफीट सरकार द्वारा निर्धारित है। बड़ी बात यह है कि वित्तीय वर्षो का बालू घाटों से प्राप्त राजस्व का अलग से बैंक खाते खोलकर संधारण ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना था पर कई ग्राम पंचायतों का बैंक खाता नहीं खोला गया या खोला भी गया है बावजूद इसके प्राप्त संधारण राशि कोष में जमा नहीं हुआ और फिर लाखों रुपए संधारण राशि का बंदरबांट कर लिया गया। वहीं इस मामले पर पंचायत समिति की समीक्षा बैठक में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी व उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल के द्वारा प्राप्त संधारण राशि के आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने को लेकर सदन में गंभीरता पूर्वक उठाया गया पर अबतक प्रखंड व जिला प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया । बता दें कि मामले को लेकर प्रमुख सुशीला देवी के अगुवाई में प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव किया गया था इसपर अंचलाधिकारी के द्वारा आश्वस्त किया गया था कि बहुत ही जल्द आय व्यय का ब्यौरा उपलब्ध कराया जाएगा ,हालांकि इस मामले में अंचलाधिकारी मनोज कुमार बताते हैं कि बालू घाटों से प्राप्त संधारण राशि कोष में जमा करने की कार्रवाई और संबंधित मामले पर ऑडिट करने की अनुशंसा जिला व संबंधित विभाग को कर दी गई है।

## कोल वाहन ने एक युवक को कुचला, मौत के बाद 24 घंटे से सड़क जाम



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा केरेडारी मुख्य सड़क पर कोल की आतंक से एक बाइक सवार युवक का दर्दनाक मौत हो गया। जिसके बाद आक्रोश ग्रामीणों ने सड़क जाम करके नियम विरुद्ध परिचालन को बंद कर मुआवजा का मांग कर रहे हैं। 24 घंटे से सड़क जाम होने बाद भी कोई अधिकारी और कोल कंपनी परिजनों से वार्ता करने के लिए नही पहुंची है। परिजनों ने 15 लाख मुआवजा आश्रितों को रोजगार देने के मांग लेकर 24 घंटे से धरना पर बैठ हैं। परिजनों ने कहा पब्लिक सड़क पर कोयल वाहनों परिचालन से सेकड़ो राहगीरों को कुचलकर कोयला ढुलाई कर रही है। दुर्घटना के बाद कोई अधिकार कोल कंपनी नेता कंपनियों के विरुद्ध आवाज नही उठाते हैं।

## केड़ से तुम्बागड़ा तक बनी सड़क एक वर्ष में ही जर्जर, ग्रामीणों ने की पुनर्निर्माण की मांग



**छिपादोहर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केड से तुम्बागड़ा तक बनी सड़क निर्माण के एक वर्ष के भीतर ही जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और सड़क उखड़ने लगी है। निर्माण के समय ही स्थानीय ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया था, लेकिन ठेकेदार ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए कार्य पूरा कर दिया। अब सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि आवागमन में कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया, जिससे सड़क जल्दी ही क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने संबंधित विभाग से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# स्कूल के चार दीवारी निर्माण में बरती जा रही भारी अनियमितता, जांच की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के सरयू प्रखंड अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मनातू व प्राथमिक विद्यालय कुकू में डीएमएफटी फंड के तहत बाउंड्री निर्माण कार्य शुरू किया गया है। हालांकि, इस कार्य में ग्रामीणों ने भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे दीवारें कमजोर हो रही हैं और सीमेंट उखडने लगा है। चार दीवारी के निर्माण में ग्रामीणों ने बाँगला ईट, मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग करने की बात कही। स्थानीय ग्रामीणों और विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। निर्माण स्थलों पर योजना बोर्ड का नहीं होना जनता के बीच गंभीर चिंताएँ उत्पन्न की हैं। योजना बोर्ड का मुख्य उद्देश्य परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, जैसे कि परियोजना का नाम, लागत, ठेकेदार का विवरण, और निर्धारित समयसीमा, को सार्वजनिक करना होता है। इससे पारदर्शिता बनी रहती है और जनता को परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी मिलती है। बोर्ड योजना स्थल पर नहीं होने से भ्रष्टाचार की बू आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि प्लास्टर और जोड़ाई के बाद पानी का पटवन नहीं किया गया, जिससे दीवारें कमजार हैं। जब ग्रामीण इस लापरवाही का विरोध करते हैं, तो संवेदक उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस कार्य की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी और निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर का किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग करते हुए निर्माण कार्य में सुधार की मांग की है।

**क्या कहा कार्यपालक अभियंता ने**

इधर जब इस संबंध में निर्माण कार्य में लगे एजेंसी विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अधियंता पुनई उरांव से बात की तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा पूरे मामले को संज्ञान में दिया गया है, मैं इस मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन करूंगा और पूरे मामलें की जांच करवाउंगा। साथ ही इन स्थल का निरीक्षण मैं स्वयं करने जाऊँगा और यदि निर्माण कार्य में अनियमितता नजर आएगी तो संवेदक पर कड़ी कार्रवाई करूंगा।

# प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड (लातेहार) :** प्रखण्ड सभागार में वन अधिकार अधिनियम और सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन की प्रक्रिय पर फिया फाउंडेशन के द्वारा संचालन किया गया. इस कार्यशाला को संचालित करते हुए परियोजना निदेशक लातेहार ने कहा की सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (CFRR) लेने की जरुरत हैं. साथ ही सही तरह दावा प्रक्रिय के बारें में वन अधिकारी समिति का प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण देने की जरुरत हैं, कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी महुआडांड ने कहा की सामुदायिक को जंगल में संरक्षण, सवर्धन व प्रबधन करना जरुरी हैं. कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला परिषद के द्वारा बताया गया कि ग्राम सभा को मजबूत करना पड़ेगा तभी गाँव का विकास होगा, कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखण्ड प्रमुख महुआडांड ने कहा की हम सभी ग्रामीणों को जंगल से गुजर बसर करते हैं इस लिए सामुदायिक पट्टा लेने के लिए दस्तावेज प्रक्रिया कर जल्द अनुमण्डल स्तरीय वन अधिकार समिति के जमा कीजिये, आगे संबोधित करते हुए फिया फाउंडेशन के स्मृति सोरेन ने कहा की ग्राम स्तरीय सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति प्रबंधन के लिए करना होगा तब गाँव का विकास होगा साथी सामुदायिक पट्टा का प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताये. कार्यशाला को संबोधित करते हुए फिया फाउंडेशन के दिलीप रजक ने कहा की सामुदायिक पट्टा के दस्तावेज झारफरा एप्प के माध्यम से वन अधिकार समिति अध्यक्ष, सचिव व सदस्य देख सकते हैं और दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं साथ हीं ग्राम स्तरीय योजना प्लान बनाने के बारे में बताये. कार्यशाला में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान संघ का अध्यक्ष कोरनेलियुस मिंज, सचिव मारसेल बेक सहित दर्जनों ग्राम प्रधान व वन अधिकार समिति अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे।

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : अनीता देवी



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने चेताग सिमरसोत होते हुए मईयाटाड़ तक बनने वाली सड़क मे ग्रामीणो के द्वारा घटिया निर्माण कार्य की शिकायत मिलने पर सवेंदक के प्रति नाराजगी जताई है ।जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणो के द्वारा सूचना मिली कि संवेदक के द्वारा पीसीसी पथ बनाया जा रहा हैं ।उनमें काफी अनियमितता है। घटिया गुणवत्ता का बालू प्रयोग किया जा रहा है द्य पीसीसी की मोटाई 8 इंच की जगह 5 से 6 इंच की जा रही है द्य जीएसबी अच्छे तरीके से नहीं किया गया है और न हीं उस पर रोलर चलाया गया है द्य छह माह पूर्व जिला परिषद के द्वारा जो पीसीसी पथ का निर्माण हुआ था उसी पथ के ऊपर फिर से ढलाई करके पैसा का बंदर बाट करने का प्रयास किया जा रहा है द्य साथ ही 15 में वित्त की राशि से बनी पीसीसी पथ को जेसीबी के द्वारा उखाड़ कर बिना जीएसबी और बिना रोलिंग किए हुए पीसीसी किया जा रहा है। जिसपर संबंधित विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को अपने चेंबर मे मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दिया और तत्काल साइट पे जाकर गुणवत्तापूर्ण और नियम संगत कार्य करना सुनिश्चित करने की बात कही। उपाध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता को कहा कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए द्य अंततः कार्रवाई आपको झेलनी पड़ेगी द्यबताते दे कि यह सड़क डीएमएफटी मद से कई भाग में टेंडर करके कार्यान्वित की जा रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की दुर्व्यवस्था पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में उठाया आवाज

**▶ शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की बदहाली पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उठाया सवाल,ऑक्सीजन प्लांट बंद, मशीनें खराब, वार्ड बॉय की कमी,सरकार से की त्वरित समाधान की मांग**

**▶ शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल खुद बीमार हो चुका है, मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं। सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर अस्पताल की दुर्व्यवस्था दूर करे : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर के भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल की दुर्दशा पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इसे एक बड़ी जनसमस्या करार दिया। उन्होंने सरकार से अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग करते हुए कहा कि यह अस्पताल केवल नाम का मेडिकल कॉलेज बनकर रह गया है, जबकि इसकी बुनियादी सुविधाएं बेहद दयनीय स्थिति में हैं।

**ऑनलाइन पर्चा प्रणाली गरीबों के लिए बाधा**

विधायक ने कहा कि अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को ऑनलाइन पर्चा कटाने की अनिवार्यता के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के पास स्मार्टफोन नहीं होते हैं, जिससे वे अपना इलाज समय पर शुरू नहीं करवा पाते। उन्होंने सरकार से यह मांग की ऑनलाइन पर्चा प्रणाली को समाप्त कर एक आसान और सुलभ प्रक्रिया लागू की जाए, ताकि कोई भी मरीज बिना किसी रुकावट के इलाज करा सके।

**अस्पताल में सुविधाओं की भारी कमी**

विधायक ने सदन में कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वार्ड बॉय की भारी कमी है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मरीजों के परिजनों को स्वयं स्ट्रेचर खींचकर वार्ड तक ले जाना पड़ता है, जो कि एक बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। अस्पताल में मरीजों की देखभाल के लिए स्टाफ की संख्या बेहद सीमित है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं।

**ऑक्सीजन प्लांट और मशीनें खराब, मरीजों को हो रही परेशानी**

अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट निष्क्रिय पड़ा है, जिससे मरीजों को जरूरी ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिल पा रहा है। विधायक ने इसे एक गंभीर प्रशासनिक चूक करार दिया और सरकार से मांग की कि ऑक्सीजन प्लांट को तुरंत चालू किया जाए। इसके अलावा, अस्पताल में उपलब्ध कई मशीनी उपकरण खराब पड़े हैं, जिनकी समय पर मरम्मत नहीं की जाती। विधायक ने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ऑर्थो वार्ड में एक महिला मरीज का ऑपरेशन चल रहा था, लेकिन ऑपरेशन के बीच में ही मशीन खराब हो गई, जिससे मरीज को चार दिनों तक असहनीय तकलीफ झेलनी पड़ी और अंततः उसे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यह स्थिति स्पष्ट रूप से अस्पताल की अव्यवस्था को दर्शाती है।

**इमरजेंसी दवाओं की अनुपलब्धता और गंदगी से मरीज परेशान**

अस्पताल में इमरजेंसी दवाओं की भारी कमी है, जिससे गंभीर मरीजों को आवश्यक उपचार मिलने में देरी होती है। विधायक ने कहा कि अस्पताल प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी आवश्यक दवाएं हमेशा उपलब्ध रहें ताकि किसी भी मरीज की जान संकट में न पड़े। इसके अलावा, मेडिकल वेस्ट के निपटान की व्यवस्था भी बेहद खराब है। अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगा रहता है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना रहता है। विधायक ने कहा कि मेडिकल वेस्ट के उचित निपटान के लिए सख्त कदम उठाए जाएं ताकि अस्पताल में सफाई व्यवस्था बेहतर हो सके।



**लैब में भ्रष्टाचार, गरीब मरीजों को निजी लैब में भेजा जा रहा**

विधायक ने सदन में यह भी उजागर किया कि अस्पताल की लैब में लाल कार्ड धारक मरीजों को मुफ्त जांच की सुविधा दी जानी चाहिए, लेकिन वास्तविकता यह है कि बिना जांच किए ही मरीजों को निजी लैब में रेफर कर दिया जाता है। यह एक गंभीर अनियमितता है और इससे गरीब मरीजों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। विधायक ने सरकार से मांग की कि अस्पताल की लैब व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और बिचौलियों की भूमिका समाप्त की जाए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से अस्पताल की सभी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने, स्टाफ की नियुक्ति करने, मेडिकल उपकरणों की समय पर मरम्मत करवाने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं, जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सरकार से इस दिशा में त्वरित कदम उठाने और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की अपील की। इस विषय पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने घुमा फिरा कर जवाब देते हुए कहा कि सरकार अच्छे तरीके से कम कर रही है 2025 में ही मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा कर दिया जाएगा इसके बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जाएगा, यहां तक की उन्होंने यह भी कहा कि यहां जो समस्याएं उत्पन्न हो रही है वह केवल और केवल लोड बढ़ने से हो रही है इसे जल्द समाधान किया जाएगा, डॉक्टरों की भर्ती और वार्ड बॉय पर जल्द से जल्द काम किया जाएगा।

## अधिवक्ता संशोधन अधिनियम के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल संपन्न

**⇨ अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का किया बहिष्कार, अधिनियम की प्रतियां जलाई**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में अधिवक्ताओं का एक दिवसीय हड़ताल सह धरना प्रदर्शन मंगलवार को संपन्न हो गया। सुबह 11 बजे बार संघ के सामने सड़क पर अधिवक्ताओं ने इस काले कानून का पुरजोर विरोध करते हुए न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने अधिनियम की प्रतियां जलायीं और पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया। मौके पर महासचिव सुमन कुमार सिंह ने कहा कि यह काला कानून अधिवक्ताओं के हित में नही है। केन्द्र सरकार अधिवक्ताओं के स्वतंत्रता में अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। जिसका विरोध पूरे भारत के अधिवक्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में अधिवक्ताओं संघ हजारीबाग के अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे है। संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी कुणाल कुमार ने कहा कि इस अधिनियम में केन्द्र सरकार बार काउंसिल ऑफ इंडिया में अपने तीन सदस्य नामित करेगी। केन्द्र सरकार के पास बीसीआई को निर्देश जारी करने का अधिकार होगा। साथ ही केन्द्र सरकार विदेशी विधि फार्मो और वकिलों के प्रवेश के लिए नियम बना सकेगी। ऐसे नियमों से वकिलों की स्वतंत्रता का हनन होगा। मौके पर उपायुक्त विजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, भरत कुमार, भैया सुमित कुमार सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद, विभव कुमार, जवाहर प्रसाद, सतीश कुमार सिन्हा, रमेश सिंह, मिथिलेश कुमार मन्ने, कुमार गौरव, शंकर प्रसाद, ब्रजेश कुमार, अमर रंजन सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का सारूकुदर में किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के सारूकुदर पंचायत सचिवालय में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर का आयोजन मुखिया उत्तम कुमार महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसमे लोकनायक जयप्रकाश नेत्र अस्पताल बहेरा आश्रम चौपारण के चिकित्सक टीम द्वारा जांच किया गया। इस अवसर पर सहायक चिकित्सक सुलेखा कुमारी,पंकज कुमार के द्वारा 36 रोगियों का निशुल्क जांच किया गया। जिसमे 07 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बहेरा आश्रम चौपारण ले जाया गया। मौके पर जगदीश महतो, जीवाधन मिस्त्री, तेजो महतो, टेकोचंद महतो,रिंकी देवी, रामेश्वर महतो, हुलास महतो, सकीना खातून,योगेंद्र पटेल,सोमर साव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बाल श्रम के रोकथाम हेतु ज़िला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बाल श्रम ज़िला स्तरीय टास्क फ़ोर्स की बैठक को अपर समाहर्ता संतोष सिंह के अध्यक्षता में की गई। बैठक में बाल श्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने बताया कि वर्तमान् वित्तिय वर्ष में अब तक 14 बाल श्रमिक इस ज़िले से विमुक्त कराये गये हैं। सभी नियोजक पर बाल श्रम आधिनियम के अंतर्गत एफ़आइआर की गई है,एवम् सभी नियोजक से 20 हज़ार रुपए की दर से राशि की वसूली की गई है। विमुक्त चौदह बच्चों में ग्यारह बच्चे ज़िले के बाहर एवं अन्य राज्य से हैं,शेष तीन हज़ारीबाग़ ज़िला से हैं। विमुक्त बच्चों के परिवार को सरकार के विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। जिला में बाल श्रमिको को विमुक्त कराने के लिए धावा दल क्रियाशील है। धावा दल में श्रम अधीक्षक,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी,ज़िला बाल सरंक्षण पदाधिकारी,बाल कल्याण समिति,अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी,चाइल्ड हेल्प लाइन के अलावा कई एनजीओ भी शामिल हैं। साथ इस कार्य हेतु नियमित अंतराल पर बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है। बैठक में अपर समाहर्ता ने निर्देश देते हुए कहा कि समय समय पर यह जारी रखने की ज़रूरत है। विशेष कर कोनार पुल के आस पास विभिन्न होटल,रेस्तराँ,ढाबों एवं पुराना समाहरणालय के आस पास छापेमारी कर बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाने को कहा। चाइल्ड हेल्प लाइन के लिए जारी टोल फ्री नंबर 1098 का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। चाइल्ड लाईन को प्राप्त शिक़ायत का पंजी में संधारित करने का भी निदेश चाइल्ड लाइन को दिया। बैठक में अपर समाहर्ता के अलावा श्रम अधीक्षक, डीसीपीओ संजय प्रसाद , अनुमंडल कार्यालय से कार्यपालक दण्डाधिकारी,सपोर्ट एनजीओ से भवानी शंकर गुप्ता,जन शिक्षण संस्थान के निदेशक रवीश कुमार सीडब्लूसी से मुन्ना कुमार एवं श्रम कार्यालय से रवि एवं सूरज उपस्थित थे।



## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के द्वारा महाकुंभ सेवा कार्य का किया गया आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आर्य समाज के तत्वाधान में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के द्वारा महाकुंभ सेवा कार्य काआयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कुंभ जा रहे और वहां से लौट रहे श्रद्धालुगण के लिए जलपान की व्यवस्था कराकर एवं उनके विश्राम की व्यवस्था के साथ उनका स्वागत सत्कार किया गया। इस कार्यक्रम से विद्यालय के बच्चों में सेवा भाव उत्पन्न होगा। साथ ही साथ अनुनय विनय की संवेदना जागृत होगी। इस तरह की क्रियाकलाप समाज में समरसता लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैंढ़ के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्य महोदय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सेवा भाव, आत्मीयता और सौहार्दपूर्ण की भावना जागृत होती है। अत~ हमें सदैव हर परिस्थिति में सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए। जो समाज को एक प्रगतिशील दिशा प्रदान करने में सदैव सहायक होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नरसिंह शर्मा ,डॉ दीपक शरण, वीरेंद्र तिवारी, कार्यालय कर्मी एसएन रॉय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी अजय कुमार, जगदेव, अजय कुमार, राकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बड़कागांव प्रखंड में आज धूमधाम से मनाई जाएगी महाशिवरात्रि पूजा तैयारी पूरी

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड के तमाम शिवालयों का रंग रोगन एवं सजावटी कार्य पूरी कर ली गई है। आज महाशिवरात्रि की पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रखंड में सभी 23 पंचायतो में लगभग 151 मंदिरों में हर हर महादेव की गूंज होगी। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर पिछले 16 वर्षो से बड़कागांव राम जानकी मंदिर से निकाले जा रहे शिव बारात एक ही समुदाय के आपसी तनाव को देखते हुए जुलूस कार्यक्रम इस बार रद्द कर दी गई है । मामले को लेकर बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजा समिति कर्णपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी ने कहा कि बुढ़वा महादेव में आपसी तनाव को देखते हुए शिव बारात कार्यक्रम रद्द किया कर दिया गया है। बताते चले की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव बारात में महाकाल जागरण मंडली कानपुर के कलाकार के द्वारा प्रदर्शन होना था जो श्रद्धालुओं के ऊपर पानी फिर गया। महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से भी तैयारी पूरी कर ली गई है। बुढ़वा महादेव में विशेष रूप से पुलिस बल तैनात की गए हैं ताकि विधि व्यवस्था सामान्य रखा जा सके।

## विधायक ने कंपनियों द्वारा मजदूरों के शोषण के खिलाफ विधानसभा में उठाया आवाज

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक रोशनलाल चौधरी ने विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बड़कागांव, केरेडारी एंव पतरातू में कार्य कर रहे एनटीपीसी, जेवीएनल सहित अन्य कंपनियों के एमडीओ कंपनी के द्वारा स्थानीय मजदूरों को पिछले 10 वर्षो से निर्धारित वेतनमान से कम वेतन दिया जा रहा है एवं स्थानीय श्रमिकों को 8 घंटे से अधिक 12 घंटा का कार्य लिया जा रहा है। जिसके बदले श्रमिकों को न्यूनतम कार्य से भी कम पैसे दिए जा रहे हैं जो सरासर गलत है। इस संबंध मे विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा सदन में यह मामला उठाकर कहा गया कि पिछले 10 वर्षो से इन मजदूरों के साथ जो शोषण हो रहा है उसको जल्द से जल्द खत्म करके मजदूरों को उनका हक और अधिकार मिलना चाहिए।

## श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य एवं दिव्य आयोजन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार, हजारीबाग द्वारा आयोजित श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का दिव्य एवं भव्य आयोजन मुनका बगीचा प्रांगण में अपार श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्याम भक्तों ने सम्मिलित होकर बाबा श्याम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की एवं भक्ति रस में सराबोर हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्री श्याम की भव्य ज्योत प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात अखंड कीर्तन, फूलों की होली, भव्य श्रृंगार एवं इत्र वर्षा जैसे अद्भुत आध्यात्मिक आयोजनों ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिरस से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर टाटानगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुभव अग्रवाल ने अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। उनकी भक्तिमय स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूम उठे और संपूर्ण प्रांगण श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। आयोजकों द्वारा अनुभव अग्रवाल का प्रभु श्री श्याम की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार की नौ सदस्यीय टीम ने अथक परिश्रम एवं समर्पण भाव से कार्य किया। इसके साथ ही, इस आयोजन में श्री श्याम परिवार तुलसी धाम, कोलकाता का विशेष सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जिससे कार्यक्रम दिव्यता एवं भव्यता के साथ संपन्न हो सका। फाल्गुन मास में आयोजित इस महापर्व में भक्तों ने बाबा श्याम के प्रति अपनी अपार श्रद्धा प्रकट की और उनकी कृपा प्राप्त करने का सौभाग्य पाया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी ऐसे भव्य और दिव्य आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने का संकल्प लिया।



## प्रथम स्थापना दिवस पर पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स किया गया सांस्कृतिक आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सोमवार को चानो पंचायत स्थित पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल का प्रथम स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि एस आई मिथलेश कुमार महतो समेत अन्य सम्मानित सज्जनों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान एस आई मिथलेश कुमार महतो को विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार एवं कन्वेनर हाफिज कमरुद्दीन ने संयुक्त रूप अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से मुख्यअतिथि तथा विशिष्ठ अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान नृत्य संगीत , झांकी, कॉमेडी,भाषण बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन नागेश्वर महतो के द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि एसआई मिथलेश कुमार महतो ने कहा कि पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स विद्यालय की प्रथम वर्षगांठ पर विद्यालय परिवार को ढेर सारी बधाई। शिक्षा ही एक ऐसी कुंजी है जो हमारे सफलता के हर बंद दरवाजे को खोलती है। बच्चों शिक्षा जीवन जीने की तैयारी नही है। शिक्षा ही जीवन है । भारत विश्व का उभरता हुआ देश है,आज जिस प्रकार से भारत उन्नति कर रहा है। आप सभी अभिभावक एवं बच्चे हिस्सेदार बने। जिस प्रकार से सरकार सुविधाएं दे रही हैं, स्कोप बढ़ा रही है, उसका भरपूर फायदा उठाएं ।शिक्षक बेहतर शिक्षा के लिए बेहतर से बेहतर उपाय करें। विशिष्ट अतिथि इंजिनियर मुकेश कुमार महतो ने कहा कि प्रखण्ड के सुदूर इलाके में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है, विद्यालय के शिक्षकगण बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ साथ भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को नवोदय ,सैनिक विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी करवाएं। ने कहा कि बच्चों को जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष सह पिनेकल इग्नेटेड माइंड्स स्कूल चानो के डायरेक्टर कौलेश्वर महतो ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है, बच्चे खूब पढ़े खूब आगे बढ़े। अभिभावकगण घर में बच्चों को पढ़ाई को लेकर देख रेख जरुर करे और नियमित रूप से प्रतिदिन स्कूल भेजें ।



## सड़क दुर्घटना में मौत के विरोध में 24 घण्टे से सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी-टण्डवा मुख्य पथ के बुकरू मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में सोमवार के शाम में हुए मौत के विरोध में मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों ने हजारीबाग-टण्डवा मुख्य पथ पर मृतक के शव को लेकर धरना पर बैठ गए जिसके कारण सड़क जाम हो गया।सड़क जाम होने से राहगीरों को काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मृतक के बड़े भाई अभिषेक कुमार मिश्रा, भाभी बिनीता मिश्रा एवं पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने घटना के एवज में मृतक के परिजन को एक नौकरी एवं 10 लाख मुआबजे की मांग कर रहे है।घटनास्थल पर केरेडारी अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल,केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने परिजन एवं आम लोगो को काफी समझाने का प्रयास किया पर समाचार लिखे जाने तक बात नही बनी थी। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने पीएनएम कम्पनी के मैनेजर मोहन गुप्ता को फोन से बुलाने का प्रयास किया पर वह फोन नही उठा रहे थे।ज्ञात हो कि गत सोमवार को 06 बजे शाम पतरातू थाना क्षेत्र के सायल निवासी दवा बिक्रेता अश्वनी मिश्रा उम्र 35 वर्ष पिता विभूति भूषण मिश्रा टण्डवा में दवा पहुचाकर अपने घर सायल लौट रहा था।उसी क्रम में चट्टी बारियातु कोल माइंस के पीएनएम कम्पनी के कोयला लड़ा हाइवा के चपेट में आ गया,एवं घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी।



## झारखंड विधानसभा में गूंजा बालू संकट का मुद्दा, बरही विधायक मनोज यादव ने की नियम संगत आपूर्ति की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड प्रदेश में निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री बालू की भारी कमी से निर्माण क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर बरही विधायक मनोज यादव ने झारखंड विधानसभा में जोरदार तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रदेश में निर्माण कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बालू की उपलब्धता नियम संगत तरीके से सुनिश्चित की जाए। विधायक श्री यादव ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों में बालू की आपूर्ति में आ रही रुकावटों के कारण सरकारी एवं निजी निर्माण परियोजनाएं ठप पड़ रही हैं। भवन निर्माण से लेकर सड़क, पुल और अन्य विकास कार्यों में बालू की कमी एक बड़ी बाधा बन रही है। विधायक मनोज यादव ने इस मुद्दे को महत्वपूर्ण और त्वरित समाधान योग्य बताते हुए कहा कि राज्य सरकार को बिना देर किए इस समस्या का स्थायी हल निकालना चाहिए। उन्होंने विधानसभा में कहा कि झारखंड के विकास कार्यों को गति देने के लिए बालू की सुचारू आपूर्ति आवश्यक है। सरकार को जल्द से जल्द उचित नियम बनाकर बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी रुकावट के जारी रह सकें। बरही विधायक की इस मांग के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि झारखंड सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी। प्रदेश में बालू आपूर्ति से जुड़े नियमों की समीक्षा कर बालू खनन और परिवहन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर विचार किया जा सकता है। झारखंड में निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदार, मजदूर और आम जनता भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। यदि बालू की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित नहीं की गई, तो अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।



# रजरप्पा मंदिर प्रांगण मे विराजमान है 21फीट का विशालकाय शिवलिंग, होगा पूजा अर्चना

## 26 फ़रवरी को महाशिवरात्रि- महापर्व पर जुटेंगे हज़ारों श्रद्धालुगण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल रजरप्पा मंदिर प्रांगण में है 21 फीट का विशाल शिवलिंग विराजमान है प्रत्येक वर्ष शिव रात्रि पूजा के पावन अवसर पर महाशिवरात्रि मे देश प्रदेश से हजारों श्रद्धालु पूजा अर्चना करेंगे, भोलेनाथ से अपनी कामना हेतू वेलपत्र, धथुरा भाँग गांजा सहित कई तरह के पूजन सामग्री का चढ़ावा करेंगे शिव लिंग का दुग्धभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा,विधि विधान से शिवभक्तों द्वारा पूजा अर्चना किया जाएगा, महाशिवरात्रि सबसे खास पर्व में से एक माना जाता है. इस बार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 27 फरवरी 2025 को सुबह 08 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। रजरप्पा मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में महाशिवरात्रि की तैयारी में लोग जुटे है। रजरप्पा



आवासीय कॉलोनी स्थित शिवालय मन्दिर, सोढ,लोधमाँ बारलोंग,चितरपुर,बड़कीपोना, छोटकीपोना,मरगमर्चा,कुंदरूकलां, गांवों के शिव मंदिरों का रंग रोगन व सजाने-संवारने का कार्य पूर्ण हो गया है.विभिन्न शिवालयों को सजाया गया है, बिजली की रंग विरंगी रोशनी से चकाचौध किया गया है महाशिवरात्रि को लेकर कही कही झांकी निकाली जाएगी तो कही शिवपार्वती की बारात निकलने की तैयारी किया जा रहा है. वही रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में 20 फीट का शिवलिंग अपने आप में अद्भुत है। स्थानीय पुजारी छोटू पंडा के अनुसार, इतना बड़ा शिवलिंग पूरे देश में नहीं है। बगोदर के हरिहर धाम में शिवलिंग के आकार का मंदिर बना हुआ है। परंतु सबसे बढ़ा शिवलिंग रजरप्पा में है। शिवलिंग का पंचोपचार पूजन और रात्रि जागरण विशेष फलदायी होता है। इस दिन भगवान शिव की आराधना कई गुना अधिक फल देती है।महाशिवरात्रि का महत्वः मान्यता है मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी और महाशिवरात्रि के दिन मां पार्वती की तपस्या सफल हुई थी और उनका विवाह भगवान शिव के साथ संपन्न हुआ था। इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महाशिवरात्रि का व्रत रखती है।

## चितरपुर मे विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतू डीसी- एसपी ने सदलबल किया फ्लैग मार्च

# शीघ्र आरोपियों को पकडे जिला प्रशासन, कार्रवाई करें वर्ना उग्र होंगा आंदोलन : सांसद चंद्रप्रकाश

➩ जिला प्रशासन द्वारा 72 घंटे का अल्टीमेटम आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया
➩ चितरपुर मे दवा दुकान अस्पताल खुली,व्यावसायिक प्रतिष्ठाने रही बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर मे पिछले दो सप्ताह पूर्व एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा एक हिन्दू लड़की को लव जिहाद मामला पर युवती को लेकर फरार हो गया है, जिसे लेकर हिन्दू समुदाय के लोग काफ़ी आक्रोश मे है जिसे लेकर 24 फ़रवरी को देर शाम हज़ारों की संख्या मे हिन्दू समुदाय के महिला पुरुष मशाल जुलुस निकालकर सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ नारे बाज़ी किया तथा झारखण्ड के मुख्य मंत्री



हेमंत सोरेन का पुतला दहन भी किया गया था हिन्दुओं के द्वारा 25 फरवरी को सुबह सड़क जाम किया गया और आवश्यक सेवा अस्पताल -दवा दुकाने को छोड़कर चितरपुर की सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहें,विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतू रामगढ़ डीसी चंदन कुमार एसपी अजय कुमार, एसडीओ,एसडीपीओ सहित जिला पुलिस बल के जवान द्वारा फ्लैग मार्च किया गया,जिला प्रशासन द्वारा हिन्दू समुदाय के लोगों को आश्वासन दिया की 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया जाए दोनों लव जिहाद से जुड़े युवक युवती लाया जाएगा और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी,इस बाबत रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने प्रेस वार्ता कहा की क़ानून को किसी को हाथ मे लेने की आवश्यकता नहीं है, एसपी ने कहा की युवक युवती केरल मे है उससे पूछताछ के लिए रामगढ़ की पुलिस टीम पहुंच चुकी है दोनों को शीघ्र की रामगढ़ लाया जाएगा, रामगढ़ जिला मे सभी समुदाय के लोग आपसी प्रेम भाव, सौहार्द पूर्ण तरीके से रहते है माहौल को खराब नहीं होने दिया जाएगा।

**जिला प्रशासन शीघ्र ही आरोपी पकडकर लाने का काम करें : सांसद**

लव जिहाद मामला को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने जिला प्रशासन से मांग किया है की हिन्दू समुदाय के बहन बेटियों के साथ गलत करने वालों को कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा, आरोपी को अविलम्ब गिरफ्तार किया तथा चितरपुर मे शांति बहाल किया जाए वर्ना भविष्य मे उग्र आंदोलन की जा सकती है इस मौके पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए चितरपुर को पुलिस छावनी मे तब्दील किया गया था,अभी स्थिति नियंत्रण मे है शांति पूर्ण है।

## पतरातु जयनगर लापता युवक की खोजबीन की मांग, परिजन पहुंचे पतरातू थाना



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के पतरातु जयनगर अफताब नामक युवक लापता होने के बाद मामला तूल पकड़ा और सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण पतरातु थाना में पहुंचकर लापता युवक की बरामदगी की मांग की,कहा पैसे की लेन-देन में अंकित सोनी के साथ नोंक-झोंक हुआ था जिसके बाद अफताब नामक युवक कल शाम से लापता है। बता दें कि बीते सोमवार से पतरातू थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी आफताब अंसारी शाम 6ः00 से लापता हो गया है परिजनों द्वारा रात को काफी खोजबीन के बाद पतरातू थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज किया लेकिन सुबह तक आफताब अंसारी की कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन और ग्रामीण के साथ काफी संख्या में पहुंचकर लापता आफताब अंसारी की खोजबीन कर पतरातू थाना प्रभारी से गुहार लगाई।

## भुरकुंडा पुलिस ने गैंगस्टर विकास तिवारी को लिया रिमांड पर




**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के पतरातु बस्ती निवासी झारखंड के प्रसिद्ध गैंगस्टर विकास तिवारी को भुरकुंडा पुलिस ने दो दिन की रिमांड पर लिया है, बीते रात भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे हजारीबाग जेल से भुरकुंडा थाना लाया गया। इस दौरान पतरातू सर्किल के विभिन्न थाना और ओपी के अधिकारी मौजूद थे, कोर्ट ने विकास तिवारी को दो दिनों के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया था। इस दौरान पुलिस भुरकुंडा ओपी सहित रामगढ़ जिला के विभिन्न थाना ओपी क्षेत्र में दर्ज हुए आपराधिक मामलों में उनसे पूछताछ करेगी माना जा रहा है कि इस पुछताछ में पांडे गिरोह के अपराधिक नेटवर्क आर्थिक स्त्रोत और अन्य गतिविधियों से जुड़ी अहम जानकारियां सामने आ सकती है। बताते चले कि पतरातु बस्ती निवासी विकास तिवारी पांडे गिरोह का सरगना है और रामगढ़ हजारीबाग समेत कई जिलों में उस के खिलाफ हत्या रंगदारी सहित कई मामले दर्ज है। पुलिस को उम्मीद है कि इस रिमांड के दौरान विकास तिवारी से अन्य अपराधियों का उद्योगों के सदस्य के संबंध में भी कई सुराग मिल सकते हैं।

## परिशोधन पोर्टल पर लंबित 150 मामलों को किया गया निष्पादित

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर आज दिनांक 25 फरवरी 2025 को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी अंचलों में परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों एवं दाखिल खारिज के आवेदनों निष्पादन को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर से वरीय पदाधिकारियों को अंचलवार प्रतिनियुक्त किया गया था जिनके द्वारा शिविर का अनुश्रवण किया गया। शिविर के तहत पतरातू अंचल के लिए अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि, मांडू अंचल के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, चितरपुर अंचल के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार रामगढ़ अंचल के लिए ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं तिथि और कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) 56-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25, दिनांक 24.02.2025, कार्य का नाम:** आदित्यपुर - महालिमारूप शाखा के संबंध में विद्युत (सा.) कार्य: आरयूबी (जीक्यू/जीडी) के निर्माण द्वारा 04 अदद प्रहरीयुक्त लेवल क्रॉसिंग (एलसी. सं. 144, 147, 148 और 159) को हटाया जाना। **निविदा मूल्य:** रु. 30,72,398.80, **बयाना राशि:** रु. 61,500/- **(2) 57-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25, दिनांक 24.02.2025, कार्य का नाम:** आरओबी चक्रधरपुर के पास में प्रतिबंधित ऊँचाई के सब-वे (आंतरिक माप 4 मी. x 2.5 मी.) के निर्माण के संबंध में विद्युत (सा.) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 4,28,283.12, **बयाना राशि:** रु. 8,600/-, **(3) 58-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25, दिनांक 24.02.2025, कार्य का नाम:** मनोहरपुर-बामड़ा के संबंध में विद्युत (सा.) कार्य: एडीईएन (पश्चिम)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आरयूबी/एलएचएस के निर्माण के लिए एमएलसी (एलसी सं. 198) को हटाया जाना। **निविदा मूल्य:** रु. 3,49,373.45, **बयाना राशि:** रु. 7,000/-, **(4) 59-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25, दिनांक 24.02.2025, कार्य का नाम:** डीजल लोको शेड/बंडामुंडा में विभिन्न भवनों की रि-वायरिंग एवं पावर सप्लाई अरेंजमेंट के नवीनीकरण के संबंध में विद्युत (सा.) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 78,40,344.43, **बयाना राशि:** रु. 1,56,800/- **(5) 60-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25, दिनांक 24.02.2025, कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एस एंड टी इक्विपमेंट के लिए एटी सप्लाई से पावर सप्लाई केबलों का उन्नयन। **निविदा मूल्य:** रु. 79,80,994.14, **बयाना राशि:** रु. 1,59,600/-, **(6) 65-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25, दिनांक 24.02.2025, कार्य का नाम:** एसएसईई (जी)/सिनी यूनिट के अंतर्गत ब्रेकडाउन स्थलों, पंप हाउसों, वे साइड स्टेशनों तक सामग्री ले जाने और ब्रेकडाउन का ख्याल रखने के लिए एक टन क्षमता वाले एक ट्रक वाहन को तीन वर्ष अर्थात 1095 दिनों के लिए किराये पर लिया जाना। **निविदा मूल्य:** रु. 10,50,890.10, **बयाना राशि:** रु. 21,000/-, **(7) 66-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25, दिनांक 24.02.2025, कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में टाटानगर-आदित्यपुर शाखा के बीच जुगसलाई एलसी सं. 141 पर एक नए एफओबी के निर्माण कार्य के संबंध में विद्युत (सा.) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 7,43,140.42, **बयाना राशि:** रु. 14,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य रु. में :** शून्य प्रत्येक हेतु। **बंद होने/खुलने की तिथि:** 21.03.2025 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **(PR-1175)**

# चितरपुर प्रखंड में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ विभिन्न क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड में दो गुटों के बीच झड़प की संभावना के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के साथ चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मेन रोड चितरपुर, बाजार टांड, रेलवे ओवरब्रिज चितरपुर, नया मोड़, रजरप्पा मोड़, काली चौक सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उपायुक्त ने दुकानदारों व जिले वासियों से किसी भी प्रकार की अफवाह से सावधान रहने रहने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों हर गतिविधि पर पैनी




नजर रखने एवं किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, पुलिस बल के जवानों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अरगड्डा दुर्गा मंडप ग्राउंड और स्वतंत्रता सेनानी चुन चुन बाबू का स्थल का सुंदरीकरण किया जायेगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नगर परिषद रामगढ़ वार्ड 13 अरगड्डा में ग्रामीण ने एवं दुर्गा पूजा कमेटी ने पार्षद श्रीमती संगीता देवी से दुर्गा मंडप ग्राउंड और स्वतंत्रता सेनानी चुन चुन बाबू का स्मारक स्थल का सुंदरीकरण हेतु बातों को रखा था क्योंकि पूरे नगर परिषद रामगढ़ में अरगड्डा दुर्गा पंडाल नंबर वन पर आता है और इस पंडाल को नगर परिषद द्वार प्रोस्कृत भी किया जाता है बारिश में पूरे ग्राउंड की मिट्टी बह जाती है और आने जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी होती है इसलिए ग्राउंड को सुंदरीकरण हेतु संगीता देवी के पल पर नगर परिषद से आगरा कर टेंडर के माध्यम से सुंदरीकरण के लिए कहा था नगर परिषद के इंजीनियर द्वारा नपी किया गया दोनों योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है और अरगड्डा दुर्गा मंडप ग्राउंड का प्रकल्प राशि लगभग 20 लाख 37206 हजार रुपए है और स्वतंत्रता सेनानी चुन चुन बाबू का स्थल का सुंदरीकरण का राशि है 13 लाख 316 38 हजार रुपए है यह दोनों काम दो महीने के भीतर नगर परिषद के माध्यम से करवाया जाएगा मुख्य रूप से समाजसेवी रंजीत पासवान दुर्गा पूजा कमेटी सचिव ललू सिंह अशोक कुमार दिलीप पासवान आदि उपस्थित थे।

## पतरातू अति सुदूर क्षेत्र के लिए साढे पॉच करोड़ रूपया की मिली स्वीकृति : महेंद्र महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जब से रोशन लाल चौधरी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्वाचित हुए तब से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र मैं अति सुदूर क्षेत्रों में विकास की गति तेज हो गई है साथ ही सुदूर क्षेत्रों में जन कल्याण की योजनाओं की स्वीकृति जिला प्रशासन से लेकर राज्य सरकार के अधिकारी फटा फट योजनाओं की स्वीकृति दे रहे हैं और संवेदकों भी बिना कोई भय-मुक्त के निविदा में भाग ले रहे हैं और बिना भय-मुक्त के योजनाओं को धरातल पर उतर रहे हैं। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के आती सुदूर इलाके (1)सांकी पंचायत के ग्राम सांकी की बगराई बेड़ा से लेकर रामकृष्ण बेदिया के घर तक नाली निर्माण 15 लाख(2) पतरातू भगत सिंह चौक से लेकर नलकारी नदी तक 10 फीट गहरा गटर का निर्माण एक करोड़ 83 लाख 84 हजार रुपए (3) सुथरपुर बहेरा टोला में नदी में पुल निर्माण 2 करोड़ 43 लाख रुपया(4) चोरधारा पंचायत में सामुदायिक भवन एक करोड़ रूपया इन सभी योजनाएं को स्वीकृति हो चुकी है। सभी निवदाओं की औपचारिकता पूरी होते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी के कर-कमलों द्वारा इन सभी कार्यो का शिलान्यास किया जाएगा।

*विभिन्न समस्याओ को लेकर आरसीएमयू के पदाधिकारी ने जीएम से कि मुलाकात*

## मृतक के आश्रितों को जल्द से जल्द आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार दे प्रबंधन : राजू यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में आरसीएमयू के पदाधिकारीयों ने मंगलवार को उरीमारी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न समस्याओ को लेकर सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह से महाप्रबंधक कार्यालय में मुलाकात किये। वहीं इस मुलाकात में महाप्रबंधक अजय सिंह को उरीमारी परियोजना व बिरसा परियोजना से जुड़े विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें बिते दिनों सयाल मंगलवार के समीप सड़क दुघर्टना में मृतक उरीमारी पिंडरा बस्ती निवासी युवक के परिजनों को आश्रित के तौर पर आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार देने कि मांग गई। भारत भारती स्कूल में बच्चों के आवागमन को लेकर बस कि सुविधा उपलब्ध कराने। उरीमारी पंचायत क्षेत्र में पीने योग्य पानी टेंकर से देने। सड़क पर उड़ती प्रदुषण के रोकथाम हेतु नियमित पानी का छिड़काव करने के लिए पानी टेंकर दिया जाए। वहीं सभी बिन्दुओं को सुनकर जीएम अजय सिंह ने मृतक के आश्रितों को आउटसोर्सिंग में नौकरी देने का आश्वासन दिया। वहीं सभी समस्याओं पर सकारात्मक पहल करने का क्षेत्रीय सचिव राजू यादव को भरोसा दिलाया। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, संजय यादव, रवि पावरीया, चंदू जयसवाल, दीपक यादव, पप्पू यादव आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी ने दुलमी प्रखंड में छात्रावास युक्त डिग्री कॉलेज की मांग को विधानसभा में उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान रामगढ़ की विधायक ममता देवी ने दुलमी प्रखंड में छात्रावास युक्त डिग्री कॉलेज के निर्माण की मांग को जोरदार तरीके से सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि दुलमी प्रखंड में उच्च शिक्षा के लिए कोई डिग्री कॉलेज उपलब्ध नहीं है, जिससे छात्रों को दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता है। खासकर, गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छात्रावास की सुविधा के बिना कई छात्र अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं।ममता देवी ने सरकार से मांग की कि इस शिक्षा संकट को दूर करने के लिए दुलमी प्रखंड में जल्द से जल्द एक पूर्ण सुविधा युक्त डिग्री कॉलेज स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास से ही समाज और राज्य की प्रगति संभव है, और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस मांग को गंभीरता से लेकर जल्द निर्णय लेगी ताकि दुलमी प्रखंड के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनके अपने क्षेत्र में ही प्राप्त हो सके।जिसकी जानकारी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने दिया

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 25.02.2025 को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ के नेतृत्व में उत्कमित उच्च विद्यालय, दोहाकातु, रामगढ़ में एक दिवसीय जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जॉच की गयी।कुल मिलाकर 155 बच्चे की जॉच डॉ पल्लवी कौशल, जिला कंसलटेंट एवं सीएचओ एनिमा किस्पोट्टा के द्वारा की गई। कुल 25 बच्चों में जॉच उपरान्त लक्ष्ण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार के द्वारा जॉच उपरान्त 10 बच्चों में इस बिमारी कि पुष्टि हुई।शिविर में जॉच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से



संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कुल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती हैं व साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें - संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फ्लोराइड इक्टठा नही होता हैं। यह भी बताया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जाँच करवा सकता हैं। इस शिविर को सफल बनाने हेतु उस क्षेत्र की सी0एच0ओ0, ड्रेसर, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## भदानीनगर के आमझरिया में पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर युवती ने की आत्महत्या, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भदानीनगर ग्राम आमझरिया में एक युवती का शव पेड़ पर दुपट्टा के सहारे झुलता मिला। शव की शिनाख्त आमझरिया निवासी केशवारिया कुमारी 21 वर्ष पिता मंगत बेदिया के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही मृत्तिका के परिजन सहित भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मवत कुमार पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगत बेदिया की बेटी की शादी तिरला ओरमांझी निवासी सोनू बेदिया 23 वर्ष से 6 मार्च को होने वाली थी। शादी की पूरी तैयारी हो चुकी थी पर इधर दो दिन से लड़की और लड़के में नोंक झोंक हो रहा था। वहीं रविवार को लड़की अपने मां बाप भाई के साथ भुरकुंडा बाजार



खरीदारी करने के लिए आयीं थी। शाम को जब वापस घर लौटीं तो देखा कि लड़का उसके घर में बैठा हुआ है इस बीच दोनो के बीच फिर से झगड़ा हुआ और लड़की का मोबाइल तोड़ दिया और चला गया। देर शाम बकरी गाय चराने गये हुए गांव के लोगों ने देखा कि लड़की का शव पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटका हुआ है और सोनू बेदिया जमीन पर सोया हुआ है। यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फ़ैल गई। पुलिस सोनू बेदिया को हिरासत में ले कर पुछताछ कर रही है इधर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल यह जांच का विषय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीं पता चलेगा की हत्या है या आत्महत्या पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दक्ष मैनपावर के लिए जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें कौशल विकास की जानकारी : डीडीसी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर से कौशल विकास के लिए कार्य योजना तैयार करें। इससे जुड़ने के लिए स्कूल और कॉलेज में व्यापक अभियान चलाकर दक्ष मैनपावर तैयार करने के लिए जिले के अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि धनबाद में खनन, उद्योग, होटल व्यवसाय, मॉल, हेवी व्हीकल चलाना व उसकी मरम्मत करना सहित रोजगार के अन्य साधन है। इसको ध्यान में रखकर कौशल विकास केन्द्रों में लोगों को प्रशिक्षित करें। साथ ही उन्होंने जिले में एक वृहद और स्थाई कौशल केंद्र बनाने का प्रस्ताव देने का भी सुझाव दिया।बैठक में जिला कौशल समन्वयक ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना तथा प्रखंड स्तरीय ग्रामीण कौशल अधिग्रहण संस्थान के अंतर्गत जिले में 19 केंद्र संचालित है। केंद्रों में सिलाई मशीन चलाना, दोपहिया टेक्नीशियन, चार पहिया टेक्नीशियन, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्निशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, ब्यूटी थैरेपिस्ट, कंसाइनमेंट बुकिंग एजेंट, फीटर, असिस्टेंट हेयर स्टाइलिस्ट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, पर्यटन और आतिथ्य, नेटवर्किंग एंड स्टोरेज सहित रोजगार के अन्य क्षेत्रों का प्रशिक्षण दिया जाता है।वहीं सहायक श्रम अधिक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि इन केन्द्रों से प्रशिक्षण लेकर 10662 लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। योजना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमशीलता कौशल विकसित करना, युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि करना और उन्हें झारखंड और भारत के आर्थिक विकास में भागीदार बनाने के लिए सशक्त बनाना, समाज के वंचित वर्गों के युवाओं और श्रमिकों को उच्च गुणवत्ता वाले कुशल कर्मी बनाना योजना का उद्देश्य है। बैठक में फायर सेफ्टी, माइनिंग सर्वे, फॉरमैन, दिव्यांग जनों को प्रशिक्षित करने, बेलगड़िया टाउनशिप में कौशल विकास की संभावनाएं इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई।



## गैंगस्टर प्रिंस खान ने व्यवसायी को दी हत्या की धमकी, कहा केस उठा लो, नहीं तो खोल देंगे खोपड़ी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फरार चले रहे गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक व्यवसायी को केस मैनेज नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुटकी चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव हीरालाल शर्मा को प्रिंस खान नाम से व्हाट्सएप के जरिए ऑडियो भेजकर धमकी दी गई है। हीरालाल शर्मा ने मामले की शिकायत पुटकी थाना में की है। साथ ही जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।व्यवसायी हीरालाल शर्मा ने बताया कि 29 जून 2023 को भाई संतोष शर्मा की हत्या हुई थी। कोर्ट में गवाही पूरी हो चुकी है। इसी केस में कंप्रोमाइज करने के लिए प्रिंस खान नाम से धमकी दी जा रही है। व्हाट्सएप ऑडियो के जरिए प्रिंस खान नाम के व्यक्ति ने कहा कि केस उठा लो, नहीं तो खोपड़ी खोल देंगे। ऑडियो में वो खुद को प्रिंस खान बता रहा है। उसने चेतावनी दी है कि अगर संतोष शर्मा केस में समझौता नहीं किया तो उसकी गोली मार कर हत्या कर दी जाएगी।मामले को लेकर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एसएसपी एचपी जनार्दनन और पुटकी थाना को लिखित शिकायत कर चुके हैं। हीरालाल शर्मा ने कहा कि जिस तरह से प्रिंस खान का मनोबल बढ़ रहा है, उसके मनोबल को पुलिस को तोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों को सुरक्षा देने का काम पुलिस को करना चाहिए। वहीं मामले को लेकर पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन ने कहा कि शिकायत मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल मामला दर्ज नहीं किया गया है। जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि 29 जून 2023 को हीरालाल शर्मा के चचेरे भाई संतोष शर्मा की हत्या हुई थी।



## बिल्डर पर धोखाधड़ी करने व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें बाघमारा के मधुबन कोलियरी से आए व्यक्ति ने एक बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी करने तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी से दोनों पक्षों को बुलाकर उनका पक्ष सुनने का निर्देश दिया।गोविंदपुर के आसनबनी से आए लोगों ने आसनबनी - 1 पंचायत में किए जा रहे मनरेगा कार्य में रोजगार सेवक द्वारा अनियमितता बरतने और पैसों की अवैध रूप से निकासी करने की शिकायत की। वहीं धनसार से आई महिला ने देवर द्वारा अत्याचार करने, टुंडी के सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार करने, दंडाधिकारी एवं सुरक्षा बल की नियुक्ति कर जमीन की मापी कराने, अबुआ आवास स्वीकृत करने, बाघमारा में पर्यटन स्थल विकसित करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।



### पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा नोटिस सं० 49 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: (1) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं०-02-डीडीयू-व०मं०इंजी०-सी-24-25 डीडीयू मंडल के अधीन एफ०ओ०आर० पाकुड खादान आदि के लिए सभी प्रकार के आकस्मिक शुल्क सहित किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन द्वारा नवीनतक सुधार पर्चियों सहित ट्रैक गिट्टी, आई०एस०/आर०डी०एस०ओ०-जीई/0001:2023, फरवरी 2023 के लिए आर०डी०एस०ओ० के विनिर्देशों की पुष्टि करने वाली 50 मिमी आकार की 100000 धन मीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। (2) कार्य का अनुमानित लागत: ₹ 197673000.00, (3) धरोहर राशि: ₹ 1138400.00, (4) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 20.03.2025 को 12:00 बजे तक। (5) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल
पं० दीन दयाल उपाध्याय।
पीआर/02192/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24-25/36

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़

**-: सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No. 346889 में प्रकाशित ई निविदा सूचना संख्या-RDSD/ RAMGARH/ 09/2024-25](Sports) रामगढ़ जिलान्तर्गत चितरपुर प्रखण्ड के ग्राम/पंचायत-बोरोबिंग में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण। जिसका वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 27.02.2025 से प्रारम्भ था। जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़।

PR.NO.347177 Rural Development(24-25):D

# हर महिला को आर्थिक रूप से बनना चाहिए आत्मनिर्भर : उपायुक्त

## पुरुष व महिला को प्रतिभा निखारने का मिलना चाहिए समान अवसर

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** पुरुष एवं महिला को अपनी प्रतिभा निखारने का समान अवसर मिलना चाहिए। साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना चाहिए। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह किसी पर निर्भर नहीं रहेगी। यह बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत पीसी एंड पीएनडीटी उन्मुखीकरण कार्यशाला में बतौर मुख्या अतिथि कॉलेज की बी.एड. छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।उपायुक्त ने बी.एड. छात्राओं से समाज की हर लड़की को उपरोक्त संदेश देकर उन्हें जागरूक करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा बेहतर समाज निर्माण के लिए लैंगिक समानता जरुरी है। इसके लिए कई ऐसे क्षेत्र है जहां ध्यान केंद्रित कर काम करना होगा। वहीं पीसी एंड पीएनडीटी पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि भ्रूण जांच और लिंग निर्धारण दंडनीय अपराध है। उन्होंने इसके नैतिक, तकनीकी और कानूनी पहलू पर विचार प्रकट किए। साथ ही छात्राओं से इसे जानने और समान रूप से इस पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।कार्यशाला को जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र ठाकुर, डॉ विकास राणा, पूजा रत्नाकर, निता सिन्हा कॉलेज की 150 से अधिक बी. एड. छात्राएं उपस्थित थी।

### कार्यालय- समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) गुमला।

(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

शैक्षणिक सत्र- 2023-24 हेतु
ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :-

| क0 | प्रकियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | विलम्ब से शुरू हुए शैक्षणिक सत्र- 2023-24 के छुटे हुए छात्र/छात्राओं के लिए आवेदन हेतु विषेष अवसर की समय सीमा। | 20.02.2025 | 06.03.2025 |
| 2. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 20.02.2025 | 10.03.2025 |
| 3. | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा। | 20.02.2025 | 15.03.2025 |

शैक्षणिक सत्र- 2024-25 हेतु
ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :-

| क0 | प्रकियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक सत्र- 2024-25 के लिए पंजीकरण से छूटे हुए शैक्षणिक संस्थानों को भी पंजीकरण के लिए समय सीमा। | 15.03.2025 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र- 2024-25 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि। | 20.03.2025 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि। | 25.03.2025 |
| 4. | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा | 30.03.2025 |

आवश्यक निर्देश :-

- INO Approved होने तक कोई भी छात्र-छात्रा अपने Login-ID से अपने आवेदन में सुधार कर सकते है।
- DNO द्वारा Pending किए जाने पर पुनः छात्र-छात्रा आने Login-ID से आवेदन में कोई भी सुधार कर सकते है।
- DNO द्वारा Pending किए जाने पर आवेदन INO/Student स्तर पर Pending Show होगा और छात्र-छात्रा द्वारा उसमें सुधार करते ही DNO स्तर पर चला जाएगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटिपूर्ण, गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर या डाक्यूमेंट अपलोड करने पर आवेदन रद्द कर दिया जायेगा।

ह0/-
जिला कल्याण पदाधिकारी,गुमला।

PR 347173 Welfare(24-25)D

### कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा

**अल्पकालीन बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या - 01/2024-25**
**दिनांक - 24.02.2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में कोडरमा बस स्टैण्ड (बस, जीप मीनी बस, छोटे चार पहिया वाहन) / कोडरमा टैम्पु स्टैण्ड / कोडरमा सब्जी हाट का बन्दोबस्ती वर्श 2025-26 के लिये खुले डाक द्वारा दिनांक 05.03.2025 को 12:00 बजे अपराह्न से E-Procurment कमिटि के अध्यक्ष, अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी जो कोडरमा नगर पंचायत के निवासी हो वे भाग लेने हेतु दिनांक 03.03.2025 को कार्यालय से बीड आवेदन पत्र कय कर एवं दिनांक 04.03.2025 को बीड आवेदन पत्र भर कर निम्न जमानत राशि का ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक के साथ जमा करना अनिवार्य होगा एवं डाक की शर्ते कार्यालय दिवस में नगर पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

| क0 सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित राशि | डाक में भाग लेने हेतु जमानत राशि | बीड आवेदन पत्र का मुल्य | बन्दोबस्ती की अवधि | बन्दोबस्ती तिथि/ समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस स्टैण्ड (बस, जीप, मीनी बस, छोटे चार पहिया वाहन) | 3443100.00 | 344310.00 | 1000.00 | 01.04.2025 से 31.03.2026 तक | 05.03.2025 / 12:00 बजे अपराह्न |
| 2 | कोडरमा टैम्पु स्टैण्ड | 263120.00 | 26312.00 | 500.00 | 01.04.2025 से 31.03.2026 तक | 05.03.2025 / 02:00 बजे अपराह्न |
| 3 | कोडरमा सब्जी हाट | 144814.00 | 14482.00 | 500.00 | 01.04.2025 से 31.03.2026 तक | 05.03.2025 / 03:00 बजे अपराह्न |

ह0/-
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 347213 Urban Development(24-25).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, सिमडेगा

अति-अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० - 08/2024-25 दिनांक 25.02.2025

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि एवं समय :- 04.03.2025 के अपराहन 4.00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 05.03.2025 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 05.03.2025 के 4.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र० | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की अनुमानित संख्या | प्रा० राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण वि० का मूल्य (रू० में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for R/M To D/T required for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division No. 01, Simdega. | I | Major – 880 Minor- 482 Total- 1362 | 1106755.00 | 22500.00 | 2500.00 | मार्च 2025 तक |
| 2 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for R/M To D/T required for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division No. 02, Simdega. | II | Major – 533 Minor- 292 Total - 825 | 670382.00 | 13500.00 | 1250.00 | मार्च 2025 तक |
| 3 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for R/M To D/T required for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas under Drinking Water and Sanitation Sub Division Kolebira. | III | Major – 1093 Minor- 599 Total - 1692 | 1374864.00 | 27500.00 | 2500.00 | मार्च 2025 तक |

नोट :- 1. नलकूपों के सामान्य मरम्मति के दौरान शिकायत मिलने पर नलकूपों की संख्या घट अथवा बढ़ सकती है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे। ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिझिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 347223 Simdega (24-25)_D

# नया बाजार के शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहबाज़ सिद्दीकी मेमोरियल एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा नया बाजार स्थित सुभाष चौक के समीप रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमे 30 लोगों ने अपना रक्तदान किया। संग्रहित रक्त को एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक को दिया गया है। आयोजकों ने बताया की थैलिसीमया पीड़ित बच्चों की गंभीर स्थिति एवं ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते एक हफ्ते में दूसरी बार ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित करना पड़ रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शहबाज़ सिद्दीकी मेमोरियल के संस्थापक मोहम्मद इरशाद आलम एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद के ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल ऑफिसर बेनजीर परवीन समेत अन्य की सराहनीय भूमिका रही।



### समाहरणालय, कोडरमा
### (जिला पर्यटन कार्यालय)

E-mail:- sportskoderma17@gmail.com

**Request For Proposal (RFP)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम - जिला पर्यटन पदाधिकारी, कोडरमा
2. RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 19-03-2025 पूर्वा0 12:30 बजे तक
3. RFP जमा करने का स्थान एवं समय - जिला पर्यटन कार्यालय, कोडरमा
4. RFP खोलेने का स्थान समय - समाहरणालय सभागार, कोडरमा
5. RFP खोलेने का तिथि एवं समय - 19-03-2025 at 03:00 PM

इच्छूक फर्म / संस्थान से जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद, कोडरमा के द्वारा प्रखण्ड चन्दवारा में निर्मित कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ एवं एडवेंचर मोटर बोट के संचालन / रख-रखाव हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 | बन्दोबस्ती का विवरण | | | सुरक्षित जमा राशि (वार्षिक) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद, कोडरमा के द्वारा निर्मित कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ | | | 7,00,000.00 (सात लाख) |
| 2 | एडवेंचर मोटर बोट | | | |
| | Sl. No | Item | Quantity | |
| | 1 | Rescue Speed Boat 8 seater | 2 | |
| | 2 | Life Boat for Resque | 1 | |
| | 3 | Safety Jacket for water sport | 50 units | |
| | 4 | Floating Jetty | - | |
| | 5 | Tandam Kayak | 2 units | |
| | 6 | Life/ Rescue Tube | 20 Units | |

Request For Proposal (RFP) की शर्ते एवं अन्य विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला पर्यटन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 347201 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

**E-mail ID:** eedwsd.simdega@gmail.com

**आम सूचना**

आसन्न ग्रीष्म ऋतु 2025 हेतु सिमडेगा जिले के जन साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिष्ठापित ड्रिल्ड नलकूपों के सघन एवं नियमित साधारण मरम्मति/ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति से संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा में जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिनमें निम्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनियुक्त किए गये हैं-

– जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम –

| नियंत्रण कक्ष का स्थान | पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदाधिकारी/ कर्मचारी का मोबाईल नं० | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा | (1) श्री चन्दन कुमार, सहायक अभियंता (नोडल पदाधिकारी) | 7277178510 | 06525-350233 |
| | (2) श्री प्रदीप कुमार कुजूर, निम्न वर्गीय लिपिक | 7992372294 | |
| | (3) श्री चन्द्रदीप कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक | 9546538539 | |

जिला नियंत्रण कक्ष में पेयजल संबंधी विविध शिकायतों को दर्ज कराते समय शिकायतकर्त्ता अपना पूरा नाम (प्रखण्ड, पंचायत, ग्राम, टोला, स्थान, मोबाईल नं०) के साथ शिकायत के प्रकार की जानकारी जरूर दें। दर्ज शिकायतों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई हेतु विभिन्न प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को नोडल पदाधिकारी मनोनित किया जाता है जिनका नाम एंव मोबाईल नं० निम्न प्रकार है, जिनमें ग्रामीण सीधे अपनी पेयजल से संबंधित समस्या के समाधन हेतु कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते है-

| क्र० | प्रखण्ड का नाम | प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी (कनीय अभियंता) का नाम एवं मोबाईल नं० | | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा/पाकरटांड | श्री पंकज कुमार पिंगुवा | 9771320657 | श्री चन्दन कुमार 7277178510 |
| 2 | कुरडेग/केरसई | श्री आशीष कुमार राणा | 8002157450 | |
| 3 | ठेठईटांगर | श्री सोमा उराँव | 9431993634 | |
| 4 | कोलेबिरा | श्री कुन्दन कुमार | 9430040865 | |
| 5 | बानो | श्री पंकज कुमार | 9031726273 | |
| 6 | जलडेगा / बांसजोर | श्री प्रकाश कुमार महतो | 7979837928 | |
| 7 | बोलबा | श्री उमेश कुमार महतो | 6204476306 | |

राज्य स्तरीय टॉल फ्री नं० 1800 345 6502 पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
सिमडेगा।

PR 347228 (Simdega) 24-25 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल , सिमडेगा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

**निविदा सूचना संख्या - 07/2024-25 (2nd Call) दिनांक – 25.02.2025**

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :- 04.03.2025 के अपराहन 2.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 05.03.2025 के अपराहन 4.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :- 05.03.2025 के 11.00 बजे पूर्वाहन।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा।

| क्र० सं० | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | कुल प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bath Room (Bathing Arrangement With Polythene Sheet Covering, HDP Water Tank and Kachcha Sock Pit with Drain) at Different School in Simdega Distirct. | 1 | 04 अदद | 189600.00 | 3800.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 2 | 30 अदद अस्थायी शौचालय का निर्माण कार्य। | 2 | 30 अदद | 119220.00 | 2400.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 3 | Rising & Distribution network with installation of water storage tank capacity 1000 liter of 2 nos. at Govt. Middle School, Parba. | 3 | 01 अदद | 64586.00 | 1300.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 4 | Construction of Tube Well of 125mm x 115 mm dia x 120 mtr. Deep drilled tube well at Govt. Upg. High School, Kewetang | 4 | 01 अदद | 119198.00 | 2400.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 5 | Rivival of IM II hand pumps defunct due to their rotten riser pipe by changing all riser pipe at Basic School, Kolebira | 5 | 01 अदद | 16586.00 | 400.00 | 250.00 | 15 दिन |
| 6 | Rising & distribution network & changing of rotten riser pipe of existing tube well at Govt. UPG. High School Paitano. | 6 | 01 अदद | 38993.00 | 800.00 | 250.00 | 15 दिन |

नोट :- 1. संवेदक का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत निबंधन एवं UCAN तथा GST में Registration अनिवार्य है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य राष्ट्रीयकृत बैंक (जिसका शाखा सिमडेगा जिला में हो) से निर्गत ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से प्रतिझिप्त होना चाहिए एवं सिमडेगा शाखा में भुगतेय होना अनिवार्य है।
3. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4. निविदा की प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.347221 Simdega(24-25):D

# मोजम्मिल अहमद ने संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान को लेकर संयोजक मंडली के साथ की बैठक, कहा

## एक सप्ताह के अंदर नये सिरे से होगा सभी प्रखंडों का गठन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झामुमो लोहरदगा जिला संयोजक मंडली की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय में संयोजक प्रमुख मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और अधिकाधिक सदस्य बनाने के लिए सदस्यता अभियान को तेज करने पर चर्चा की गई। मौके पर संयोजक प्रमुख मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झामुमो ने हर घर से सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि जिला में 50 हजार से अधिक सदस्य बनाए गए हैं। कार्यकर्ताओं से अपील अपील करते हुए कहा कि यह सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का कर्तव्य है कि संगठन मजबूती के लिए तन-मन-धन से लग जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को यह बताना आवश्यक है कि झारखंड और झारखंड वासियों के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन क्या-क्या कर रहे हैं। साथ-साथ यह भी कोशिश करें की जल्द से जल्द सभी पंचायत के पदाधिकारियों सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि एक सप्ताह के अंदर सभी प्रखंडों का सम्मेलन कर मजबूत प्रखंड कमेटियों का गठन किया जा सके। संयोजक मंडली के सदस्यों ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मौके पर अनिल उरांव, अजय उरांव, सरिता भगत, संकर उरांव, अकास साहू, युवुंती देवी, तिवारी उरांव, राधा तिर्की, समीद अंसारी, मुकेश कुमार, राधा तिर्की, समीर कुमार, सयामदनंद लोहरा, सतीम टोप्पो, परवेज़ अंसारी, सरवाती कच्छप,अफरोज अंसारी, राजकिशोर राम, सजाद अंसारी, लालू कुमार, साहिल मंसूर, बिपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

# वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत दतरी ग्राम में स्वाधार के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा महिलाओं के लिए एक विशेष वित्तीय जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। वही स्वधार द्वारा इस वर्ष का वित्तीय साक्षरता सप्ताह 24 से 28 फरवरी तक मनाया जा रहा है। जिसका प्रमुख विषय वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी है। आयोजित कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता केंद्र के जिला प्रभारी पवन कुमार झा के निर्देशन मेंआयोजित किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान सीएफएल इंचार्ज आशीष कुमार ने महिलाओं को पैसा बचाने, वित्तीय प्रबंधन, निवेश का सही तरीका बैंकिंग प्रणाली,बीमा योजनाओं और सरकारी वित्तीय योजनाओं सहित अन्य योजनाओं से लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य है स्वरोजगार से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने आर्थिक संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करना। वित्तीय साक्षरता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी तो इससे न केवल उनका बल्कि पूरे समाज का विकास होगा। साथ ही प्रखंड क्षेत्र अन्य पंचायत और गांव में कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई। मौके पर प्रशिक्षक ममता कुमारी के अलावे गांव के सैकडों दीदी मौजूद थे।

# सत्ता रूढ़ के इशारों पर हो रहा है पत्रकारों पर जानलेवा हमला, निंदनीय : अनिल उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी नेता अनिल उरांव ने अवैध बालू तस्करी को लेकर मीडिया रिपोर्ट कर रहे पत्रकार के ऊपर जिस तरह जानलेवा हमला का प्रयास सत्तारूढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष के निर्देश पर किया गया वह निंदनीय है और इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि संविधान के प्रति लेकर चुनाव में वोट मांगने वाले लोहरदगा के विधायक, सांसद एवं झारखंड सरकार की चुप्पी बताता है कि संविधान से इन्हें कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा नेता अनिल उरांव ने कहा कि संविधान के चौथा स्तंभ पत्रकार होते हैं जो समाज में फैली बुराइयों एवं प्रशासनिक विफलताओं को सामने लाने का काम करती है उन पर जानलेवा हमला किया जाना घोर अपराध है। लोहरदगा जिला प्रशासन संज्ञान लेकर बालू माफियाओं के ऊपर  नकेल कसना चाहिए। और बालू घाटों की नीलामी करने हेतु झारखंड सरकार से बात कर जनता के लिए बालू उपलब्ध कराना चाहिए। जब से झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार आई है तब से आज तक नदी का बालू जनता के लिए उपलब्ध नहीं की है जिससे विकास कार्यो एवं लोगों को अपना आवास बनाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है एवं प्रधानमंत्री आवास या अब वह आवास नहीं बनने पर जिला प्रशासन से नोटिस दी जा रही है जनहित में फैसला लेने की बात करने वाली झारखंड सरकार कोई भी जनहित का कार्य नहीं कर रही है सभी जगह आव्यवस्था एवं अपराध चरम पर पहुंच रही है। जिला प्रशासन से अनिल उरांव ने आग्रह किया है कि इस मामले में संज्ञान लेते हुए जनहित को देखते हुए जनता के लिए बालू उपलब्ध कराए नहीं तो इसको लेकर जन आंदोलन किया जाएगा।

# मैट्रिक में 772 छात्र छात्राओं ने दिया समाजिक विज्ञान का परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मंगलवार को समाजिक विज्ञान की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 418 छात्र छात्राओ में से 416 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में से 356 विद्यार्थियों ने समाजिक विज्ञान का परीक्षा दिया। वही 777 परीक्षार्थियों में से 772 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित मंगलवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी 777 में से 772 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हो समाजिक विज्ञान का परीक्षा दिया 5 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी, रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

# कार्य के प्रति रहे समर्पितः सिविल सर्जन डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आईडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है। इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करता है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से सभी एएनएम को टैब भी दिया गया है बीमारियों की रिपोर्टिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग इसकी बीमारी की रोकथाम का इंतजाम करता है अगर किसी एक बीमारी की पांच से अधिक मरीज एक क्षेत्र में मिल जाए तो उसे आउटब्रेक की श्रेणी में जिला द्वारा डालना होता है जिससे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसे क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम के उपाय स समय किया जाए। मंगलवार को सिविल सर्जन लोहरदगा डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में प्रखंड लोहरदगा के टाउन हॉल में सभी लोहरदगा प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की जिसमें जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रथम स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र निगनी, द्वितीय स्थान स्वास्थ्य उप केंद्र भुजानिया एवं तृतीय स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र कुर्से को जिन्होंने आईएचआईपी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य किया उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा डॉ. शंभू नाथ चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा नाजिश अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी लोहरदगा डॉ.शंकर प्रसाद , जिला एपिडेमोलार्जस्ट प्रशांत चौहान, आईडीएसपी जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आईडीएसपी विमलेश कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक विनोद कुमार, प्रखंड डाटा मैनेजर नवीन कुमार बहुउद्देशीय कार्यकर्ता मनीष कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# रितेश कुमार बनाये गये विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के जिलाध्यक्ष



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत 22 फरवरी से आरम्भ विश्व हिंदू परिषद का प्रांतीय बैठक रामगढ़ ज़िला में सम्पन्न हुई। जिसमें नये सत्र हेतु झारखण्ड प्रान्त के कुछ जिलों में विश्व हिंदू परिषद के नयी समिति का गठन करते हुए लोहरदगा ज़िला हेतु रितेश कुमार को जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। जबकि पूर्वाध्यक्ष रामलखन प्रसाद को कार्यकारिणी सदस्य तथा कार्यकर्ता प्रियांशु कुमार को जिला संयोजक बनाया गया। ज्ञातव्य हो कि पूर्व के 2021-22  वर्ष में रितेश कुमार विश्व हिंदू परिषद का जिला मंत्री रहते हुए संगठन को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में अपनी सशक्त भूमिका निभायी थी, परन्तु विगत दो वर्षो से व्यक्तिगत कारणों से संगठन के किसी भी दायित्वों से किनारा कर लिया था। अब एक बार फिर से संगठन को सशक्त व सुदृढ़ करने की जिम्मेवारी रितेश कुमार को दी गयी है। रितेश कुमार के विश्व हिंदू परिषद, लोहरदगा जिलाध्यक्ष बनने पर अभिवावक प्रवीण कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मदन मोहन पांडेय, रामलखन प्रसाद, महेंद्र महतो, सुनील कुमार अग्रवाल, विपुल तामेडा, प्रवीण ठाकुर, विजय कुमार खत्री, धनन्जय प्रसाद, राजेश अग्रवाल, अनीश मित्तल, गुंजन गोयल, अभय अग्रवाल समेत अनेक सनातनी भाई बन्धुओं ने बधाई दिया।

# मंदिरों में पूजा पाठ की सारी तैयारी पूरी, महाशिवरात्रि आज



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सदर प्रखण्ड क्षेत्र में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।26 फरवरी यानी आज बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा विधिवत तरीके से की जाएगी। जिसके लिए प्रखण्ड के कई मंदिरों का रंग रोगन एवं सजावट के साथ तैयार की जा रही है। बुधवार को सुबह से ही भक्तों द्वारा पूजा की जाएगी एवं कई जगहों पर मंदिरों में कीर्तन, भजन एवं भंडारा का भी आयोजन किया जाना है। वही प्रखण्ड क्षेत्र के बाबा भोले नाथ मंदिर खखपरता, भंडरा स्थित अखिलेश्वर धाम, कूडू प्रखंड स्थित महादेव मंडा, कोराम्बे जैसे अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिलेगी।इस दौरान महाशिवरात्रि को लेकर भक्तो में उत्साह देखने को मिल रही है। वही शहरी क्षेत्रों में भगवान शिव की बारात की झांकी भी निकली जायेगी।

# भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह एवं संजय बर्मन ने जिले के विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह एवं संजय बर्म्मन ने आज लोहरदगा उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिलकर स्थानीय जन समस्याओं के निदान हेतु आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में काफी बड़ी राशि से निर्मित विद्युत शवदाह गृह पिछले एक वर्षो से बनकर तैयार है परंतु विधिवत्त प्रारंभ नहीं होने के कारण यह खंडहर में तब्दील हो रही है इसके प्रारंभ करने से जहां पर्यावरण का संरक्षण होगा वही आमजनो के उपयोग में आता। दूसरी ओर इसी प्रकार बरही गांव में बड़ी राशि से बना कोल्ड स्टोरेज बन कर तो तैयार है परंतु प्रारंभ नहीं होने से इस क्षेत्र के किसानों में मायूसी आ गई है तथा जो आर्थिक लाभ क्षेत्र के किसानों को मिलता वह इससे वंचित हो रहे हैं,साथ ही साथ शहरी क्षेत्र के मुख्य पथ की सड़क काफी जर्जर हो गई है जहां शहर व ग्रामीण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं विशेष कर मिशन चौक से महावीर चौक तक की सड़के तो इतनी खराब है की छोटे-छोटे छात्र छात्राएं प्रतिदिन चोटिल हो रहे हैं। उपायुक्त ने पूरी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना तथा कहा कि इस दिशा में शीघ्रतम कार्यवाही की जाएगी।

## समेकित प्रयास से आयेगी खुशहाली : उप विकास आयुक्त

# अतिथियों द्वारा वाटरशेड योद्धा किसानों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन अंतर्गत लोहरदगा जिला में वाटरशेड यात्रा का मंगलवार को समापन हो गया। इसके अंतर्गत आज कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय परिसर तके किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि जाहिद अहमद, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव, जलछाजन के स्टेट नोडल हेड विपुल विकास समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जलछाजन मिशन अंतर्गत यह कार्यक्रम बहुत ही बढ़िया तरीके से आयोजित किया गया। इस मिशन के जरिये जल के बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। कृषि कार्य में जल का इस्तेमाल हमेशा से होता आया है और इसके लिए जरूरी है कि सिंचाई के लिए विकल्प ढूंढा जाय, जल संचय किया जाए। जल संचय कर हम बारिश के पानी से डोभा, तालाब के लिए जल की व्यवस्था कर सकते हैं। मेढ़बंदी कर मिट्टी का कटाव रोक सकते हैं। आज के कार्यक्रम में कृषि व विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये हैं जिसका फायदा उठा सकते हैं। कृषि के नये तकनीक सीख सकते हैं और अपनी आय कई गुना बढ़ा सकते हैं। आज जिला के कुडू व कैरो समेत कई क्षेत्रों में कृषि की नई तकनीक का इस्तेमाल लोग कर रहे हैं और अपनी आय बढ़ा रहे हैं। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा ने कहा कि सभी के प्रयास से ही खुशहाली आएगी। जलछाजन मिशन एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें पानी के संरक्षण की जानकारी दी जा रही है। इससे जुड़कर किसान खुशहाल हो रहे हैं। डोभा के जरिये जल संरक्षण कर सकते हैं। मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन की योजनाओं से किसानों का सशक्त बनाया जा रहा है। सभी को मिलकर समाज के विकास के लिए अपनी भागीदारी निभानी होगी जिससे पानी की उपलब्ध गांव-गांव में सुनिश्चित हो सकेगी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि वाटरशेड योद्धाओं ने गांव-गांव जा कर योजनाओं की जानकारी दी है। यह सिर्फ एक विभाग की योजना नहीं है। इससे सभी अपने प्रयास से जन-जन तक पहुंचाएं। जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो ने वाटरशेड यात्रा के महत्व के बारे बताया। साथ ही, कहा कि जल, जीवन और जमीन को बचाने के लिए यह कार्यक्रम सभी विभागों से जुड़ा हुआ है। लोग इस यात्रा से जुड़ें और स्वयं को सशक्त बनायें। कृषि विभाग द्वारा कई कार्यक्रम जैसे बीज वितरण, डेमोन्स्ट्रेशन, मिट्टी का ट्रीटमेंट आदि के कार्यक्रम का आमजन लाभ उठाएं और स्वावलंबी बनें। आत्मा के जरिये कृषि यंत्र, परिभ्रमण कार्यक्रम का लाभ ले सकते हैं।पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार ने पशुगणना-2025 की जानकारी दी और कहा कि प्रत्येक जन इस कार्यक्रम में शामिल प्रगणकों का पूर्ण सहयोग करें और सरकारर की योजनाओं का लाभ उठाएं। आपके पशुओं की संख्या के हिसाब से आपको लाभान्वित किया जाएगा।

# सांसद सुखदेव भगत को लोकसभा याचिका समिति का बनाया गया सदस्य



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के स्पीकर ने लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को लोकसभा याचिका समिति का सदस्य बनाए हैं यह जानकारी उत्पल कुमार सिंह प्रधान सचिव ने पत्र के माध्यम से सांसद को दिया। याचिका समिति के अध्यक्ष सांसद चंद्र प्रकाश जोशी को बनाया गया है यह 14 सदस्यी समिति है। लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद के कार्यो से प्रभावित होकर उन्हें बड़े-बड़े दायित्व दिया जा रहा है। इससे पहले सांसद सुखदेव भगत को लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक पर विचार करने हेतु गठित संसद की संयुक्त समिति जेपीसी का सदस्य बनाया गया उसीप्रकार कोयला, खान एवं इस्पात संसदीय स्थायी समिति के सदस्य, देवघर एम्स के स्थायी सदस्य बनाया गया है। यह लोहरदगा संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए गौरवान्वित की बात है कि उनके सांसद के कार्यो से प्रभावित होकर उन्हें बड़े-बड़े दायित्व से दिए जा रहे हैं।

# उपायुक्त ने हिंडाल्को सीएसआर के सहयोग से राष्ट्रीय तीरंदाज कृष्ण को आर्चरी किट प्रदान किए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा सीएसआर द्वारा प्रदत्त उपायुक्त लोहरदगा डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज दिनांक 25 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय तीरंदाज कृष्ण चंद्र देव को आर्चरी किट प्रदान किए। यह आर्चरी किट हिंडाल्को के सीएसआर मद उपलब्ध कराया गया। उपायुक्त श्री बाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं हिंडाल्को प्रबंधन ने राष्ट्रीय तीरंदाज कृष्ण चंद्रदेव को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय तीरंदाज कृष्ण चंद्र देव सिल्ली स्थित आर्चरी प्रशिक्षण संस्थान में प्रारंभिक प्रशिक्षण लिया है। लगभग 10 वर्षो तक कठिन प्रशिक्षण लेकर तीरंदाज के बारीकियों से अवगत प्रशिक्षक प्रकाश राम एवं शिशिर महतो की निगरानी में हुए। वर्तमान में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) सोनीपत (हरियाणा) में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अब तक लगभग 11 राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कृष्ण चंद्रदेव भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। साथ ही एशिया कप स्टेज 3 जो साउथ कोरिया में आयोजित किए गए, वहां भी सराहनीय प्रदर्शन किए। अब हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम मिल रहे सहयोग से श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकेंगे। एक सामान्य परिवार में जन्में कृष्ण चंद्रदेव लोहरदगा के सदर प्रखंड निवासी सुकुमार निवासी माता अनीता साहू एवं दिलीप साहू के सुपुत्र हैं। उपायुक्त ने हिंडाल्को प्रबंधन का भी सहयोग प्रदान के लिए आभार प्रकट किया। हिंडाल्को सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने तीरंदाज कृष्ण चंद्र को बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। मौके पर सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, वरीय सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, अनन्या डे, अभय भारती, दिलीप साहू मौजूद रहे।

# शिक्षा परियोजना द्वारा 66 पंचायतों के मुखिया का जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय लोक भागीदारी अंतर्गत शिक्षित ग्राम सक्षम पंचायत विषयक जिला के सभी 66 पंचायतों के मुखिया जी का जिला स्तरीय कार्यशाला सह सम्मेलन का आयोजन नगर भवन, प्रखण्ड परिसर, लोहरदगा में जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा अभिजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष,रीना कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा अभिजीत कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, विनय बंधु कच्छप, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, एमलीन सुरीन, क्षेत्र प्रबंधक, आकाश कुमार और उपस्थित मुखिया जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, विनय बंधु कच्छप ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि लोक भागीदारी अंतर्गत पंचायत के स्तर के जन प्रतिनिधि माननीय मुखिया जी की शिक्षा के विकास में अति महत्वपूर्ण भूमिका है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रारंभिक विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति में पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। विद्यालय के सुचारू संचालन में आप सबों की अहम भूमिका है। इससे संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी की दिया गया। विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन, उनका ठहराव, विद्यालय की संरचना और सुदृढ़ीकरण में आवश्यक सहयोग, विद्यालय विकास योजना, मुखिया जी की विद्यालय विकास में उनकी भूमिका आदि विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा सह जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा अभिजीत कुमार लोक भागीदारी अंतर्गत मुखिया जी सम्मेलन में सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय विकास में आप सभी पंचायत जन प्रतिनिधि मुखिया जी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।

# जेएनवी में किया गया नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में प्रज्ञा सेवा संस्थान रांची एवं मीनाक्षी नेत्रालय के सहयोग से विद्यालय में छात्र छात्राओं का नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित नेत्र जांच शिविर में विद्यालय के लग्भग 450 छात्र छात्राओं ने अपनी आंखों की जांच करा कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया गया। वही कार्यक्रम में मीनाक्षी नेत्रालय के डॉक्टर अभिषेक सिंह एवं डॉ मीनाक्षी सिंह का नेत्र जांच एवं दंत जांच की टीम द्वारा जांच किया गया। जांच टीम में डॉक्टर सोनाली, सीनियर ऑप्टिशियन फैजा नूर, मार्केटिंग हेड एस तिवारी, गौतम, सत्येंद्र एवं आरती  थे। आयोजित नेत्र जांच के दौरान विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए कहा जवाहर नवोदय विद्यालय के पीएम श्री योजना के तहत यह शिविर आयोजित किया गया था। साथ ही कहा कि नेत्र स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। और इस प्रकार का शिविर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का एक बेहतरीन माध्यम है। शिविर में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों ने छात्र छात्राओं के आंख जांच कर जरूरतमंदों को चश्मे तथा उपचार संबंधी सुझाव दिया। साथ ही कुछ छात्र छात्राओं को आगे के उपचार के लिए परामर्श भी दिया गया। नेत्र जांच शिविर कार्यक्रम में प्रज्ञा सेवा संस्थान एवं मीनाक्षी नेत्रालय तथा नवोदय की पीएम श्री योजना द्वारा आयोजित इस शिविर में छात्र छात्राओं एवं पूरे विद्यालय परिवार ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर अवनीश चंद्र झा, शिक्षक डी कुमार, रमेश कुमार उपाध्याय, सूरज पांडे, नर्स अनीता लकड़ा, अवधेश कुमार सिंह, प्रज्ञा सेवा संस्थान के दुर्गेश सिंह, परिमल कुमार एवं विद्यालय के अन्य सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### शिमला में एचआरटीसी टैक्सी सेवा हुआ महंगी




**शिमला :** हिमाचल पथ परिवहन निगम ने शिमला शहर और उसके आसपास चलने वाली टैक्सी सेवा ÷राइड विद प्राइड÷ के किराए में बढ़ोतरी कर दी है। नए किराया नियमों के तहत अब आम यात्रियों को प्रत्येक श्रेणी में 10 रुपये अधिक चुकाने होंगे। हालांकि वरिष्ठ नागरिकों और आईजीएमसी अस्पताल जाने वाले मरीजों को इस बढ़ोतरी से छूट दी गई है जिससे वे पहले की तरह ही पुराने किराए पर यात्रा कर सकेंगे। एचआरटीसी द्वारा संचालित इन टैक्सियों का संचालन शिमला शहर के प्रमुख मार्गों पर किया जाता है, जिसमें कई प्रतिबंधित क्षेत्र भी शामिल हैं। यह सेवा विशेष रूप से उन स्थानों तक पहुंच प्रदान करती है जहां निजी या अन्य व्यावसायिक टैक्सियों को अनुमति नहीं मिलती। इनमें ऐतिहासिक मॉल रोड के समीप स्थित सीटीओ पॉइंट प्रमुख है जहां तक केवल निगम की टैक्सियां जा सकती हैं।इसके अलावा रिज मैदान के पास से जाखू मंदिर जाने वाले पर्यटकों के लिए भी यह सेवा एक महत्वपूर्ण सुविधा मानी जाती है।एचआरटीसी निदेशक मंडल की 159वीं बैठक बीते 22 फरवरी को शिमला में आयोजित की गई, जिसमें इस किराया संशोधन का निर्णय लिया गया। बैठक में चर्चा के दौरान निगम ने यह तर्क दिया कि बढ़ते परिचालन खर्च, ईंधन की कीमतों में वृद्धि और टैक्सियों के रखरखाव पर आने वाले खर्च के कारण किराया बढ़ाना आवश्यक हो गया था।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने निकाला जुलूस

**हरिद्वार :** भाजपा कनखल मण्डल के अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रशांत शर्मा को उनके समर्थक बधाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को समर्थकों ने कनखल में जुलूस निकाला और उनका स्वागत किया। उन्हें बधाई देने वालों में पार्षद मुकुल पाराशर, वरिष्ठ नेता अमित गौतम, पूर्व मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, सचिन भारद्वाज, मोहित पाराशर, सोनू शर्मा आदि शामिल रहे। इस मौके पर प्रशांत शर्मा ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मंत्री मदन कौशिक के विकसित भारत और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के सपने को साकार करना है। उन्होंने पार्टी के सभी बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

### डेडीकेटेड एकेडमी में आईआईटी गुरु विनय सर के साथ मात्र 30 दिन

# आईआईटी मेंस में सफलता की गारंटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के घर-घर में शिक्षा की रोशनी बिखेरने वाला डेडीकेटेड एकेडमी अब जिले के हर घर के बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनाने का संकल्प ले लिया है। अपने इसी संकल्प को पूरा करने के लिए डेडीकेटेड एकेडमी के चमकते सितारे और आईआईटी गुरु के नाम से झारखंड राज्य में प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके इंजीनियर विनय मेहता ने 30 दिन का स्पेशल कोर्स शुरू करने का निश्चय किया है। 30 दिन के इस स्पेशल कोर्स में आईआईटी मेंस और नीट (मेडिकल) की परीक्षा देने वाले छात्रों को पढ़ाया जाएगा। इंजीनियर विनय कुमार मेहता का चैलेंज है कि जो छात्र-छात्रा इस 30 दिन तक डेडीकेटेड एकेडमी पहुंचकर मेरे द्वारा पढ़ाए गए विषय वस्तु पर अमल करेगा। उनका सिलेक्शन निश्चित है। वशर्ते कि उनमें मेहनत करने का जुनून और जज्बा हो। 30 दोनों का ग्रांटेड सक्सेस प्रोग्राम पूरे पलामू के छात्रों के लिए फ्री है। मतलब साफ है,पलामू जिले को आईआईटी का गढ़ बनाने के लिए आप जरूर आईआईटी गुरु विनय सर के साथ पढ़ाई करें। आपकी सफलता आईआईटी मेंस में निश्चित है।

आईआईटी मेंस की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए है सुनहरा मौका

डेडीकेटेड एकेडमी ने उन सभी छात्रों के लिए एक खास सौगात पेश की है, जो इस साल अप्रैल में होने वाली जेईई मेंस परीक्षा में सफलता हासिल करना चाहते हैं। विनय सर के मार्गदर्शन में डेडीकेटेड एकेडमी 30 दिनों का एक ऐसा फास्ट्रेक कोर्स लेकर आई है, जो आपकी सफलता की गारंटी देता है। जो भी बच्चे पलामू से बाहर रहकर जेईई



मेंस आईआईटी की परीक्षा की तैयारी किए, परंतु किसी कारणवश सफलता तक नहीं पहुंच पाए। उन बच्चों के लिए यह 30 दोनों का कोर्स सुनहरा मौका लाया है। यह कोर्स उन बच्चों के लिए भी कारगार साबित होने वाला है जो बच्चे इस वर्ष 12वीं पास आउट जैक ,सीबीएसई ,आईसीएसई बोर्ड से जेईई मेंस परीक्षा देने वाले हैं।

**कोर्स की खासियत**

**गारंटीड सफलता:** डेडीकेटेड एकेडमी आपको जेईई मेंस परीक्षा में सफलता की गारंटी देती है। बसरते आप सभी बच्चों को विनय सर के साथ 45 दिन दृढ़ निश्चय होकर समय देना होगा।

**30 दिनों का गहन प्रशिक्षण :** यह कोर्स आपको 45 दिनों का गहन प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दौरान आपको सभी महत्वपूर्ण विषयों और कॉन्सेप्ट्स को कवर किया जाएगा।

**विशेष शिक्षण पद्धति :** डेडीकेटेड एकेडमी जेईई मेंस के लिए खास तौर पर डिज़ाइन की गई शिक्षण पद्धति का इस्तेमाल करती है। इस पद्धति में आपको कॉन्सेप्ट्स को समझने और प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए ट्रेन किया जाता है।

**अनुभवी शिक्षक :** डेडीकेटेड एकेडमी में अनुभवी और योग्य शिक्षकों की एक टीम है। ये शिक्षक आपको जेईई मेंस की तैयारी में गाइड करेंगे और आपके सभी डाउट्स को क्लियर करेंगे।

**टेस्ट सीरीज और मॉक टेस्ट :** आपको रेगुलर टेस्ट सीरीज और मॉक टेस्ट देने का मौका मिलेगा। इससे आपको अपनी तैयारी का अंदाजा लगाने और इम्प्रूव करने में मदद मिलेगी।

**विनय सर का मार्गदर्शन :** आपको पलामू के आईआईटी गुरु विनय सर जैसे अनुभवी और जाने-माने शिक्षक का गाइडेंस मिलेगा।

कौन ज्वाइन कर सकता है?

यह कोर्स उन सभी छात्रों के लिए है जो 12वीं पास कर चुके हैं, चाहे वे जैक बोर्ड से हों या आईसीएसई ,सीबीएसई बोर्ड से, अगर आप जेईई मेंस परीक्षा में सफलता हासिल करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए एक सुनहरा मौका है।

**कैसे ज्वाइन करें :** सुदना स्थित डेडीकेटेड एकेडमी के ब्रांच में जाकर संपर्क करें। कोर्स में ज्वाइन करने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरें। डेडिकेटेड एकेडमी का यह कोर्स जेईई मेंस की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक बेहतरीन मौका है। यह कोर्स आपको कम समय में परीक्षा की तैयारी करने और सफलता हासिल करने में मदद कर सकता है।

## महाशिवरात्रि पर होगा धार्मिक अनुष्ठान

एजेंसी

**रायगढ़ :** सत्तीगुड़ी चौक स्थित भरत कूप शिव मंदिर में इस वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर 26 फरवरी को भव्य आयोजन किया जा रहा है। बुधवार सुबह से ही पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ होगा। मंदिर से भगवान शिव की भव्य शिव बारात भी निकाली जाएगी, जिसमें जीवंत झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होंगी।मंदिर के पुजारी पं. कमल शर्मा ने बताया कि, यह मंदिर सेठ किरोड़ीमल द्वारा नगर के मध्य स्थित सत्तीगुड़ी चौक पर बनवाया गया था। अपनी विशिष्टता और भव्यता के लिए प्रसिद्ध इस मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। यहां भैया भरत, मां दुर्गा, संकट मोचक हनुमानजी और शिव परिवार



की भव्य प्रतिमाएं विराजमान हैं। प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि और अन्य पर्वों पर विशेष आयोजन होते हैं।इस बार भी महाशिवरात्रि को 26 फरवरी, बुधवार को सुबह से पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी। इसके पश्चात बाजे-गाजे और झांकियों के साथ शिव बारात निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। इसके बाद विशेष पूजा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।भरत कूप का धार्मिक महत्व काफी प्राचीन है। मान्यता है कि यहां के जल में 27 कुंओं का जल मिश्रित है, जिसका उपयोग विशेष पूजन में किया जाता है।

## एमपी में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करूंगा : पंकज त्रिपाठी

एजेंसी

**भोपाल :** राजधानी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतिम दिन मंगलवार को फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी भी पहुंचे। उन्होंने टूरिज्म सेक्टर पर केंद्रित सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें एम से प्यार है और वे यहां इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करेंगे। इस सत्र में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी भाग लिया।अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने कहा कि मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग ने 2007 में एक डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। इसमें दिखाया था कि एक महिला एमपी घूमने आती है। मैं गाइड बनकर उसे भीमबेटका, सांची,



भोजपुर, ग्वालियर घुमाता हूं। उस वक्त मैंने एमपी की खूबसूरती देखी। मुझे तभी एमपी से प्यार हो गया था। उन्होंने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि पैदा हुआ बिहार में, कर्मभूमि मुंबई है और एमपी से जुड़ाव है।त्रिपाठी ने कहा कि भारत के हृदय में आएं और इस राज्य की खूबसूरती को महसूस करें, यहां के लोग, यहां का माहौल और यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर हर किसी को आकर्षित करता है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया और कहा कि आपने पर्यटन और सिनेमा को अभूतपूर्व प्रोत्साहन दिया।

## गर्मी की छुट्टियों में सैर-सपाटे पर रहेगा केरल पर्यटन का खास फोकस

एजेंसी

**जयपुर:** केरल को रोमांचक पर्यटन स्थल के रूप में आगे बढ़ाने के प्रयास में राज्य जल्द ही अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग, पैराग्लाइडिंग और माउंटेन साइक्लिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल 27 और 28 फरवरी को तिरुवनंतपुरम जिले के वर्कला में होगा। जबकि अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल 19 से 23 मार्च तक इडुक्की के वागामोन में आयोजित किया जाएगा। माउंटेन टेरेन बाइकिंग चैंपियनशिप का आयोजन 28 से 30 मार्च को वायनाड के मनंथवाड़ी में किया जाएगा। यात्रा प्रेमियों के लिए केरल विशेष रूप से आकर्षक है क्योंकि यहाँ हाउसबोट, कारवां स्टे, वृक्षारोपण भ्रमण, जंगल रिसॉर्ट्स, पारंपरिक होमस्टे, आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य सेवाएँ, साहसिक



गतिविधियों और प्राकृतिक सैर-सपाटे जैसी विविध सुविधाएँ उपलब्ध हैं। केरल के पर्यटन सचिव बिजू के. ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हेलीकॉप्टर पर्यटन और सी-प्लेन जैसी नई सुविधाएँ जोड़ी जा रही हैं। जिससे राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों को आपस में बेहतर तरीके से जोड़ा जा सकेगा और उन्हें आसानी से पहुँचा जा सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि इन नई पहलों के साथ-साथ राज्य की प्रमुख आकर्षणों, जैसे समुद्र तटों, हिल स्टेशनों, हाउसबोट और बैकवाटर पर्यटन को भी और बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि पर्यटकों को संपूर्ण और यादगार अनुभव मिल सके।केरल सरकार में पर्यटन विभाग की निदेशक शिखा सुरेन्द्रन ने कहा कि केरल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। यह न केवल खूबसूरत पर्यटन स्थल प्रदान करता है, बल्कि यहाँ का सांस्कृतिक माहौल और साहित्यिक आयोजन भी पर्यटकों को खासा आकर्षित करते हैं। हाल ही में राजधानी में कनकक्कुन्नु पैलेस में निशागंधी डांस फेस्टिवल आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से मशहूर कलाकारों ने मोहिनीअट्टम, कथक, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और मणिपुरी जैसे शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति दी।

## मोहम्मद सलीम दूसरी बार बने माकपा के पश्चिम बंगाल राज्य सचिव

**कोलकाता :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के राज्य सचिव पद पर मोहम्मद सलीम को दूसरी बार निर्विरोध चुना गया है। पार्टी के एक नेता ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।यह चुनाव हुगली जिले के डानकुनी में चल रहे माकपा के 27वें राज्य सम्मेलन में हुआ, जहां 80 सदस्यीय राज्य समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समिति में 14 महिलाएं शामिल हैं।राज्य समिति में इस बार 11 नए चेहरे भी शामिल किए गए हैं। सम्मेलन चार दिनों तक चलेगा और गुरुवार को संपन्न होगा।मोहम्मद सलीम ने सोमवार को कहा था कि इस सम्मेलन में राज्य की मौजूदा राजनीतिक चुनौतियों, जनसमस्याओं, बेरोजगारी और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जा रही है।

## समर्थन मूल्य पर एक मार्च से शुरू होगी चना की खरीद

एजेंसी

**धमतरी :** इस साल धान के बाद चना फसल की समर्थन मूल्य पर खरीद होने जा रही है। चना की खरीद एक मार्च से शुरू होगी। चना की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू होने में गिनती के दिन शेष हैं। ऐसे में पंजीयन कराने किसान सहकारी समिति पहुंच रहे हैं। कई समितियों में पंजीयन के लिए किसानों की भीड़ लग रही है।

इस साल राज्य शासन ने चना, सरसों और मसूर को समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। चना के लिए समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर के लिए 6700 और सरसों के लिए 5950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। समितियों से फार्म लाना, फार्म भरना और पटवारी से दस्तखत लेना, पंजीयन के लिए फार्म जमा करना। इस प्रक्रिया में ही समय लग रहा था,



जिसके चलते बड़ी संख्या में किसान पंजीयन नहीं करा पाए हैं। अब पंजीयन के अंतिम चरण में किसान सब कार्य को छोड़कर पंजीयन करवाने में ध्यान दे रहे हैं। वहीं पटवारी सहित समितियों के कर्मचारी भी पंजीयन निबटाने में लगे हैं। कई गांवों में पटवारी बैठकर किसानों के फार्म दस्तखत कर रहे हैं। पंजीयन के लिए अधिकृत रूप से कोई तिथि की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन एक मार्च से खरीदी शुरू हो रही है।

इस हिसाब से माना जा रहा है कि 28 मार्च तक किसानों का पंजीयन किया जाएगा। ऐसे में किसानों के पास पंजीयन के लिए काफी कम वक्त शेष है।

## यमुनानगर में अवैध खनन रोकने को 16 जगहों पर नाकाबंदी



एजेंसी

**यमुनानगर :** यमुनानगर में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिले में 16 जगह नाके लगाए गए हैं और इन नाकों पर पांच अलग-अलग विभागों के कर्मचारी 24 घंटे तैनात है। नाके पर गुजरने वाली हर गाड़ी के ई-रवाना बिल की जांच हो रही है, ताकि अवैध खनन किसी भी सूरत में ना हो। लेकिन दिन हो या रात जेसीबी के पीले पंजे से यमुना नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। अगर अधिकारी अपने कमरे से बाहर निकलता है तो यह रेकी ग्रुप हर विभाग के अधिकारी की पल-पल की अपडेट व्हाट्सएप ग्रुप में डालता है। अवैध खनन के इस खेल को बदस्तूर जारी रखा जा सके। मंगलवार को हरियाणा एंटी करप्शन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष वरयाम सिंह ने बताया कि जिले में अवैध खनन अधिकारी रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास अवैध खनन के पुख्ता प्रमाण है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नाके पर तैनात कर्मचारी कहते हैं कि हमें कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। जबकि जिले में व्हाट्सएप रेकी ग्रुप इतने सक्रिय है कि वह पल-पल की अपडेट ग्रुप में डालते है। यमुनानगर के जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता का कहना है कि हमने अवैध खनन को रोकने के लिए जिले में 16 जगह नाके लगाए हैं। हम खनन क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए भी जल्द एक बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। इसके लिए एक टीम जल्द तैयार की जाएगी ताकि अवैध खनन को रोका जा सके।

## समतामूलक समाज का संदेश है शबरी घर राम को बेर खाना : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** माता शबरी जयंती सह भुईयां परिवार मिलन समारोह में वरिष्ठ झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अविनाश देव ने पुष्पांजलि अर्पित एवं मां शबरी को नमन कर, रेड रिबन काट कर मंच को उद्घाटन किया। भुईयां समाज के अध्यक्ष व पूर्व मुखिया सुनील भुईयां ने अंगवस्त्र एवं फूलमाला देकर स्वागत किया। भुईयां समाज के हजारों भाइयों बहनों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि माता शबरी अपने त्याग, तप और संघर्ष के बल पर भगवान राम को अपने घर में बुलाई और विशुद्ध मन नेक इरादे से खर्ची के तंगी में बेर चीख चीख कर खिलाई और राम मुस्कुरा कर खाए। लेकिन आज भी दलितों के साथ भेदभाव, छुआछूत और हत्या बदस्तूर जारी है। अविनाश देव ने कहा कि सवाल उठता है, राम के आने से माता शबरी के जीवन में




क्या कोई बदलाव आया ? या लोगों के लिए पूजनीय बन कर रह गई? तब बात त्रेता की थी। पिता के एक बात पर विरासत को छोड़ सहर्ष जंगल चले गए। वहां अपने लिए कुछ नहीं किया। बल्कि खोई रियासत को युद्ध लड़ कर उन्हीं को पुनर्वापसी किया। उन्होंने कहा कि आज के शबरी की जीवन स्थिति वही है। वर्तमान दौर में राम कौन हैं, जो इनकी स्थिति को बदलेगा? पलामू संसदीय क्षेत्र में लगभग छः लाख भुइयां समाज के लोग बस्ते हैं। मगह में धान काटने से लेकर ईंट भट्ठों पर काम करने तक,कारखाना में काम करने से लेकर घरों खाना बनाने तक पलायन के लिए मजबूर है। सांसद विधायक मंत्री भी हुए न शिक्षा मिली न स्वास्थ्य सुधरा। आज के दौर में सिर्फ पूजा से इस समाज का उत्थान होने वाला नहीं है। मैं तीखे स्वर में अगाह करना चाहता हूं कि पलामू प्रमंडल में शिक्षा का द्वार खोलिए और समाज को समृद्ध कीजिए। दस कदम आप चलिए नब्बे कदम हम चलेंगे। समाज के अगुआ साथी से आग्रह होगा पूजा बाद मेरे साथ बैठें और समाज को शिक्षित करने की योजना पर काम करें। कष्ट पहुंचता है कि आंबेडकर छात्रावास में एक भी भुइयां समाज का विद्यार्थी नहीं रहता है। आप योजनाबद्ध तरीके से खुद का छात्रावास निर्माण करें खुद राम बने और बेटियों के शिक्षित कर माता शबरी के विचारों सपनो को साकार करें। यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शबरी माता पूजा समिति के सभी सदस्यों को आभार जो हमें बतौर मुख्य अतिथि बुलाए। हम खुले मंच से भरोसा देते हैं कि इस समाज के उत्थान में आपके कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस समाज में जन्मे तुलसी बीर,दशरथ मांझी सहित सभी महापुरुषों को मेरा सादर नमन। जोहार। अविनाश देव ने मनोज जी,चंदन जी,महेंद्र जी,सुनील जी,पारसनाथ जी,राजू जी,सिकंदर जी,मंटू जी,ललित भुइयां,रविन्द्र भुइयां,सुरेंद्र भुइयां,बबलू भुइयां, मनोज भुइयां,योगेंद्र जी,सुनीता देवी, बिंदिया देवी,कौशल्या देवी सहित सभी सदस्यों को सराहनीय कदम के लिए दिल से शुक्रिया अदा किया। जिन्होंने समाज के उत्थान में दिन रात लगे हैं।